HAPPY YEAR 2025

# रोजनामा इन्डो गल्फ

Happy 2025 NEW YEAR


www.Newsindogulf.com/Email:-Newsindogulf730@gmail.com

सच्चाई में है दम, सच लिखते हैं हम

पटना,बुधलवार | 01 जनवरी 2025 | वर्ष : 03 अंक : 01 | पृष्ठ -12 | PRGI NO - BIHHIN/2023/86924 | मूल्य - ₹ 3 | पटना संस्करण

ब्रीफ न्यूज

## पिछली गलतियों को भूलना होगा, मणिपुर हिंसा पर सीएम बीरेन सिंह ने मांगी माफी



एजेंसी

**मणिपुर:** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने मई 2023 से हो रही जातीय हिंसा के लिए मंगलवार को राज्य के लोगों से माफी मांगी और सभी वर्गों से अतीत को माफ करने और भूलने की अपील की। इम्फाल में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, हिंसा से निपटने को लेकर विपक्ष के निशाने पर आए सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि मणिपुर में शांति बहाल की जा रही है। ये पूरा साल बहुत दुर्भाग्यपूर्ण रहा. मैं राज्य के लोगों से माफी मांगना चाहता हूं कि पिछले 3 मई से आज जो कुछ भी हो रहा है, उसके लिए बहुत से लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है। कई लोगों ने अपना घर छोड़ दिया। मैं माफी माँगता हूँ। लेकिन अब, मुझे उम्मीद है, पिछले तीन से चार महीनों में शांति की दिशा में प्रगति देखने के बाद, 2025 में राज्य में सामान्य स्थिति बहाल हो जाएगी। कोटा और आर्थिक लाभ को लेकर बहुसंख्यक मैतेई और कुकी के बीच 3 मई, 2023 से मणिपुर छिटपुट हिंसा से हिल गया है।

## 3 दिन में डल्लेवाल को हॉस्पिटल में भर्ती कराएं वरना...

# पंजाब सरकार को सुप्रीम कोर्ट का आदेश

**किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की सेहत पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार को डल्लेवाल को अस्पताल में भर्ती करने के लिए 3 दिन का समय दिया है।**

एजेंसी

**नई दिल्ली:** किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की सेहत पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार को डल्लेवाल को अस्पताल में भर्ती करने के लिए 3 दिन का समय दिया है ।खनौरी बॉर्डर पर 36 दिन से भूख हड़ताल पर बैठे जगजीत सिंह डल्लेवाल की बिगड़ती सेहत को लेकर आज यानी 31 दिसंबर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने किसान नेता जगजीत डल्लेवाल को अस्पताल में भर्ती करने के लिए पंजाब सरकार को 3 दिन का वक्त दिया है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 28 दिसंबर को सुनवाई की थी। उस वक्त पंजाब सरकार को सुप्रीम कोर्ट ने 31 दिसंबर तक का वक्त दिया था। अब इस मामले में सुप्रीम कोर्ट अगली सुनवाई 2 जनवरी को करेगा।आज मंगलवार को जगजीत सिंह डल्लेवाल





की बिगड़ती सेहत पर जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस सुधांशु धूलिया की बैंच ने सुनवाई की है। सुनवाई के दौरान पंजाब के अऋगुरमिंदर सिंह ने कहा कि सोमवार यानी 30 दिसंबर को किसान आंदोलन की वजह से पंजाब बंद था। दूसरी दलील यह दी गई थी कि, अगर यूनियन हस्तक्षेप करेगी तो किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल बातचीत करने के लिए तैयार हैं। सुनवाई के दौरान पंजाब के चीफ सेक्रेटरी और ऊऋद्ध ने डल्लेवाल को अस्पताल में भर्ती करने के लिए सुप्रीम कोर्ट से तीन दिन का समय मांगा है। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार के समय मांगने के आवेदन को मंजूर कर लिया है ।पिछली सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे किसान नेताओं पर नाराजगी जताई थी, जो डल्लेवाल को अस्पताल में भर्ती नहीं होने दे रहे थे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि 'एक बीमार व्यक्ति (जगजीत सिंह डल्लेवाल) को इलाज के लिए अस्पताल ले जाने से रोकना आपराधिक मामला है।' सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि डल्लेवाल को मनाया जाए, पंजाब पुलिस ने काफी कोशिश की, इसके बावजूद भी डल्लेवाल नहीं माने। 29 और 30 दिसंबर को रिटायर्ड अऊऋद्ध जसकरण सिंह और पटियाला पुलिस के सीनियर अफसर ने भी डल्लेवाल से बातचीत की लेकिन वह राजी नहीं हुए।

## बीपीएससी आंदोलन का असर दिल्ली भी पहुंचा, खठव में छात्रों का फूटा गुस्सा,



एजेंसी

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित कराई गई परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने का मामला थमता नजर नहीं आ रहा है। बिहार के बाद इस मामले की आंच अब दिल्ली तक पहुंच गई है। बीपीएससी अभ्यर्थियों के समर्थन में अब जेएनयू के छात्र आए है। पटना में छात्रों के साथ हुए दुर्व्यवहार के बाद अब जेएनयू के छात्रों ने जंतर मंतर पर प्रदर्शन किया है। छात्रों ने जंतर मंतर पर जेडीयू ऑफिस का घेराव किया। छात्र बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ नारेबाजी करते दिखे। गौरतलब है कि जेएनयू के छात्रों ने बीपीएससी 70वीं प्रारंभिक परीक्षा में कथित गड़बड़ियों और आंदोलन पर सीएम की चुप्पी का विरोध किया है। जेडीयू कार्यालय के बाहर छात्रों ने जमकर नारेबाजी की है। छात्रों ने सीएम के इस्तीफे की मांग की है। छात्रों ने कहा कि पेपर लेकर होने के संबंध में सख्त कानून बन चाहिए मगर सरकार प्रदर्शनकारी छात्रों पर ही भीषण ठंड में वाटर कैनन से पानी की बौछार करवा रही है।

**जेएनयू के छात्रों ने बीपीएससी 70वीं प्रारंभिक परीक्षा में कथित गड़बड़ियों और आंदोलन पर सीएम की चुप्पी का विरोध किया है। जेडीयू कार्यालय के बाहर छात्रों ने जमकर नारेबाजी की है। छात्रों ने सीएम के इस्तीफे की मांग की है।**

## सीएम आतिशी ने ग्रंथियों का किया रजिस्ट्रेशन, गुरुद्वारा साहिब में प्रार्थना भी की



एजेंसी

**नई दिल्ली:** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने मंगलवार को 'पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना' योजना के तहत ग्रंथियों का पंजीकरण करने के लिए करोल बाग इलाके में संत सुजान सिंह महाराज गुरुद्वारा का दौरा किया। उन्होंने गुरुद्वारे के ग्रंथियों को अपनी पार्टी द्वारा घोषित योजना के लिए पंजीकृत करवाया, जिसके तहत पुजारियों और ग्रंथियों को मासिक मानदेय दिया जाएगा। उनकी यात्रा उनकी पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल द्वारा दिल्ली के एक मंदिर में योजना शुरू करने के कुछ घंटों बाद हो रही है। दिल्ली की सीएम आतिशी ने कहा मुझे खुशी है कि अरविंद केजरीवाल द्वारा शुरू की गई 'पुजारी ग्रंथी सम्मान' योजना के लिए पंजीकरण आज से शुरू हो गया है। ग्रंथी (गुरुद्वारा पुजारी) ने कहा कि महाराजा रणजीत सिंह की सरकार के बाद संभवतः यह पहली सरकार है जो ग्रंथियों के लिए चिंतित है... दिल्ली में जब अरविंद केजरीवाल सरकार बनेगी तो हर मंदिर और गुरुद्वारा के पुजारी को इस योजना के तहत 18,000 रुपये मिलेंगे।

## स्पैडेक्स परीक्षण भारत के अपने अंतरिक्ष स्टेशन, आगे के मिशन में मददगार होगा: जितेंद्र सिंह

एजेंसी

**नयी दिल्ली ।** भारत नए साल में अपने दो उपग्रहों के डॉकिंग परीक्षण में कामयाबी की उम्मीद कर रहा है।इसके साथ ही, अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के साथ तालमेल में सबसे महंगे पृथ्वी अवलोकन अंतरिक्ष यान को प्रक्षेपित करने को लेकर भी देश आशान्वित है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का पहला उपग्रह डॉकिंग प्रयोग (स्पेडैक्स) सात जनवरी को होने वाला है, जिससे भारत के इस जटिल तकनीक में महारत हासिल करने वाले चुनिंदा देशों के समूह में शामिल होने की संभावना है ।विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने यहां संवाददाताओं को बताया, ह्यह्ययह पहला मिशन छोटे उपग्रहों



वाला है। हम इसे भारी उपग्रहों के साथ आगे बढ़ाएंगे और यह डॉकिंग (उपग्रहों के जुड़ने की) प्रौद्योगिकी हमें भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन और उसके बाद के मिशन की स्थापना में मदद करेगी। सिंह ने कहा, ह्यह्यइसरो का स्पैडेक्स मिशन अंतरिक्ष अन्वेषण में एक नए युग की शुरूआत है, जो भारत की तकनीकी क्षमता और महत्वाकांक्षा को दशार्ता है। ह्यडॉकिंगह्न क्षमता भविष्य के मिशनों को अंतरिक्ष में पेलोड के स्थानांतरण के माध्यम से अकल्पनीय परिणाम प्राप्त करने में सक्षम बनाएगी, जो एक तरह का चमत्कार होगा और विकसित भारत का प्रमाण होगा ।उन्होंने कहा कि नए साल में इसरो मार्च तक नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार (निसार) उपग्रह प्रक्षेपित कर सकता है, जिसे अपनी तरह का सबसे महंगा उपग्रह बताया जा रहा है। नए साल में श्रीहरिकोटा से 100वां प्रक्षेपण होगा,।

## हम सभी से एकजूट होने का आह्वान करते हैं...केरल को 'मिनी पाकिस्तान' बताने पर अब सीएम पिनराई विजयन का आया जवाब

एजेंसी

**केरल:** केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने महाराष्ट्र के मत्स्य पालन मंत्री नितेश राणे के केरल को मिनी पाकिस्तान कहने वाले बयान की निंदा करते हुए इसे भड़काऊ और निंदनीय बताया। उन्होंने राणे पर संघ परिवार के विभाजनकारी एजेंडे को दोहराने का आरोप लगाया और कहा कि इस तरह की बयानबाजी का उद्देश्य उनके प्रभाव का विरोध करने के लिए केरल को अलग-थलग करना है। विजयन ने कहा कि टिप्पणी ने संविधान का उल्लंघन किया है और राणे के इस्तीफे की मांग की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह



आश्चर्यजनक है कि सत्तारूढ़ दल के नेतृत्व ने शपथ के इस गंभीर उल्लंघन पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर भी इस टिप्पणी की निंदा करते हुए इसे बेहद दुर्भावनापूर्ण और पूरी तरह से निंदनीय बताया और धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक ताकतों से घृणा अभियानों के खिलाफ एकजुट होने का आग्रह किया। महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे ने केरल को मिनी पाकिस्तान कहकर विवाद खड़ा कर दिया और आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा राज्य से सांसद चुने गए क्योंकि आतंकवादियों ने उन्हें वोट दिया। राणे ने दावा किया कि वे आतंकवादियों को साथ लेकर सांसद बने हैं। यह सच्चाई है। तीखी आलोचना का सामना करते हुए, राणे ने बाद में अपनी टिप्पणी पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि वह केरल और पाकिस्तान की स्थिति के बीच तुलना कर रहे थे। उन्होंने बताया कि जिस तरह से पाकिस्तान में हिंदुओं के साथ व्यवहार किया जाता है

## मॉब लिंचिंग: मुरादाबाद में गोहत्या कर रहे युवक को भीड़ ने पकड़ा, लाठी-डंडों से पीट-पीटकर मार डाला

एजेंसी

**उत्तर प्रदेश :** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में मॉब लिंचिंग की सनसनीखेज घटना हो गई। गोकशी (उङ्गद्द र"ॅ४ॅ३ी१) कर रहे युवक को भीड़ ने रंगे हाथ पकड़ा लिया। भीड़ ने युवक को लाठी-डंडे और लात-घूसों से पीट-पीटकर लहूलुहान कर दिया। सूचना पर पुलिस पहुंची। बेसुध युवक को अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान सोमवार (30 दिसंबर) की रात युवक की मौत हो गई। पुलिस ने रात में ही युवक का पोस्टमॉर्टम कराया। मंगलवार (31 दिसंबर) को



कड़ी सुरक्षा के बीच शव को दफन कर दिया गया। घटना मझोला थाना क्षेत्र की मंडी समिति में हुई है। इलाके में तनाव बढ़ने के बाद भारी पुलिस बल तैनात है। गोकशी को देखकर बेकाबू हो गई भीड़ मझोला थाना क्षेत्र के मंडी समिति परिसर में सोमवार तड़के 3 बजे कुछ लोग गोकशी कर रहे थे। गोहत्या करने की सूचना मिलते पर आसपास के लोग मंडी परिसर पहुंचे। भनक लगते ही भीड़ इकट् ?ठा हो गई। भीड़ को देखते ही 4 में से 3 लोग भाग गए। असालतपुरा निवासी शाहेदीन को भीड़ ने दबोच लिया। गोकशी को देखकर भीड़ बेकाबू हो गई। भीड़ ने शाहेदीन को लाठी-डंडे और लात-घूसों से जमकर पीटा। युवक हाथ जोड़कर छोड़ देने की गुहार लगाता रहा लेकिन भीड़ ने उसकी एक नहीं सुनी।

## केरल की नर्स को यमन में मौत की सजा: राष्ट्रपति की फांसी पर मुहर, क्या बच पाएगी निमिषा प्रिया की जान?





एजेंसी

**नई दिल्ली:** यमन में मुश्किलों में घिरी केरल की नर्स निमिषा प्रिया की मदद के लिए भारत सरकार आगे आई है। भारत सरकार ने कहा है कि वह निमिषा प्रिया की हर संभव मदद करेगी। निमिषा प्रिया 2017 से ही यमन की जेल में बंद है। साल 2018 में यमनी नागरिक तलाल अब्दो महदी की हत्या के मामले में यमन के सुप्रीम कोर्ट ने निमिषा प्रिया को मौत की सजा सुनाई थी। इसके बाद से ही निमिषा प्रिया का परिवार उसकी रिहाई के लिए संघर्ष कर रहा है। अब यमन के राष्ट्रपति ने भी निमिषा प्रिया की फांसी पर मुहर लगा दी है। ऐसे में अब निमिषा के पास एक महीने से भी कम समय बचा है। आइए, जानते हैं कि भारत सरकार ने क्या कहा है और निमिषा प्रिया के पास बचने के क्या विकल्प हैं ।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत सरकार को निमिषा प्रिया को यमन में मौत की सजा सुनाए जाने की जानकारी है। जायसवाल ने कहा कि ह्रहम समझते हैं कि प्रिया का परिवार उसे बचाने की विकल्प तलाश रहा है। सरकार इस मामले में हरसंभव मदद कर रही है।" बता दें कि निमिषा की मां, प्रेमा कुमारी, इस साल की शुरूआत में यमन की राजधानी सना पहुंचीं थी। निमिषा की मां महदी के परिवार से बातचीत करके उनकी बेटी की सजा माफ कराने की कोशिश कर रही हैं। हालांकि, बातचीत सफल नहीं हो सकी।

## चंद्रबाबू नायडू देश के सबसे अमीर सीएम,

### ममता बनर्जी की संपत्ति सबसे कम, जानें योगी-नीतीश का हाल

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारत के 31 मुख्यमंत्रियों के बीच वित्तीय विभाजन चौंकाने वाला है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की नवीनतम रिपोर्ट में सामने आया है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू को 931 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ सबसे अमीर नामित किया गया है, जबकि पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी स्पेक्ट्रम के दूसरे छोर पर हैं, जिनकी संपत्ति का मूल्य मात्र 15 लाख रुपये है। सभी मुख्यमंत्रियों की कुल संपत्ति संयुक्त रूप से 1,630 करोड़ रुपये है, जिसमें प्रति नेता औसतन 52.59 करोड़ रुपये है ।एडीआर के निष्कर्ष सोमवार को जारी किए गए, जो भारत के राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के नेताओं की वित्तीय स्थिति पर प्रकाश





डालते हैं। जहां नायडू इस सूची में सबसे आगे हैं, वहीं अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू 332 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति के साथ दूसरे सबसे अमीर हैं। कर्नाटक के सिद्धारमैया 51 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति के साथ शीर्ष तीन में हैं। संपत्ति के अलावा, रिपोर्ट में मुख्यमंत्रियों की देनदारियों का भी जिक्र किया गया है। पेमा खांडू पर सबसे ज्यादा 180 करोड़ रुपये की देनदारी है। सिद्धारमैया की देनदारी 23 करोड़ रुपये बताई गई है, जबकि नायडू की देनदारी 10 करोड़ रुपये से अधिक है। इससे पता चलता है कि कुछ सबसे धनी नेताओं पर भी काफी कर्ज है, जिससे उनकी समग्र वित्तीय स्थिति प्रभावित हो रही है। दूसरी ओर, पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सबसे गरीब हैं, उनकी संपत्ति का मूल्य सिर्फ 15 लाख रुपये है। जम्मू-कश्मीर के उमर अब्दुल्ला दूसरे सबसे गरीब सीएम हैं, उनकी संपत्ति का मूल्य केवल 55 लाख रुपये है। केरल के पिनाराई विजयन सबसे गरीबों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं, उनकी संपत्ति सिर्फ 1.18 करोड़ रुपये है।

## दारुल अदब लाइब्रेरी में study सेंटर का हुआ उद्घाटन

# अगर आपके पास शिक्षा नहीं है तो आप जानवर हैं। डॉक्टर जमशेद कैसर



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**साहिल अंसारी**

एक समय खाना नहीं खाए पर मुसलमान अपने बच्चे को जरूर पढ़ाए। क्योंकि आप पढ़े लिखे हैं तो भीड़ में भी आपकी पूछ होगा। अगर आपके पास इल्म (शिक्षा) नहीं है तो आप जानवर के बराबर हैं। इस लिए अपने बच्चे को इल्म (शिक्षा) जरूर दे। ये बात रविवार को नगर परिषद बरौनी दारुल अदब लाइब्रेरी के गुलाम सरवर हाल में शुरू स्टडी सेंटर के उद्घाटन के दौरान बेगूसराय के मशहूर डॉक्टर जमशेद कैंसर साहब ने अपने संबोधित में कहा। दर असल नगर परिषद बरौनी क्षेत्र स्थित मदरसा जामिया इस्लामिया बरौनी के प्रांगण में स्थित दारुल अदब लाइब्रेरी के गुलाब सरवर हाल में स्पेशल स्टडी सेंटर का उद्घाटन एफरेलवे के अ ऊष्ट जफर आलम, बेगूसराय के मशहूर डॉक्टर जमशेद कैसर , सहित कोई गणमान्य व्यक्ति ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। जिसकी अध्यक्ष मास्टर अख्तर साहब ने किया वही मंच संचालन मौलाना फैज ने किया। आए हुए अतिथियों को दारुल अदब लाइब्रेरी के सचिव अशरफ कमाल ने अंग वस्त्र माला पहनकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपस्थित, जमा मस्जिद बरौनी के इमाम कयामुद्दीन कासमी, मेराज अख्तर दाना, मास्टर मोबिन अख्तर, बरौनी नगर परिषद के उप चेयर मेन प्रत्याशी व लाइब्रेडरी सदर मोहतरम मो अनवर हैरान ,जन सुराज के नेता मो रिजवान उस्मानी एवं मो अब्बास सहित भारी संख्या में क्षेत्र के बुद्धिजीवी, समाजसेवी उपस्थित थे।

# मक्का में अहल बिहार की बैठक आयोजित

## स्वास्थ्य शिक्षा और समय की कीमत की दिया गया जोर



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**साहिल अंसारी**

तेघड़ा रियाद मसूद आजम खान के नेतृत्व में बिहार और अन्य राज्यों से गए लोगों की बैठक का सिलसिला मक्का उल मुकरमा स्थित क्लॉक टावर में आयोजित की गई। बिहार से गए गणमान्य व्यक्तियों के सम्मान समारोह में एक सभा आयोजित की गई। जिसमें मक्का और जेद्दा में रहने वाले बिहारियों के अलावा प्रतिष्ठित भारतीय गणमान्य नागरिक के अलावा उमरा मेहमान शामिल हुए। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध शिक्षक नेता एवं बिहार राज्य के श्री डॉक्टर फैयाज शामिल हुए। इस बैठक में देश और राज्य के कई मुद्दों पर चर्चा किया गया विशेष रूप से समाज में बढ़ रहे सबसे बड़ी समस्या दहेज के संकट को कैसे दूर करें और बच्चों की उच्च शिक्षा स्वास्थ्य के साथ साथ बुनियादी धार्मिक शिक्षा की ओर आकर्षित कैसे हो इस तरह बात किया गया। वही सैयद इजाज उल हक एम पी साहब ने कहा कि हर इंसान को शिक्षा लेना चाहिए। क्योंकि शिक्षा के बिना इंसान एक जानवर के बराबर हैं।बैठक की जानकारी तेघड़ा के सुप्रसिद्ध डेन्टल डॉक्टर गोहर शायान ने दिया। वही डॉक्टर गोहर शायान ने कहा कि मक्का जैसे पाक सरजमी पर हम लोग अपने देश की तरक्की के लिए दुआ किया। यहां सभी लोगों हिन्दू मुस्लिम एक साथ आपसी भाईचारे के साथ रहे अल्लाह से यही दुआ किया। समाज में विकाश कैसे हो इस पर चर्चा करते हुए। सैयद इजाज उल हक, डॉक्टर गोहर शायान, इंजीनियर शैस मंजूम मोहम्मद सलीम, सरफराज, प्रोफेसर मुहम्मद इफ्तिखार ने अपनी अपनी बाते रखी। समारोह में सेवानिवृत्त डीआईजी अब्दुल्ला समेत कई स्थानीय लोग शामिल हुए।

# डीएम रिची पांडेय ने जिला निबंधन कार्यालय का किया निरीक्षण



**मो. सदरे आलम नौमानी**

सीतामढ़ीः डीएम रिची पांडेय के ने जिला निबंधन कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने जिला निबंधन कार्यालय में कार्य कर रहे कर्मियों से उनके कार्यों की समीक्षा की एवं संबंधित पंजी की जांच की। जिलाधिकारी के द्वारा आगत पंजी,निर्गत पंजी,रोकड़ पंजी, आकस्मिक अवकाश पंजी एवं अन्य पंजी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में बायोमेट्रिक उपस्थिति की भी समीक्षा की गई साथ ही वित्तीय वर्ष वार निबंधन कार्यालय को प्राप्त राजस्व की समीक्षा की गई। निर्देश दिया गया कि निर्धारित वार्षिक लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धि को और बेहतर बनाना सुनिश्चित किया जाए ताकि सरकार को अधिक से अधिक राजस्व प्राप्त हो सके ।वार्षिक लक्ष्य, स्टांप शुल्क,निबंधन शुल्क, सतत लीज इत्यादि की समीक्षा की गई। अनुज्ञप्ति धारी स्टांप भेंडरो की संख्या की जानकारी प्राप्त की गई ।उन्होंने पब्लिक के लिए ऑनलाइन सुविधा एवं अन्य सुविधाओं को सही ढंग से चलाने हेतु निर्देशित किया। जिला पदाधिकारी के द्वारा निबंधन कार्यालय स्थित प्रतीक्षालय में उपलब्ध कराई गई जा रही समुचित व्यवस्था के साथ-साथ साफ-सफाई का भी निरीक्षण किया। गया। निबंधन कार्यालय स्थित रिकॉर्ड रूम का भी निरीक्षण किया एवं चल रहे स्क्रीनिंग एवं क्रॉपिंग प्रक्रिया की भी जांच की गई। परिसर में निमार्णाधीन नए भवन का भी मुआयना किया गया। भवन निर्माण से संबंधित विभिन्न सामग्रियों की गुणवत्ता को भी देखा गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने अवर निबंधक को हिदायत देते हुए कहा कि आम पब्लिक के सुविधाओं का ख्याल रखा जाए। किसी भी तरह की गड़बड़ी पर विधि समस्त कठोर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर अवर निबंधक उपस्थित थे।

## शिक्षा विभाग खेलेगा बिहार तो खिलेगा बिहार मिशन को कामयाब बनाने और आपार आडी पर विशेष ध्यान दे प्रधानाध्यापक : बीपीएम

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद आरीफ**

सिवान दुरौंधा 31 दिसम्बर मंगलवार। दुरौंधा प्रखण्ड सभागार में प्रखण्ड परियोजना प्रबंधक सुभेंदु कुमार सुरज के नेतृत्व में प्रखण्ड के सभी सरकारी विद्यालयों के प्रधानाध्यापको की गुरु गोष्टी कर मशाल प्रतियोगिता 2024 को निर्धारित अवधि के बीच, एथलेटिक्स, साइकलिंग, कबड्ड़ी, फुटबॉल, बॉलीबॉल खेलो का विद्यालयों में आयोजित अपने अपने विद्यालयों में करके चयनित छात्रों को संकूल, प्रखण्ड, जिला, और राज्य स्तर पर सम्मानित और इसका परिणाम बताए जो राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों के प्रतिभावान खिलाड़ियों को खोजने और उनके प्रतिभा को घोषित करने हेतु ये खेल मंच का आयोजन शिक्षा विभाग राज्य खेल प्राधिकरण के तत्वाधान में किया जा रहा है। जिसे सत प्रतिसत सभी सरकारी विद्यालयों में करना है। वही छात्रों के आपार आईडी कार्ड



बनाने की समीक्षा की गई जो अभी प्रखण्ड में कुछ ऐसे विधालय जो अब तक कार्ड बनाने का शुरूआत भी नहीं किए है जो खेद का विषय है। इस मौके पर, लेखपाल संजय गुप्ता, बीआरपी, अमरेश सिंह, अंकित कुमार सिंह, युवराज कुमार, आदेशपाल राजेश कुमार और शिक्षक, रविन्द्र कुमार, जितेन्द्र सिंह, कमलेश कुमार सिंह, दूधनाथ साह, इमामुद्दीन मियां, रमेश यादव, सरबजीत राम इत्यादि मौजूद थे ।






HAPPY YEAR 2025

# रोजनामा इन्डो गल्फ

Happy 2025 NEW YEAR


www.Newsindogulf.com/Email:-Newsindogulf730@gmail.com

सच्चाई में है दम, सच लिखते हैं हम

पटना,बुधवार | 01 जनवरी 2025 | वर्ष : 03 | अंक :01 | पृष्ठ -12 | PRGI NO - BIHHIN/2023/86924 | मूल्य - ₹ 3 | पटना संस्करण













# द एसोसिएशन ऑफ नेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन्सरु की आम सभा एवं चुनाव संपन्न

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

साहिबाबाद (गाज़ियाबाद), 29 दिसंबर 2024"द एसोसिएशन ऑफ नेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन्स" की आम सभा एवं चुनाव का आयोजन आज साहिबाबाद, गाज़ियाबाद में किया गया। इस अवसर पर संस्था के फाउंडर ट्रस्टी मास्टर बी. के. भारत, अन्य ट्रस्टियों एवं मेंबर्स संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सर्वसम्मति से संस्था की नई कार्यकारिणी का चयन 2024-27 के लिए किया गया।

नई कार्यकारिणीः

1. चेयरमैनः श्री शालवेंद्र गुप्ता (दिल्ली), एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, रामा ग्रुप
2. अध्यक्षः श्री उत्तम कुमार राजोरिया (दिल्ली), अध्यक्ष, इंडियन अरमस्पोर्ट फेडरेशन
3. उपाध्यक्षः श्री यजनेश शेट्टी (महाराष्ट्र), अध्यक्ष, चिताह जीतकुनेड़ो ग्लोबल स्पोर्ट्स फेडरेशन



4. महासचिवः श्री नीरज कुमार मेहरा (चंडीगढ़), अध्यक्ष, नेशनल काउंसिल स्पोर्ट्स साइंस एवं फिजिकल एजुकेशन
5. सहसचिवः श्रीमती सोनी भारत (उत्तर प्रदेश), अध्यक्ष, इंडियन गिल्ली डंडा फेडरेशन
6. कोषाध्यक्षः श्री रविंद्र कुमार (उत्तर प्रदेश), महासचिव, नेशनल मार्शल आर्ट्स समिति भारत
7. कार्यकारिणी सदस्यः श्री मनोज यादव (मध्य प्रदेश), अध्यक्ष, ऑल इंडिया सामुराई फेडरेशन

आगामी आयोजन

संस्था ने घोषणा की कि "डॉ. बी. आर. अम्बेडकर स्पोर्ट्स फाउंडेशन" के सहयोग से 16-18 मई 2025 को "स्पोर्ट्स फॉर ऑल" अम्बेडकर नेशनल गेम्स 2025 का आयोजन दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में किया जाएगा। इस आयोजन में योग, रोप-स्किपिंग, बॉडी बिल्डिंग, कराटे, ताइक्वांडो, किकबॉक्सिंग, शतरंज, कुश्ती और आर्मस्पोर्ट सहित 10 खेल शामिल होंगे। प्रतियोगिता में देशभर के 1000 से अधिक खिलाड़ी और तकनीकी अधिकारी भाग लेंगे।

अंतरराष्ट्रीय मान्यता

द एसोसिएशन ऑफ नेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन्स" को इंटरनेशनल ओलंपिक समिति द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था "द एसोसिएशन फॉर इंटरनेशनल स्पोर्ट्स फॉर ऑल" की भारत में राष्ट्रीय सदस्यता प्राप्त है।

## प्रथम सक्षमता उतीर्ण 374 विशिष्ट शिक्षकों के बीच पदस्थापन नियुक्ति पत्र वितरण किया गया



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

■ शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरण करते हुए बीपीएम, बीआरपी सहित अन्य

प्रखंड मुख्यालय के स्थानीय बीआरसी में मंगलवार को प्रथम सक्षमता उतीर्ण शिक्षकों को विशिष्ट शिक्षक बनने पर बीपीएम शिवम्‌ कुमार के नेतृत्व में पदस्थापन नियुक्ति पत्र वितरण किया गया. बीपीएम श्री कुमार ने बताया कि सभी वर्गों के लिए विशिष्ट शिक्षक उतीर्ण जिसमें वर्ग 1-5, 6-8, 9-10 व 11-12 के सक्षमता उतीर्ण शिक्षकों के बीच पदस्थापन नियुक्ति पत्र वितरण किया गया. वहीं बताया गया कि सक्षमता उतीर्ण सभी विशिष्ट शिक्षक अपने ही मूल विद्यालय में 1 जनवरी से 7 जनवरी 2025 तक योगदान देंगे. बीपीएम एमपी वर्मा ने बताया कि प्रखंड के 374 शिक्षकों को पदस्थापन हेतु नियुक्ति पत्र वितरण किया गया. नियुक्ति पत्र प्राप्त करने के लिए बीआरसी पर सुबह से ही शिक्षकों की लंबी भीड़ काउंटर पर लगी रही. महिला शिक्षकों की पुरुष शिक्षकों की अपेक्षा अधिक भीड़ देखी गई. इस अवसर पर बीपीएम अनवर अली, पियुष पांडेय, ब्रजेंद्र कुमार, परमहंस पांडेय, विवेक कुमार, विकास कुमार सहित अन्य उपस्थित थे.

## भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने दी राज्यवासियों को नववर्ष की बधाई एवं शुभकामनायें



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**साहिल अंसारी**

■ 2024 मे विकास और सुशासन के रास्ते चला बिहार : डॉ. दिलीप जायसवाल

■ 2025 में सुशासन के साथ विकास की ओर चलता रहेगा बिहार : डॉ . दिलीप जायसवाल

**पटना, 31 दिसम्बर ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने प्रदेश एवं देशवासियों को नये वर्ष 2025 की बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं। भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि बिहार 2024 विकास और सुशासन के रास्ते चला जिस कारण आज बिहार विकास के रास्ते पर तीव्र गति से आगे बढ़ा।

उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि वर्ष 2025 समस्त बिहारवासियों एवं देशवासियों के लिए सुख, शान्ति, स ?द्भाव, समृद्धि एवं अनंत सफलताओं का वर्ष होगा।

भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार का इतिहास गौरवशाली रहा है और आज उसी गौरवशाली इतिहास को हम पुनर्जीवित करने को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि आने वाले वर्ष में भी बिहार सुशासन के साथ विकास की ओर चलता रहेगा।

उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार सर्वांगीण विकास के रास्ते पर चलते हुए आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि आने वाला वर्ष लोगों की समृद्धि और विकास के लिए नए रास्ते खोलेगी और बिहार विकसित बिहार बनने के रास्ते पर आगे कदम बढ़ाएगा।

## प्रदेशवासियों को डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने दिया नए साल की शुभकामनाएं



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

■ बिहार कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने प्रदेशवासियों को दिया नए साल की बधाई

**पटना.** मंगलवार, 31 दिसंबर, 2024 बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने राज्यवासियों को नए साल की शुभकामनाएं और बधाई दी हैं।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने अपने संदेश में कहा कि आने वाला वर्ष राज्य की तरक्की, खुशहाली और प्रगति लेकर आएं। राज्य उत्तरोत्तर विकास की राह पर अग्रसर रहे और प्रदेशवासियों के जीवन में सकारात्मक प्रभाव पड़े जिससे उनकी उन्नति हो। साथ ही उन्होंने कहा कि हमें पिछले वर्ष से सबक लेकर राज्य की बेहतरी के लिए सभी प्रदेशवासियों को पूरे लगन से कार्यशील रहना होगा। नए ग्रिगेरियन कैलेंडर वर्ष 2025 को लेकर उन्होंने प्रदेश के कांग्रेसजनों को भी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## अब पूरे भारत को टोल फ्री किए जाने की तैयारी.. मंत्री नितिन गडकरी ने किया बड़ा ऐलान

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

■ जल्दी ही देश को टोल प्लाजा से मुक्ति मिलने जा रही है। यह ऐलान केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने किया। नई व्यवस्था लागू होने जा रही है।

इस पहल को लागू करने के लिए जीपीएस बेस्ड टोल कलेक्शन सिस्टम विकसित किया जा रहा है।जीपीएस बेस्ड टोल कलेक्शन सिस्टम नई टैक्नोलॉजी है।इसकी मदद से टोल कलेक्शन की प्रक्रिया काफी आसान और तेज हो जाएगी।इसके लिए गाड़ी के जीपीएस ट्रैकिंग डिवाइस को यूज किया जाएगा।ये सिस्टम गाड़ी की यात्रा का डिस्टेंस और लोकेशन ट्रैक करेगी।टोल गाड़ी द्वारा की गई यात्रा के हिसाब से निर्धारित होगी।ये राशि सीधे वाहन मालिक के बैंक अकाउंट से कटेगी।इस सिस्टम के लागू होने के बाद अब टोल प्लाजा पर रुकने की जरुरत नहीं होगी।इससे आपकी यात्रा आसान और आरामदायक होगी।कैसे काम करेगा ये सिस्टम...

नए सिस्टम के तहत हर गाड़ी में एक जीपीएस ट्रैकिंग डिवाइस लगाया जाएगा। इस डिवाइस की मदद से यात्रा की दूरी और उसकी लोकेशन ट्रैक होगी. इसके बाद वाहन जब किसी टोल क्षेत्र में प्रवेश करेगा तो टोल अपने आप गाड़ी के मालिक के बैंक खाते से पैसा कट जाएगा।टोल कलेक्शन इससे अधिक पारदर्शी, सरल और तेज होगा।

## स्कूल में चेतना सत्र के समय लाउडस्पीकर लगाना अनिवाय:- बीईओ मीनू कुमारी

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**



हुसैनगंज प्रखंड मुख्यालय के स्थानीय लर्निंग सेंटर पर प्रखंणाधीन सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापकों की बैठक बीईओ मीनू कुमारी की अध्यक्षता में गुरु गोष्ठी सम्पन्न हुई. बैठक में बताया गया कि अपार आई डी, मशाल योजनान्तर्गत खेलकूद, गणित कौशल व भाषा संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई. बीईओ मीनू ने बताई कि सभी विद्यालयों में सुबह चेतना के दौरान लाउडस्पीकर लगाना अनिवार्य किया गया है. वहीं अपार आईडी बनाने के लिए प्रधानाध्यापकों को चेतावनी दी गई कि दो दिनों के अंदर अपने विद्यालय के सभी छात्र व छात्राओं की अपार आईडी बनवा लें. बताया गया कि मध्याह्न भोजन के पूर्व 1-1 घंटा गणित व भाषा की पढ़ाई अनिवार्य रूप से कराई जाए. उपस्थित शिक्षकों को जिले से पहुंचे अमरेश कुमार द्वारा प्रशिक्षण दिया गया. इस अवसर पर बीपीएम शिवम्‌ कुमार, बीपीएम एमपी वर्मा, विकास कुमार सिंह, पीयूष रंजन पांडेय सहित अन्य उपस्थित थे.

## अलग अलग कांड मे दो अभियुक्त गिरफ्तार पुलिस ने भेजा जेल

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद आरीफ**

सिवान दरौंदा 31 दिसम्बर मंगलवार। दुरौंधा पुलिस ने अलग अलग कांड मे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. थानेदार छोटन कुमार ने बताया गया की थाना क्षेत्र के फतेहपुर से गुप्त सुचना के आधार पर 10 लीटर शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार कारोबारी का पहचान फतेहपुर निवासी मनैजर बीन के रूप मे किया गया है. दूसरा अभियुक्त कुकी वारंटी जीतेन्द्र यादव ऊर्फ जितन के रूप मे किया गया है.जिसको पुलिस ने बालबंगरा से गिरफ्तार किया है. दोनों को पुलिस ने मंगलवार को जेल भेज दिया है।

## नव वर्ष के आगमन के साथ ठंड ने दी दस्तक लोग पड़ रहे हैं बीमार।

**संवाददाता**
**मोहम्मद आरीफ**



सिवान महाराजगंज 31 दिसम्बर मंगलवार। नए साल के आगमन के साथ ही ठंड ने दस्तक दे दी। जिसे बाजारों में उलेन गर्म कपड़ों की मांग बढ़ गई। और ठंड से थोड़ी भी लापरवाही जानलेवा साबित हो रहा है। इससे बच्चे बुढ़े वयस्क कोई भी अछूता नहीं है। आज कल सरकारी या गैर सरकार अस्पतालों में ठंड से होने वाली बीमारी से ग्रसित लोग अधिक इलाज कराने आ रहे है। वही डॉक्टर भी ठंड से बचने की सलाह लोगों को दे रहे है।ठंडे पदार्थों से परहेज करने को बोल रहे है। बेवजह नहीं घर से नहीं निकले की सलाह दे रहे है।घर से निकले तो ठंड से सावधानी बरते। नियमित रूप से गर्म पानी गर्म भोजन का प्रयोग करे।


## शिक्षा विभाग खेलेगा बिहार तो खिलेगा बिहार मिशन को कामयाब बनाने और आपार आडी पर विशेष ध्यान दे प्रधानाध्यापक : बीपीएम



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद आरीफ**

सिवान दुरौंधा 31 दिसम्बर मंगलवार। दुरौंधा प्रखण्ड सभागार में प्रखण्ड परियोजना प्रबंधक सुभेंदु कुमार सुरज के नेतृत्व में प्रखण्ड के सभी सरकारी विद्यालयों के प्रधानाध्यापको की गुरु गोष्टी कर मशाल प्रतियोगिता 2024 को निर्धारित अवधि के बीच, एथलेटिक्स, साइकलिंग, कबड्ड़ी, फुटबॉल, बॉलीबॉल खेलो का विद्यालयों में आयोजित अपने अपने विद्यालयों में करके चयनित छात्रों को संकूल, प्रखण्ड, जिला, और राज्य स्तर पर सम्मानित और इसका परिणाम बताए जो राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों के प्रतिभावान खिलाड़ियों को खोजने और उनके प्रतिभा को घोषित करने हेतु ये खेल मंच का आयोजन शिक्षा विभाग राज्य खेल प्राधिकरण के तत्वाधान में किया जा रहा है। जिसे सत प्रतिसत सभी सरकारी विद्यालयों में करना है। वही छात्रों के आपार आईडी कार्ड बनाने की समीक्षा की गई जो अभी प्रखण्ड में कुछ ऐसे विधालय जो अब तक कार्ड बनाने का शुरूआत भी नहीं किए है जो खेद का विषय है। इस मौके पर, लेखपाल संजय गुप्ता, बीआरपी, अमरेश सिंह, अंकित कुमार सिंह, युवराज कुमार, आदेशपाल राजेश कुमार और शिक्षक, रविन्द्र कुमार, जितेन्द्र सिंह, कमलेश कुमार सिंह, दूधनाथ साह, इमामुद्दीन मियां, रमेश यादव, सरबजीत राम इत्यादि मौजूद थे ।

## महाराजगंज में 90 लिटर शराब बरामद तस्कर फरार



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद आरीफ**

सिवान महाराजगंज 31 दिसम्बर मंगलवार। महाराजगंज नगर पंचायत वॉर्ड नम्बर 3 पुरानी बाजार में गुप्ता सूचना पर महाराजगंज उत्पाद थाना इनचार्ज धर्मेन्द्र कुमार ने छापामारी कर 90 लिटर विदेशी शराब बरामद की। छापामारी के दौराने शराब तस्कर भागने में सफल रहा जिसे गिरफ्तारी के लिए जगह जगह छापामारी जारी है। बता दे की नया साल की तैयारी में शराब का स्टॉक किया गया था। जो उत्पाद पुलिस के द्वारा नाकाम कर दिया गया। वही महाराजगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राकेश कुमार रंजन ने बताया की महाराजगंज अनुमंडल क्षेत्र में कही भी शराब बरामद होने पर संबंधित थाना के एसएचओ जिम्मेवार होंगे। जिन पर उत्पाद अधिनियम के तहत कारवाई की जाएगी।

## ह्लवर्ष 2024 के न्यूजमेकर ऑफ द ईयर बने प्रधानमंत्री मोदी:डॉ. प्रेम कुमार

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

पटना, 30 दिसंबर 2024: बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेता और सहकारिता, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वर्ष 2024 के ह्लन्यूजमेकर ऑफ द ईयरह्व के रूप में सम्मानित करते हुए उनकी ऐतिहासिक उपलब्धियों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, ह्लप्रधानमंत्री मोदी का जादू आज भी जनता के दिलों-दिमाग पर छाया हुआ है। उनकी दूरदर्शी नेतृत्व क्षमता ने भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है।

डॉ. प्रेम कुमार ने प्रधानमंत्री मोदी को 20 से अधिक अंतरराष्ट्रीय नागरिक सम्मान प्राप्त करने और राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर प्रभावशाली योगदान देने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा, ह्लचाहे वैश्विक संकट हो या घरेलू सुधार, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। रूस-यूक्रेन और इसराइल-हमास युद्ध के बीच भी उन्होंने भारत की स्थिरता बनाए रखी और विकास को नई दिशा दी।

प्रधानमंत्री मोदी की 2024 की प्रमुख उपलब्धियांः

1.महिलाओं का 33% आरक्षण बिलः संसद से पारित कर महिलाओं को सशक्त बनाने में ऐतिहासिक योगदान।
2.कानूनी सुधारः अंग्रेजों के जमाने के पुराने कानूनों को नए और प्रगतिशील कानूनों में परिवर्तित किया।
3. जम्मू-कश्मीर में चुनावः शांतिपूर्ण और सफल चुनाव आयोजित कर लोकतांत्रिक सरकार का गठन।
4.आर्थिक स्थिरताः वैश्विक मंदी के बावजूद भारत को सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनाए रखा।
5.जी-20 का सफल आयोजनः अब तक का सबसे प्रभावशाली और सफल जी-20 शिखर सम्मेलन आयोजित किया।
6.अंतरिक्ष में उपलब्धियांः चंद्रयान-3 की चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग, सूर्ययान का प्रक्षेपण और गगनयान व समुद्रयान की तैयारी।
7.प्रधानमंत्री आवास योजनाः 4 करोड़ से अधिक लोगों को पक्के घर प्रदान किए गए।
8.81 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाजः प्रति माह 5 किलोग्राम अनाज वितरण जारी रखा।
9.सुकन्या समृद्धि योजनाः ब्याज दर को बढ़ाकर 8.2% किया गया।
10.राम मंदिर निमार्णः अयोध्या में भगवान श्री रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण एवं शिलान्यास।
11.वंदे भारत एक्सप्रेसः देशभर में 64 नई वंदे भारत ट्रेनों का शुभारंभ कर विकास को तेज गति दी।
12.राजनीतिक सफलताः राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, हरियाणा और महाराष्ट्र में भाजपा सरकारों का गठन।

डॉ. कुमार ने यह भी कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी ने लगातार तीसरी बार देश का नेतृत्व कर, नेहरू जी के बाद ऐसा करने वाले दूसरे प्रधानमंत्री बनने का गौरव हासिल किया।

बिहार भाजपा की ओर से शुभकामनाएंः

डॉ. प्रेम कुमार ने प्रधानमंत्री मोदी को आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा, ह्लआपकी नेतृत्व क्षमता और उपलब्धियां हर भारतीय के लिए प्रेरणा हैं। बिहार भाजपा और मेरी ओर से आपको हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। हम प्रार्थना करते हैं कि आप दीघार्यु हों और देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सफल रहें।

। कुमार ने प्रधानमंत्री मोदी को 20 से अधिक अंतरराष्ट्रीय नागरिक सम्मान प्राप्त करने और राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर प्रभावशाली योगदान देने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा, ह्लचाहे वैश्विक संकट हो या घरेलू सुधार, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। रूस-यूक्रेन और इसराइल-हमास युद्ध के बीच भी उन्होंने भारत की स्थिरता बनाए रखी और विकास को नई दिशा दी।

## अभ्यर्थियों की मांगों को अविलंब स्वीकारें बिहार सरकार: डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**चंद्रकिशोर पासवान**

■ अविलंब बीपीएससी परीक्षा को रद्द करें सरकार : डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह

पटना. मंगलवार, 31 दिसंबर, 2024 बीपीएससी के आंदोलनरत अभ्यर्थियों के जायज मांगों के पक्ष में लगातार छात्रों के समर्थन में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह राज्य सरकार से उनकी मांगों को उचित मंच से पहुंचाने के प्रयास में लगे हुए हैं। गत दिनों आंदोलनरत अभ्यर्थियों पर सरकार के शह पर पुलिसिया बर्बर कार्रवाई जिसमें ठंड में शांति से प्रदर्शन कर रहे बच्चों पर लाठीचार्ज और ठंड में वाटर कैनन के प्रयोग की कड़ी शब्दों में निंदा की है।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि हम लगातार आंदोलनरत अभ्यर्थियों से मिल रहे हैं और उनकी मांगों के समर्थन में अपने केंद्रीय नेतृत्व तक बातों को पहुंचाया जिसके बाद राष्ट्रीय स्तर पर यह मामला लगातार चल रहा है। बिहार सरकार के बर्बरतापूर्ण हालिया कार्रवाई से मैं बेहद आहत हूं और ऐसी कार्रवाई को सरकार की निरंकुशता और असंवेदनशीलता मानता हूं। छात्रों को ऐसे करवाएं से उकसाया जा रहा है कि वें उग्र हों लेकिन सभी पढ़े लिखे छात्र हैं जिनको बरगलाने में कई सरकार की बी टीम लगी हुई है लेकिन वें जायज मांगों के साथ खड़े हैं और कांग्रेस पार्टी का एक एक कार्यकर्ता उनके समर्थन में खड़ा है। पुलिस की बर्बर कार्रवाई और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के रवैय्ये ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उनके मन में छात्रों के मांगों के प्रति कोई संवेदनशीलता नहीं है। कांग्रेस पार्टी उनके साथ मजबूती से खड़ी है और बीपीएससी परीक्षा को रद्द करने की अभ्यर्थियों की मांग के साथ है। सरकार को इसे अविलंब रद्द करके मामले को सुलझाना चाहिए लेकिन वो अपने अड़ियल रवैया अपनाकर इस मामले को उत्तेजित कर अभ्यर्थियों पर दोषारोपण करने की ओर अग्रसर है। मेरी राज्य सरकार से मांग हैं।

# सेंट पॉल मॉडर्न स्कूल, बखरी में सात दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव का समापन

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

बखरी (बेगुसराय), 31 दिसंबरः बुधवार को सेंट पॉल मॉडर्न स्कूल, बखरी में सात दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव का समापन एक भव्य सम्मान समारोह और सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ।इस आयोजन में स्कूल के छात्रों ने कुल 42 प्रकार के खेलों में भाग लिया। समारोह के मुख्य अतिथि श्रीमती गीता कुशवाहा, सभापति, बखरी नगर परिषद्, विशिष्ट अतिथि श्री घनश्याम राय, जिला परिषद् सदस्य, श्री रामचंद्र राम, पूर्व डी.एस.पी. बखरी, और श्री राजू कुशवाहा, सभापति प्रतिनिधि, बखरी नगर परिषद् ने अपने उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई विद्यालय के निदेशक दानेश्वर यादव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि खेल शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, और जीवन में




अनुशासन, सहयोग और आत्मविश्वास को बढ़ावा देते हैं। वहीं, प्राचार्य ओ.पी. चौधरी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता में ही नहीं, बल्कि टीम वर्क और भाईचारे की भावना को भी प्रोत्साहित करते हैं।अतिथि श्री रामचंद्र राम ने कार्यक्रमों की सराहना की, जबकि श्री घनश्याम राय ने ऐसे आयोजनों के महत्व पर बल देते हुए कहा कि यह बच्चों को हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने का अवसर प्रदान करते हैं।समारोह के दौरान, अतिथियों ने विभिन्न खेलों के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो, शतरंज, बैडमिंटन, 100 मीटर रेस, लंबी कूद, ऊंची कूद, आदि खेलों के विजेताओं को सम्मानित किया गया।सर्वाधिक मेडल जीतने वाले रमन हाउस को 'हाउस ऑफ द ईयर' पुरस्कार मिला, जिसमें 56 गोल्ड, 51 सिल्वर और 9 ब्रॉन्ज मेडल शामिल थे। वहीं, अनुशासन के लिए टैगोर हाउस को 'फेयर प्ले अवार्ड' दिया गया कार्यक्रम की सफलता में स्कूल के शिक्षकों, विशेष रूप से आशुतोष राज और आदर्श कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा। समारोह में सैकड़ों अभिभावक भी उपस्थित थे, जिन्होंने बच्चों के उत्साह को बढ़ाया और इस आयोजन की सराहना की।

# कार्यकताओं की बैठक: भाजपा के कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर कार्य करें, बूथ स्तर तक जाकर बताएं योजनाएं



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता त्रिभुवन तिवारी की अध्यक्षता में मशरक के यदु मोड़ पर कार्यकताओं की बैठक आयोजित की गयी। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल मौजूद रहें। मौके पर भाजपा दक्षिणी मंडल अध्यक्ष दुर्गेश कुमार गुप्ता,उतरी मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष बीरबल प्रसाद कुशवाहा, पप्पू सिंह सिग्रीवाल, नंदन बाबा, अतुल पांडेय समेत कई अन्य मौजूद रहें। मौके पर सभी ने महावीर मंदिर के संस्थापक आचार्य किशोर कुणाल के निधनं पर शोक सभा आयोजित किया गया। सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कहा कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सभी को जग जाना है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास की योजनाओं को आम लोगों तक बताना है जिससे आम लोगों को योजनाओं का लाभ मिल सके। भारतीय जनता पार्टी सुशासन की ओर ले जाने का कार्य कर रही है। देश में और भी कई पार्टियां हैं लेकिन भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास का कार्य करती है।

# वरहगावां सेवा समिति ने किया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

प्रखण्ड क्षेत्र अन्तर्गत पहसारा में वरहगावां सेवा समिति के द्वारा स्मृति शेष पहसारा पश्चिम निवासी सुनीता देवी पति कमलनयन सिंह वार्ड 7 स्थित उनके आवास पर समिति के अध्यक्ष कातिक सिहं की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत उनके तैल्य चित्र पर पुष पुष्पांजलि अर्पीटकर एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम का संचालन समिति उपाध्याक्ष वालेश्वर प्रसाद सिंह ने किया।सभा को संबोधित करते हुए उमाकांत सिंह ने कहा हम गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। हमारे पूर्वज महर्षि दधीचि हमारे वंशज थे।हम वत्स मुनि के संतान हैं।मानव कल्याण के लिए हमारे वंशजों ने देह का दान किया था। विश्व को दान - धर्म हमारे पूर्वजों ने सिखाया है।आज युवाओं को अपने पूर्वजों से सीखने की जरूरत है। ग्रामीण संरक्षण मंडल सह समिति सदस्य अवकाश प्राप्त शिक्षक जनार्दन प्रसाद सिंह ने कहा हम सिर्फ अपना चिंता करते हैं अपनों को भुला रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों में समाजिक परिवर्तन की जरूरत है।समाजिक कुरीतियों को दूर कर गाँव एवं समाज को वैभव शाली बनाना है।

# महाराजगंज के पूर्व सांसद के पिता की 17 वीं पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के बड़हिया टोला गांव में मंगलवार को महाराजगंज के पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह व बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह के पिता स्व बाबा वासुदेव सिंह की 17 वीं पुण्यतिथि पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आचार्य ने बनियापुर विधायक की मौजूदगी में पूजा-अर्चना कर स्व बाबा वासुदेव सिंह के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उनके अनुभवों को याद किया गया। इस अवसर पर विशेष भोज का आयोजन किया गया। स्व बाबा बासुदेव सिंह महाराजगंज के पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह और बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह के पिता, छपरा के पूर्व विधायक रणधीर कुमार सिंह, तरैया विधानसभा से प्रत्याशी रहे युवराज सुधीर सिंह के दादा हैं। मौके पर महाराजगंज के पूर्व विधायक हेमनाराण साह,प्रखंड प्रमुख रवि प्रकाश सिंह मंटू, मुखिया प्रतिनिधि डॉ जितेन्द्र सिंह,डुमरसन मुखिया बच्चा लाल साह, पूर्व उप प्रमुख साहेब हुसैन उर्फ टुनटुन, जदयू प्रखंड अध्यक्ष रामाधार सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य रामजीवन सिंह जीवन, विधायक निजी सचिव सैफ रजा समेत सैकड़ों ने पुष्प अर्पित किया।

# समस्तीपुर में राहुल गांधी का शव मिलने से सनसनी, वैज्ञानिक अनुसंधान से जांच में जुटी FSL की टीम



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबैर**

**समस्तीपुर :** समस्तीपुर नगर थाना क्षेत्र के बारह पत्थर मोहल्ले में मंगलवार की दोपहर एक युवक का संदिग्ध स्थिति में शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान उजियारपुर थाना क्षेत्र के पतैली निवासी सनातन राम गांधी के 26 वर्षीय पुत्र राहुल गांधी के रूप में की गई है। सूचना पर पहुंची नगर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।घटना को लेकर बताया जाता है कि मंगलवार की दोपहर लगभग 1 बजे बारह पत्थर मोहल्ले के वार्ड संख्या-38 में हरसिंहपुर कोठी निवासी विजय सिंह के अर्धनिर्मित एवं खंडरनुमा मकान में एक शव मिलने की सूचना पुलिस को मिली। इसके बाद वहां लोगों की भीड़ जुट गई।पुलिस के द्वारा निरीक्षण एवं पूछताछ में यह बात सामने आयी कि मृतक बहादुरपुर हनुमान चौक पर किराया का मकान लेकर रहता था। शव के आसपास दवा की खाली सीसी, सीरींज एवं जला सिगरेट बरामद किया गया। इधर ऋछ की टीम पहुंच वैज्ञानिक तरीके से अनुसंधान शुरू कर दिया है।

# राजकीय मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक के सेवानिवृत्ति पर विदाई सह सम्मान समारोह



जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

मशरक प्रखंड के बंगरा पंचायत के चैनपुर चरिहारा गांव अवस्थित राजकीय मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक छविनाथ त्रिपाठी के सेवानिवृत होने पर विद्यालय परिवार की ओर से विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजित किया गया। मौके पर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक रामजीवन सिंह जीवन,शिक्षक प्रवीण कुमार, रत्नेश वर्मा, विजेन्द्र सिंह, नरसिंह प्रसाद, धर्मेंद्र दास,मंजू कुमारी,शरीफ आलम, तबरेज आलम, रश्मी श्रीवास्तव समेत अन्य मौजूद रहें। इस अवसर पर शिक्षक शिक्षिकाओं सहित आगंतुक गणमान्यों ने उनके कार्यकाल की सराहना की तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। स्वागत संबोधन करते हुए सभी ने सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक के कार्यों का गुणगान किया। कार्यक्रम की समाप्ति पर सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक छविनाथ त्रिपाठी को अंग वस्त्र और फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

# गंगासागर एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रियों के साथ मारपीट, एक महिला समेत दो यात्री गंभीर रूप से घायल.




**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबैर**

समस्तीपुर, जयनगर से सियालदह जा रही गंगासागर एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रियों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें कई यात्री घायल हो गए। सभी घायलों को समस्तीपुर जंक्शन पर रेल पुलिस ने उतारकर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। घायलों की पहचान बेगूसराय जिले के चकिया थाना क्षेत्र के कसहा गांव निवासी पंकज कुमार और उनकी पत्नी रेखा कुमारी के रूप में हुई है।इस घटना के संबंध में पंकज ने बताया कि सोमवार की रात वह नेपाल के जनकपुर से दर्शन कर अपने परिवार के साथ ट्रेन से घर लौट रहा था। दरभंगा स्टेशन पर उसकी बहन के छोटे बच्चे ने पानी गिरा दिया, जिससे पानी नीचे बैठे यात्री पर गिर गया और दोनों यात्रियों के बीच कहासुनी हो गई। इसके बाद कुछ यात्रियों ने फोन पर मामले की जानकारी दी और जब ट्रेन हायाघाट स्टेशन पहुंची तो 10-12 लोग ट्रेन की बोगी में घुस गए और पंकज की पिटाई करने लगे। इस दौरान जब उनकी पत्नी रेखा कुमारी ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिया गया।इसके बाद जब पंकज ने शोर मचाया तो ट्रेन की एस्कॉर्ट पार्टी पहुंची। इसके बाद हमलावर भाग गए। इसके बाद ट्रेन समस्तीपुर स्टेशन पर रुकी और फिर घायलों को उतारकर इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया।इस घटना के संबंध में रेल थाना प्रभारी आलोक कुमार ने बताया कि ट्रेन के दरभंगा से खुलने के बाद यात्रियों के बीच विवाद हुआ था, जिसके बाद मारपीट हुई। मामले की जांच की जा रही है और यात्रियों के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी

# आनंद बने लगातार तीसरी बार बने नगर मंडल अध्यक्ष



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**साहिल अंसारी**

बेगुसराय तेघड़ा विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी बिहट नगर मंडल अध्यक्ष के पद पर पुनः मनोनीत होने पर यशस्वी आनंद जी को भाजपा नेता व पूर्व डीङ्क एसङ्क श्रीमान सुनील कुंवर ने हार्दिक बधाई एवं आशीर्वाद देते हुए बोले आपकी कर्मठता एवं पार्टी के कार्य के प्रति ईमानदारी पूरे विधानसभा में चर्चा का विषय बना हुआ है ऐसे समर्पित कार्यकर्ता के बदौलत ही भारतीय जनता पार्टी तीसरी बार केंद्र की सत्ता में आई है

# चिराग पासवान ने बिहारवासियों तथा देशवासियों को नव वर्ष 2025 की बधाई एवं शुभकामनाए दी

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**



लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री श्री चिराग पासवान ने बिहारवासियों तथा देशवासियों को नव वर्ष 2025 की बधाई एवं शुभकामनाए दी है कश्री चिराग ने बिहारवासियों से अपने संदेश में कहा है कि नया साल का प्रत्येक दिन आप लोगों लिए खुशियों से भरा हो ।ईस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने दी।

# प्रखंड कर्मियों को उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**



प्रखंड विभूतिपुर, आज प्रखंड कार्यालय विभूतिपुर में प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रमोहन पासवान द्वारा अपने कार्यालय में प्रधान मंत्री आवास योजना व अन्य विभाग के कर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही नववर्ष 2025 में इनके द्वारा और ईमानदार प्रयास से लवरेज उत्कृष्ट कार्य करने और विभागीय लक्ष्य को ससमय भेदने की आशा की अपेक्षा के साथ बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं भी दी। सभी सम्मानित कर्मी अपने वरीय पदाधिकारी के हाथो सम्मानित हो काफी उत्साहित और प्रसन्नचित दिखे ।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल, सदर अस्पताल छपरा रेफर



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक थाना क्षेत्र के डुमरसन में एन एच 227 राम जानकी पथ पर अज्ञात अनियंत्रित अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल घायल हो गया।जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हालत में एम्बुलेंस द्वारा इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया जहां ड्यूटी पर तैनात प्रभारी डाक्टर संजय कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत देख बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। घायल की पहचान गोपालगंज जिला के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी रामबाबू महतो पिता केदार महतो के रूप में हुई।

# फरारी शराब कारोबारी को पुलिस पकड़ने गई तो फरारी ने छत से कुदने के फेर में हुआ जखमी

**इजिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। जिले के वारिसनगर प्रखंड के तहत मथुरापुर पुलिस ने फरारी शराब कारोबारी को गिरफ्तार करने जब उसके घर पहुंची तो वह छत से कूद गया जिससे वह जख्मी हो गया। अपर थानाध्यक्ष आश्वथामा कुमार व सअनी जगनिवास शर्मा पुलिस बल के साथ विभूतिपुर थाना के भरपुरा डीह पहुंचकर कारोबारी नील कमल साह के घर पर पहुंची तो पुलिस को देखकर वे अपने घर के छत से कूद गया जिससे जख्मी हो गया पुलिस उसे गिरफ्तार कर लिया। वहां से लाकर समस्तीपुर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पैर टूटू गया था। बतादे कि तीन माह पूर्व मुक्तापुर के पास दो वाहन पर 276 लीटर शराब बरामद की गई थी, जिसमें तीन व्यक्ति गिरफ्तार हुआ था यह व्यक्ति गाड़ी पर से कुदकर भाग निकला था।

# वंचित अधिकार पार्टी के समस्तीपुर जिला अध्यक्ष बने प्रमोद पोद्दार

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। वंचित अधिकार पार्टी बिहार के प्रदेश अध्यक्ष रवि रंजन गुप्ता ने प्रमोद कुमार पोद्दार पिता स्वर्गीय रामचंद्र पोद्दार ग्राम हांसोपुर पोस्ट श्रीपुरगाहर प्रखंड खानपुर, जिला समस्तीपुर निवासी सामाजिक न्याय, शोषित, पीड़ित, वंचित के लिए हमेशा आवाज उठाने वाले को समस्तीपुर जिला अध्यक्ष ने मनोनीत किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने आशा व्यक्त किया है कि प्रमोद पोद्दार 25 वर्षों से वार्ड सदस्य एवं दो बार उप मुखिया रहे जन कल्याणकारी नीति एवं योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे जिससे पार्टी को मजबूती मिलेगी। जिला अध्यक्ष बनने पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष धीरू गुप्ता, पंकज पोद्दार, व्यवसाय प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष राजीव रंजन, प्रदेश सचिव विमल आनंद, प्रमोद साह, मनमोहन कुमार, श्वेता पोद्दार अधिवक्ता सह पूर्व सरपंच, अधिवक्ता सौम्या शुभांगी, ।

# बखरी प्रखंड के राटन पंचायत में वीर शिरोमणि बाबा चौहरमल स्थान पर नव वर्ष के आगमन पर महा प्रसाद का भव्य आयोजन

**प्रखण्ड संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**चंद्रकिशोर पासवान**



बखरी ( बेगुसराय ) ' प्रखंड अंतर्गत राटन पंचायत के वार्ड नंबर 5 में स्थित वीर शिरोमणि बाबा चौहरमल स्थान पर इस वर्ष भी नव वर्ष के आगमन पर बड़े धूमधाम से महा प्रसाद का आयोजन किया गया। यह आयोजन हर साल की तरह धार्मिक श्रद्धा और सामाजिक सौहार्द्र का प्रतीक बन चुका है, जिसमें क्षेत्र के लोग श्रद्धा भाव से भाग लेते हैं और आने वाले वर्ष के लिए सुख, समृद्धि और शांति की कामना करते हैं। इस धार्म्कि आयोजन में हजारों श्रद्धालु बाबा चौहरमल के चरणों में माथा टेकने पहुंचे। महा प्रसाद में विशेष रूप से गरीबों और जरूरतमंदों को भोजन प्रदान करने की परंपरा को इस बार भी श्रद्धा और उत्साह के साथ निभाया गया। क्षेत्र के लोग इस आयोजन में एकजुट होकर अपने धार्मिक कर्तव्यों का पालन करते हैं और समाज में सौहार्द्र बनाए रखते हैं।

कार्यक्रम स्थल पर क्षेत्र के गणमान्य लोग जिन्होंने आयोजन की शोभा बढ़ाई। इस दौरान पूर्व पंचायत समिति सदस्य सह लोजपा आर प्रखंड अध्यक्ष पंकज पासवान, शिक्षक शमशेर सिंह, मंटू पासवान, कारीलाल पासवान, संजय शर्मा, दिलीप शर्मा, पवन पासवान, पैक्स अध्यक्ष जितेंद्र महतो, उप मुखिया अजीत महतो, सिंटू पासवान और ललन पासवान जैसे प्रमुख नेता और समाजसेवी भी मौजूद रहे और आयोजन की सफलता के लिए आशीर्वाद दिया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह आयोजन न केवल धार्मिक, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक और सांस्कृतिक जुड़ाव का भी प्रतीक है। महा भोज के दौरान सभी जाति और वर्ग के लोग एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण करते हैं, जो समाज में सामूहिकता और समरसता को बढ़ावा देता है। आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन राटन पंचायत ही नहीं, बल्कि आसपास के कई गांवों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक अवसर बन गया है।

आयोजन के दौरान विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान और पूजा विधियों का भी आयोजन किया गया, जिनमें श्रद्धालुओं ने बाबा चौहरमल से आशीर्वाद लिया और अपने परिवार, समाज और देश की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इस महा प्रसाद आयोजन ने एक बार फिर से राटन पंचायत को धार्मिक और सामाजिक समरसता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया, और नव वर्ष के स्वागत के साथ-साथ क्षेत्रवासियों के बीच सौहार्द्र और भाईचारे की भावना

# पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर पूरे देश में राजकीय शोक की घोषणा के 04 दिनों बाद डॉ राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय में नहीं झुकाया गया राष्ट्रीय ध्वज

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**



**समस्तीपुर।** डॉ राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय प्रशासन पर आरएसएस का रंग इस हद तक चढ़ा है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री और प्रख्यात अर्थशास्त्री मनमोहन सिंह जी के निधन के बाद उनके सम्मान में भारत सरकार के केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सात दिनों का राजकीय शोक घोषित किए जाने के बावजूद राष्ट्रीय ध्वज को चार दिनों तक नहीं झुकाया गया। इस घोषणा के अनुसार शोक की यह अवधि 26 दिसंबर 2024 से 01 जनवरी 2025 तक होगी। इस शोक अवधि के दौरान पूरे देश में उन सभी स्थानों पर जहां राष्ट्रीय ध्वज नियमित रूप से फहराया जाता है वहां राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा, लेकिन समस्तीपुर जिले के पूसा स्थित डॉ राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय में राजकीय शोक की घोषणा के 04 दिन के बाद भी राष्ट्रीय ध्वज को आधा नहीं झुकाया गया। विश्वविद्यालय परिसर में करीब 90 फीट उंचाई पर तिरंगा आम दिनों की तरह सोमवार को फहराता दिखा। इसे देखकर भाकपा - माले के पूसा प्रखंड सचिव अमित कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि विश्वविद्यालय के कुलपति की मनमानी चरम पर है। राष्ट्रीय ध्वज को शोक की अवधि में नहीं झुकाना न सिर्फ गृह मंत्रालय के आदेश की अनदेखी है बल्कि दिवंगत देश के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का अपमान भी है। ये बहुत गंभीर राष्ट्रीय अस्मिता के हनन का विषय है। जिसे भाकपा - माले कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने विज्ञप्ति में आगे कहा है कि कुलपति ने केंद्र सरकार के केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश की अवहेलना की है। पूरे देश में पूर्व प्रधानमंत्री के सम्मान में राष्ट्रीय ध्वज को आधा झुका दिया गया है, लेकिन पूसा केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय में कुलपति ने लापरवाही का परिचय दिया है। उक्त मामले को लेकर भाकपा - माले महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री, कांग्रेस के अध्यक्ष आदि को पत्र लिखकर कुलपति पर कार्रवाई करने की मांग करेगी। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह जी का निधन अत्यंत दुःखद एवं भारतीय राजनीति के लिए अपूर्णीय क्षति है। इस बाबत पूछे जाने पर सूचना पदाधिकारी ने राष्ट्रीय ध्वज नहीं झुकाने के आरोप को खारिज करते हुए कहा कि परिसर में झंडे को झुका दिया गया है, सिर्फ 90 फीट पर लहरा रहे झंडे को तकनीकी कारणों से इस दायरे में नहीं रखा गया है। हलांकि सोमवार देर शाम मामले के वायरल होने के बाद उक्त झंडे को भी झुका दिया गया।

# बेनीपट्टी में वामदलों के संयुक्त आह्वान पर भाकपा माले ने गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ निकाल प्रतिवाद मार्च

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो .अबु बकर सिद्दीकी**




मधुबनी, जिला के बेनीपट्टी में संविधान निमार्ता बाबासाहेब अंबेडकर पर वर्तमान गृहमंत्री अमित शाह द्वारा की गई अपमानजनक टिपण्णी के खिलाफ वामपंथी दलों के संयुक्त आह्वान पर भाकपा माले, ने बेनीपट्टी में लोहिया चौक से आंबेडकर चौक तक अंचल सचिव श्याम पंडित के नेतृत्व में प्रतिवाद मार्च किया। मार्च के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए माले नेता मयंक कुमार ने कहा कि अमित शाह का बयान महज बाबासाहेब का एक व्यक्ति के रूप में अपमान नहीं है बल्कि बाबासाहेब की विचारधारा से उनकी नफरत का परिचायक है। अमित शाह के इस व्यवहार से संविधान विरोधी भाजपा का वास्तविक चेहरा सामने आ गया है। बाबासाहेब का अपमान पूरे देश का अपमान है। इसलिए अमित शाह को अपने पद से इस्तीफा देना होगा। देश के केबिनेट में बैठा कोई मंत्री ही संविधान निमार्ता का अपमान करे इससे बड़ा अनर्थ क्या होगा? इस देश के संविधान ने ही भाजपा के मोदी - अमीत शाह को वहां पहुंचने की ताकत दी है और जनता के उसी बल और स्वाभिमान को कुचलना चाहती है मोदी सरकार. यह नहीं चलेगा! वहीं माले के बेनीपट्टी, अंचल सचिव श्याम पंडित ने कहा कि भाजपा की निर्लज्जता देखिए कि इतने दिन बीत चुके हैं लेकिन दो शब्द ग्लानि के उनके मुंह से नहीं निकले। यह घमंड दरअसल तमाम लोकतांत्रिक संस्थाओं को पंगु बना देने के कारण है। सच तो यह है कि हिन्दू राष्ट्र बनाकर दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और स्त्रियों का हक और अधिकार छीन कर इन्हें गुलाम बनाना ही भाजपा का अंतिम लक्ष्य है। इसे वंचित समुदाय जितनी जल्दी समझ जाएं उतना बेहतर है। भाकपा माले ने आज भाजपा के वास्तविक चेहरे को सामने लाने के लिए मार्च किया है।

# मधुबनी जिला के हरलाखी सीएचसी अस्पताल में मौत के बाद मरीज को नहीं मिला एंबुलेंस,

## ठेले पर लाद कर शव लेगये परिजन, स्वास्थ्य सुविधाओं का हाल-बेहाल



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो. अबु बकर सिद्दीकी**

मधुबनी जिला के हरलाखी सीएचसी अस्पताल में मौत के बाद मरीज को नहीं मिला एंबुलेंस, ठेले पर लाद कर शव लेगये परिजन, स्वास्थ्य सुविधाओं का हाल-बेहालहाय रे सिस्टम!, हरलाखी सीएचसी अस्पताल एक बार फिर अपने कारनामों को लेकर सुर्खियों में है। कहने को तो हरलाखी का एक मात्र अस्पताल जिसकी भवन तो करोड़ों की लागत से बन गई, तमाम तरह के आधुनिक संसाधनों से लैस है लेकिन अस्पताल प्रशासन की लचर व्यवस्था के कारण इसे हर बार शर्मशार होना पड़ता है।ताजा मामला हरलाखी के सीएचसी अस्पताल उमगाव में युवक की मौत के बाद उसे घर तक पहुंचाने के लिए एम्बुलेंस तक मयस्सर नहीं हो पाया और परिजन मृत शरीर को ठेले पर लाद अपने घर ले गए। उमगाव के रहने वाले 28 वर्षीय अजय मलिक को मिर्गी के मरीज हैं जिससे के इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दी जिसके बादमरीज की मौत के बाद उसके परिजन एंबुलेंस के लिए गुहार लगाते रहे लेकिन अस्पताल प्रशासन एम्बुलेंस रहते हुए भी मरीज के परिजनों को उपलब्ध न करा सके और मरीज के परिजन शव को ठेले पर लाद अस्पताल से घर ले गए। बड़ा सवाल ये उठता है कि आखिर कब सुधरेगा अस्पताल और कब तक यूं ही अस्पताल की लचर व्यवस्था का दंश आम प्रखंडवासी उठाते रहेंगे। ये भी एक बड़ा सवाल है '

# डरसुर क्रिकेट की टीम ने हायाघाट विलासपुर क्रिकेट टीम को दिया शिकस्त



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** जिले के वारिसनगर प्रखंड क्षेत्र के डरसुर गाँव में चल रहे पंचायत स्तरीय क्रिकेट टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला हायाघाट विलासपुर और डरसुर क्रिकेट टीम के बीच खेला गया। इसमें डरसुर क्रिकेट की टीम ने हायाघाट विलासपुर क्रिकेट को 06 विकेट से पराजित किया। मैच का उदघाटन जिला जदयू उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने किया। साथ ही उन्होंने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त किया। हायाघाट विलासपुर क्रिकेट टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 108 रन बनाये। वही जवाब में उतरी टीम डरसुर ने 8 विकेट से जीत कर खिताब अपने नाम किया। इस मैच के मुख्य अतिथि जदयू युवा उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह के द्वारा दोनों टीम को ट्राफी देकर हौसला बढ़ाया। मोके पर गुड्डू प्रसाद सिंह, मो इस्लाम, मो अजीम, अंकित कुमार सिंह, प्रतीक कुमार, कुणाल कुमार, गोलू सिंह, केशव सिंह, डॉक्टर सिंह आदि मौजूद थे।

# रिलायबल इंडिया ने 101 महिलाओं को महिला प्रेरित सम्मान से किया सम्मानित

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**अबु बकर सिद्दीकी**



पटना, सामाजिक संस्था रिलायबल इंडिया ने समाज में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाली 101 महिलाओं को महिला प्रेरित सम्मान से सम्मानित किया। रिलायबल इंडिया के डायरेक्टर विनय पाठक ने राजीव नगर 23 स्थित शिवी कम्युनिटी हॉल में महिला प्रेरित सम्मान का आयोजन किया। इस अवसर पर अलग-अलग क्षेत्र में काम करने वाली 101 महिलाओं को महिला प्रेरित सम्मान से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व डीजीपी एस के भारद्वाज, युवराज सुधीर सिंह, शशांक शेखर सिन्हा, साधना भारद्वाज, कुकु खान, डा. सुनील कुमार सिंह, वीणा मानवी, राहुल सिंह, चंदन राज, मनोज सिंह, जय सिंह राठौर, इला मित्तल, अंकिता झा, मुस्कान पाठक समेत कई विशिष्ठ अतिथि मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलित कर की गयी। इसके बाद सभी आगंतुक अतिथियों को विनय पाठक ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया। सम्मानित सभी अतिथियों ने विनय पाठक की इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन अजनबी आकाश ने किया।

विनय पाठक ने कहा, महिलाएं ऊर्जा से लबरेज, दूरदर्शिता, जीवन्त उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हैं। महिलाएं आज सभी क्षेत्रों में आगे हैं, चाहे वह राजनीतिक हो, सामजिक हो या शिक्षा सभी में अपनी क्षमता का प्रदर्शन बखूबी कर रही है। भारतीय संस्कृति में नारी के सम्मान को बहुत महत्व दिया गया है। संस्कृत में एक श्लोक है- 'यस्य पूज्यंते नार्यस्तु तत्र रमन्ते देवताः। अर्थात, जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। महिलाओं का मान-सम्मान, सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा करना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। महिलाओ के सम्मान में हमलोगों ने
महिला प्रेरित सम्मान का आयोजन किया है

# खंडहर नुमा मकान में मिला युवक का शव, शव देखने के लिए उमड़ी भीड़



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** शहर के 12 पत्थर मोहल्ला स्थित एक पुराने खंडहर नुमा मकान में मंगलवार दोपहर एक युवक का शव मिला। इस बाबत जानकारी मिली है कि युवक की मौत नशे के ओवरडोज के कारण हुई है। शव के पास काफी मात्रा में नशीली दवा के खाली रैपर, डिस्पोजल सीरीज आदि बरामद की गई है। मृतक युवक की पहचान उजियारपुर थाना क्षेत्र के पतैली गांव निवासी राहुल कुमार उर्फ गांधी के रूप में की गई है। घटना की सूचना पर एएसपी संजय कुमार पांडे के नेतृत्व में पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई है। बताया जाता कि खंडहर नुमा मकान में हमेशा युवकों की भीड़ लगी रहती है। चर्चा है कि मकान में हमेशा ड्रग्स लेने वाले युवकों का हुजूम रहता है। दोपहर में ओवरडोज के कारण एक युवक की मौत हो गई। जिसके बाद वहां से अन्य युवक फरार हो गये। काफी देर बाद लोगों ने अंदर के कमरे में शव पड़ा हुआ देखा तो नगर पुलिस को सूचना दी। नगर थाना अध्यक्ष और इंस्पेक्टर आशुतोष कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर छानबीन की, लेकिन युवक के बारे में कुछ पता नहीं चल रहा था। हालांकि बाद में जब लोगों की भीड़ जुटी तो युवक की पहचान की। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दूरभाष द्वारा दी है। शव को जब्त कर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। एएसपी संजय पांडे ने कहा कि युवक की मौत नशीली दवा के ओवरडोज से होने की आशंका है।

# मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने नववर्ष की पूर्व सांध्य पर समस्त जिला वासियों को दी हार्दिक शुभकामनाएं



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो.अबु बकर सिद्दीकी**

मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने नववर्ष की पूर्व सांध्य पर समस्त जिला वासियों को दी हार्दिक शुभकामनाएं मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने नववर्ष की पूर्व संध्या पर समस्त जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि नया साल सभी के जीवन मे नई उमंग, प्रेम, भाईचारे एवं सदभावना का साल हो। जिलेवासियों की उम्मीदों को पूरा करने के लिए जिला प्रशासन दृढ़ संकल्पित है। विधिव्यवस्था के साथ-साथ सरकार की सभी कल्याकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प के साथ स्वच्छ प्रशासन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता में है। जल-जीवन -हरियाली अभियान के साथ-साथ ,नशामुक्ति , दहेजप्रथा एवं बालविवाह उन्नमूलन जैसे समाज सुधार अभियान में व्यापक जनसहभागिता को लेकर जिला प्रशासन दृढसंकल्पित है। सरकार की जिले में चल रही विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं का ससमय पूरी गुणवत्ता के साथ शत-प्रतिशत कार्यान्वयन कराना प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने कहा कि जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा *को लेकर बेहतर माहौल बनाने एवं स्वास्थ्य सेवाओं में और भी अधिक सुधार हेतु लगातार प्रयास जारी रहेगा

# कलुआही प्रखंड अंतर्गत डोकहर गांव निवासी पुष्पा कुमारी ने तेजस्वी यादव के नीति से प्रभावित होकर ली सदस्यता



जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
मो .अबु बकर सिद्दीकी

मधुबनी जिला के कलुआही प्रखंड अंतर्गत डोकहर गांव निवासी पुष्पा कुमारी ने तेजस्वी यादव के नीति से प्रभावित होकर महिला प्रकोष्ठ राजद मधुबनी से जुड़ी तथा उन्हें जिला कमेटी में महासचिव का पद दिया गया !!

रेणु यादव- जिला अध्यक्ष (महिला प्रकोष्ट) राजद मधुबनी सह जिला परिषद सदस्य क्षेत्र संख्या 20 कलुआही मधुबनी ने कहा के पूरे ही सभी जगह पर राजद का सदस्यता अभियान जारी है '

# समस्तीपुर मंडल में रेल सेवा से सेवानिवृत हुए अधिकारियों और रेलकर्मियों का सम्मान एवं समापक भुगतान

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**




**समस्तीपुर।** समस्तीपुर मंडल के मंडल कार्यालय के मंथन सभागार में मंगलवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें दिसंबर माह में रेल सेवा से सेवानिवृत हुए 02 अधिकारी और 34 रेलकर्मियों का समापक भुगतान किया गया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक अलोक कुमार झा ने सेवानिवृत अधिकारियों और रेलकर्मियों को सम्मानित किया और उनकी सेवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ये अधिकारी और रेलकर्मी अपनी सेवाओं के दौरान रेलवे के लिए बहुत महत्वपूर्ण योगदान दिया है और उनकी सेवाओं को हमेशा याद रखा जाएगा। कार्यक्रम में यूनियन और एसोसिएशन के पदाधिकारी भी उपस्थित थे और उन्होंने सेवानिवृत अधिकारियों और रेलकर्मियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर सेवानिवृत अधिकारियों और रेलकर्मियों को एक स्मृति चिन्ह और समापक भगतां का चेक प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में अपर मंडल रेल प्रबंधक अलोक कुमार झा ने सभी सेवानिवृत अधिकारियों और रेलकर्मियों को धन्यवाद दिया और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा चलाए जा रहे सैकड़ों जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित फोल्डर उपलब्ध कराई



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

सीतामढ़ी। पांच दिवसीय दौरे पर निकले प्रदेश जदयू के वरिय उपाध्यक्ष सह विधान पार्षद रवीन्द्र प्रसाद सिंह ने आज सीतामढ़ में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा आमलोगों के हित में चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सही लाभुकों तक पहुंचे इसके लिए आप सभी जदयू कार्यकताओं को अभियान चलाना होगा ताकि आमजनों को सरकार की लाभकारी योजना का लाभ प्राप्त हो सके,श्री सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा चलाए जा रहे सैकड़ों जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित फोल्डर जो पार्टी द्वारा पंचायत स्तर तक उपलब्ध कराई जा चुकी है उसकी समीक्षा करते हुए कहा कि उस फोल्डर का अध्ययन कर उसका प्रचार प्रसार किया जानाहम सब पार्टी संगठन का दायित्व है, उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्राप्त करने के लिए प्रत्येक पंचायत कमिटी को सक्रिय रहकर अपने पंचायत के प्रत्येक जरूरतमंदों की सूची तैयार कर उन्हें लाभ दिलाने की आवश्यकता है, उन्होने कहा की पार्टी कार्यकताओं को यह शुभ अवसर है कि कल्याणकारी योजनाओं को लेकर समाज के वंचितों, पीड़ितों, अनुसूचित जातियों, अतिपिछड़ों, महिलाओं एवं अकलियतों के घरों तक पहुंचे जिससे इन वर्गों के बीच हमारी पैठ एवं सक्रियता बनी रहेगी।मालूम हो कि श्री सिंह दिनांक 27 दिसंबर 2024 को बगहा से शुरू कर पश्चिमी चंपारण,पूर्वी चंपारण, शिवहर होते हुए आज पांचवां दिन सीतामढ़ी पहुंचे है जहां जदयू कार्यालय में सीतामढ़ी जिला की तरफ से पार्टी की जिला कोरग्रुप एवं प्रखण्ड अध्यक्षों की आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए उक्त बात कही है। बैठक को श्री सिंह के साथ आए पार्टी के महासचिव परमहंस कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि अब वक्त आ चुका है कि पार्टी कार्यकर्ता मुख्यमंत्री जी द्वारा संचालित सभी योजनाओं को नीचे तक पहुंचाने में सहयोग करें।कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुशवाहा ने करते हुए कहा कि सरकार के योजनाओं का फोल्डर अध्यन करने के लिए अध्यन कार्यक्रम की की घोषणा की जाएगी जिसमें पार्टी के पंचायत तक कार्यकर्ता फोल्डर अध्यन कर जन जन तक बतलाएंगे।

बैठक को संबोधित करने वाले प्रमुख नेताओं में धीरेंद्र कुमार पटेल, पीतांबर सिंह कुशवाहा, हरिशंकर पासवान, अखिलेश पटेल, प्रोफेसर अमर सिंह, जदयू नेत्री सूफिया तसनीम, शादाब अहमद खान, जदयू के वरिष्ठ नेता मो अरशद रजी, कैलाश बिहारी मिश्रा,धीरेंद्र कुंवर, विजय कुमार पटेल, सुदेश कुमार शाही, आलोक रंजन, वंश लाल यादव, शंभू साहनी, प्रखंड अध्यक्ष प्रहलाद महतो,सत्येंद्र नारायण सिंह, मो.बशीर अंसारी,ओम प्रकाश राय, राघवेंद्र सिंह, दीपक कुशवाहा, रमेश पटेल, मो.जफरुल्लाह खान, विनोद पटेल गोपी ठाकुर, गोपाल महतो ,नागेंद्र राय, प्रवीण कुमार, अमित कुमार गोल्डी एवं संजय प्रसाद अन्य थे

# अंचल गार्ड रामजी सहनी हुए सेवा निवृत



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** जिले के वारिसनगर प्रखंड मुख्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी अजमल परवेज ने किया।इस अवसर पर अंचल के अंचल गार्ड रामजी सहनी को अंचल कर्मियों ने उन्हें अंग वस्त्र देकर दी विदाई।बताया जाता है कि अंचल गार्ड रामजी सहनी वारिसनगर में दो वर्ष अंचल गार्ड के रूप में कार्य किए जिसे सभी कर्मियों ने उनके कार्य को सराहा और काफी प्रशंसा की।इधर अंचल नाजिर रवि कुमार ने बताया कि गार्ड रामजी सहनी बहुत ही नेक दिल इंसान थे, अब वे यहां से सेवा निवृत होकर जा रहे हैं।बाकी जिंदगी अपने बाल बच्चों के साथ व्यतीत करेंगे।विदाई समारोह में अंचल नाजिर रवि कुमार, बड़ा बाबू अनिल कुमार, अंचल कर्मी मंटून कुमार, शंभू साह, विश्वनाथ महतो आदि मौजूद थे।

## वंचित अधिकार पार्टी के समस्तीपुर जिला अध्यक्ष बने प्रमोद पोद्दार

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। वंचित अधिकार पार्टी बिहार के प्रदेश अध्यक्ष रवि रंजन गुप्ता ने प्रमोद कुमार पोद्दार पिता स्वर्गीय रामचंद्र पोद्दार ग्राम हांसोपुर पोस्ट श्रीपुरगाहर प्रखंड खानपुर, जिला समस्तीपुर निवासी सामाजिक न्याय, शोषित, पीड़ित, वंचित के लिए हमेशा आवाज उठाने वाले को समस्तीपुर जिला अध्यक्ष ने मनोनीत किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने आशा व्यक्त किया है कि प्रमोद पोद्दार 25 वर्षों से वार्ड सदस्य एवं दो बार उप मुखिया रहे जन कल्याणकारी नीति एवं योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे जिससे पार्टी को मजबूती मिलेगी। जिला अध्यक्ष बनने पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष धीरू गुप्ता, पंकज पोद्दार, व्यवसाय प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष राजीव रंजन, प्रदेश सचिव विमल आनंद, प्रमोद साह, मनमोहन कुमार, श्वेता पोद्दार अधिवक्ता सह पूर्व सरपंच, अधिवक्ता सौम्या शुभांगी, अधिवक्ता रविंद्र कुमार, प्रोफेसर अमरेंद्र यादव, मोहन मौर्या पूर्व सांसद प्रत्याशी, महेश्वर पासवान, चंदन यादव, आशुतोष पोद्दार, लालबाबू पासवान, जयशंकर प्रसाद सिंह, जयशंकर राय, अजय पासवान आदि लोगों ने बधाई दी है।

## प्रखंड के एचएम को गणित व भाषा विषयों की दी गई जानकारी

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** जिले के वारिसनगर स्थित उच्च विद्यालय के सभागार में मंगलवार को गणित भाषा पर कार्यशाला आयोजित की गई।कार्यशाला का उदघाटन बिपीएम मो आरिफ जमाल व संस्था के जिला स्तरीय आँचल कुमारी ने संयुक्त रूप से की। प्रशिक्षण में पहली से आठ वीं वर्ग के बच्चों के गणितीय कौशल व बुनियादी भाषा के विकसित विषयों पर राज्य से मिले गाइडलाइन पर चर्चा की गई। साथ उक्त विषयों के विकसित के लिए सौ दिन के कार्यक्रम पर चर्चा की। बैठक में बीआरपी व एचएम मौजूद थे।

## फरारी शराब कारोबारी को पुलिस पकड़ने गई तो फरारी ने छत से कुदने के फेर में हुआ जखमी

**इजिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर।जिले के वारिसनगर प्रखंड के तहत मथुरापुर पुलिस ने फरारी शराब कारोबारी को गिरफ्तार करने जब उसके घर पहुंची तो वह छत से कूद गया जिससे वह जख्मी हो गया। अपर थानाध्यक्ष आश्वथामा कुमार व सअनी जगनिवास शर्मा पुलिस बल के साथ विभूतिपुर थाना के भरपुरा डीह पहुंचकर कारोबारी नील कमल साह के घर पर पहुंची तो पुलिस को देखकर वे अपने घर के छत से कूद गया जिससे जख्मी हो गया पुलिस उसे गिरफ्तार कर लिया। वहां से लाकर समस्तीपुर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पैर टूटू गया था। बतादे कि तीन माह पूर्व मुक्तापुर के पास दो वाहन पर 276 लीटर शराब बरामद की गई थी, जिसमें तीन व्यक्ति गिरफ्तार हुआ था यह व्यक्ति गाड़ी पर से कुदकर भाग निकला था।

## कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र में डॉ ललन कुमार राय की पुस्तक का विमोचन

**इजिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**



**सीतामढ़ी।** इंडियन इकोनॉमिक्स एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में श्री लक्ष्मी किशोरी महाविद्यालय,सीतामढ़ी के अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ ललन कुमार राय की पुस्तक *महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का तथ्य परक अध्ययन का विमोचन 29 दिसंबर को समारोह के मुख्य अतिथि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची के कुलपति तपन कुमार शांडिल्य के कर कमलों द्वारा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के कुलसचिव प्रो. विपिन कुमार,बिलासपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एडीएन वाजपेयी और ओपन यूनिवर्सिटी रांची के कुलपति प्रो. टी एन साहू जैसे सुप्रसिद्ध विद्वानों की उपस्थिति में किया गया।

इससे महाविद्यालय परिवार अत्यंत हर्षित है प्राचार्य डॉ वीरेंद्र चौधरी ने डॉ. राय को उनकी रचना के प्रकाशन के लिए हार्दिक बधाई एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान की है तथा महाविद्यालय परिवार के समस्त सदस्यों ने उनको हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की है।

के नए पग चिह्न नहीं मिले हैं। शाहपुर के रहने वाले गोविंद ने बताया कि गुरुवार रात खेत में पानी लगा रहे था। तभी सामने से एक बड़ा जानवर निकला। मैं घबराकर पास ही झाड़ियों में छिप गया। सुबह देखा तो बाघ के पग चिह्न थे। पास में ही किसान सकटु के खेत में भी बाघ के पग चिह्न मिले हैं। वन विभाग की टीम दिन में जांच करने पहुंची थी।

# कांग्रेसजनों ने जताया पूर्व प्रधानमंत्री मन मोहन सिंह के निधन पर शोक



**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, अर्थ शास्त्री मन मोहन सिंह के निधन पर कांग्रेसजनों ने शोक प्रकट किया है। कसया नगर में पार्टी कार्यालय पर शोक सभा आयोजित कर पूर्व प्रधानमंत्री स्व० सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

वक्ताओं ने कहा कि वह कुशल राजनेता और कुशल शासक थे। उनके कार्यो को देश हमेशा याद रखेगा। अध्यक्षता ब्लाक अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने किया। इस दौरान पंचानंद मिश्रा, जिलाउपाध्यक्ष राधा कृष्ण शर्मा, ओमप्रकाश तिवारी, कांग्रेस के ओबीसी पिछड़ा वर्ग विभाग के महासचिव रविन्द्र विश्वकर्मा उर्फ राधे विश्वकर्मा, रमजान अली एडवोकेट, जाकिर हुसैन, अंशु मणि, वारिस अली, सैफ पठान, अनुज मिश्रा आदि मौजूद रहे। कांग्रेस पार्टी के निवर्तमान जिला महामन्त्री जितेंद्र पटेल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री सिंह का निधन से पूरा देश शोक में डूब गया है। वह देश में आर्थिक सुधारों, मनरेगा, खाद्य सुरक्षा कानून, डीबीटी के लिए जाने जाते हैं। नगरपालिका परिषद कुशीनगर के सिसवा - महन्थ स्थित श्री राधा कृष्ण इंटर कालेज में प्रधानाचार्य रामप्रवेश यादव, श्रीदुर्गा जी इंटर कालेज में प्रबन्धक महेश पासवान, भगवान बुद्ध समाज कल्याण प्रावि व पुमावि अनिरुद्धवा में प्रबन्धक प्रभुनाथ सिंह, बुध्द इंटरमीडिएट कालेज कुशीनगर में प्रधानाचार्य उमेश कुमार उपाध्याय व अन्य विद्यालयों में प्रधानाचार्यों व प्रधानाध्यापक गण के नेतृत्व में शोक सभा आयोजित कर दो मिनट का मौन रख पूर्व प्रधानमंत्री स्व० सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## नथुनी सिंह बालिका जूनियर हाईस्कूल में
# स्काउट गाइड का हुआ समापन



**संवाददाता**

**कुशीनगर।** फाजिलनगर क्षेत्र के नथुनी सिंह बालिका जूनियर हाईस्कूल में चल रहे तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर के समापन समारोह के अवसर पर शिविरार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सबका मन मोह लिया। अंत में सभी शिविरार्थियों को प्रमाण पत्र और मेडल दिया गया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आरटीओ अजय त्रिपाठी ने शिवरार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट गाइड का शिविर जीवन में अनुशासन, नेतृत्व और सेवा भावना विकसित करने की प्रेरणा देता है। जिससे शिविराथियों में सकारात्मक सोच के साथ सुंदर विचार का आरम्भ हो जाता है। इस शिविर में बताए गए बातों को आत्मसात कर आप अपने जीवन को सुंदर और अनुशासित बना सकते हैं। विशिष्ट अतिथि तहसीलदार तमकुहीराज चंदन शर्मा ने कहा कि यहां अनुशासन में रहकर शिक्षा लेने वाले छात्र निश्चित सफलता पाते है। उन्होंने कहा कि आप अपने लक्ष्य को तय कर आगे बढ़े तो सफलता आपके कदम चूमेगी। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजन शुक्ला ने कहा कि स्काउट गाइड जीवन जीने की कला सिखाता है। कार्यक्रम को सेंट जोसेफ स्कूल के संस्थापक सीओ जोश, पूर्व प्रधान विनय तिवारी,मनीष तिवारी ,मजीबुल्लाह राही आदि ने सम्बोधित किया। इसके बाद अतिथियों ने टोलियों का निरीक्षण किया।शिविर में प्रशिक्षक एमडीआई खान और जेपी रावत ने छात्रों को विभिन्न प्रकार की कौशल और तरकीबें सिखाईं, जिनमें प्राथमिक उपचार, अनुशासन, और नेतृत्व क्षमता का विकास शामिल था। शिविर में प्रथम ,द्वितीय और तृतीय स्थान लाने वाले टोलियों का मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कवि व पत्रकार मनंजय तिवारी निर्मल ने किया। अंत में कालेज के प्रबधंक विकास सिंह भोलू व प्रधानाचार्य कांतिपति नंदलाल सिंह ने आये हुए आगंतुकों के प्रति अभार प्रगट किया। इस दौरान अम्बरीश दीक्षित, प्रमोद सिंह, नागमणि, तृप्ति, रियाजुद्दीन, स्वत्रंत सिंह, रविन्द्र सिंह, रजनीश उपाध्याय, नर्वदेश्वर मिश्रा उपस्थित रहे।

# लखनऊ में श्रीराम कथा का आयोजन



**लखनऊ ।** मोती महल लॉन में श्रीराम कथा के दूसरे दिन रामकथा मर्मज्ञ स्वामी राघवाचार्य महाराज ने कहा- भगवान के भीतर पाप नष्ट करने की जितनी क्षमता है, उतनी मनुष्य के भीतर पाप करने की नहीं। स्वामी ने भक्ति को नम्रता का पर्याय बताया।

उन्होंने कहा- जो व्यक्ति जितना विनम्र है, वह उतना बड़ा भक्त है। उन्होंने मानव जीवन में विनम्रता के महत्व को बताया। श्रीराम कथा आयोजन समिति के संयोजक डॉ. सप्तर्षि मिश्र और अधिवक्ता संजीव पाण्डेय ने लखनऊवासियों से कथा में शामिल होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा- श्रीराम कथा पंडाल उत्तम चरित्र गढ़ने का केंद्र बन गया है। यहां पूज्य संतों के आशीर्वचन से भक्तजन प्रेरणा और आनंद प्राप्त कर रहे हैं।

आज की कथा के मुख्य यजमान डॉ. सुशील कुमार त्रिवेदी और अरुण मिश्र थे।

# लखनऊ में अवैध प्लॉटिंग पर भड़कीं कमिश्नर



**लखनऊ।** सरकारी जमीनों पर कब्जे की शिकायतों पर शनिवार को कमिश्नर अचानक सदर तहसील पहुंची। कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब ने ग्राम सभा लोनापुर और लौलाई का निरीक्षण किया। सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा देखकर भड़क गईं। मौके पर ही लेखपाल दिलीप बाथम को फटकार लगाई। लंबे समय से लखनऊ में तैनात लेखपाल दिलीप बाथम के खिलाफ मंडल आयुक्त को एक्शन लेने के निर्देश दिए। ग्राम सभा लोनापुर में सरकारी गाटा संख्या 372, 373 और 377 पर प्रॉपर्टी डीलर अभिषेक मिश्रा ने अवैध प्लॉटिंग की थी। जांच में पता चला कि जमीन को कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन राजस्व लेखपाल दिलीप बाथम ने लापरवाही और शिथिलता बरती। इसपर कमीश्नर डॉ. रोशन जैकब ने लेखपाल दिलीप बाथम के खिलाफ आरोप पत्र जारी किया। कमिश्नर ने कहा कि अगर लेखपाल ने कार्यशैली में सुधार नहीं लाया, तो उन्हें सस्पेंड कर दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान अन्य भू-माफिया की अवैध गतिविधियों पर भी मंडलायुक्त ने सख्त कार्रवाई के आदेश दिए। बिल्डर अभिषेक मिश्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने और सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराने की भी बात कही। वहीं माधव ग्रीन सिटी कॉलोनी के प्रोपराइटर मथुरेश श्रीवास्तव पर भी एफआईआर दर्ज कराने का आदेश दिए। मुकेश श्रीवास्तव ने ग्राम सभा लौलाई की सरकारी भूमि गाटा संख्या 75/5, 62/7 और 69स पर अवैध प्लॉटिंग की थी। रिजवान और राजेंद्र यादव के खिलाफ सरकारी गाटा संख्या 62 और 62/7 पर कब्जा करने के मामले में एफआईआर दर्ज कराने और भूमि को मुक्त कराने के निर्देश। मंडलायुक्त ने कहा कि सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे हटाने को लेकर जिलेभर में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। भूमि पर किए गए अतिक्रमणों की पहचान के लिए जीएस मैपिंग और पैमाइश की जा रही है। मंडलायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि सरकारी भूमि पर कब्जा हटाने के बाद अगर दोबारा कब्जा होता है, तो संबंधित के खिलाफ नामजद ऋक्क दर्ज की जाएगी। भू-माफियाओं को संरक्षण देने वालों पर भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। मंडलायुक्त ने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त करने के बाद उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करें। भूमि पर स्वामित्व बोर्ड लगवाकर उसे संरक्षित किया जाए। मंडलायुक्त ने नियमित समीक्षा करने और कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिए।

# क्रिकेट में इलाहाबाद को हरा दिल्ली पहुंची सेमीफाइनल




**संवाददाता**

कुशीनगर। फाजिलनगर के पावानगर महावीर इण्टर कालेज के राज मालती स्टेडियम में आयोजित 19वीं अखिल भारतीय शहीद मेजर अमिय त्रिपाठी क्रिकेट प्रतियोगिता के पूल बी के दूसरे मैच में दिल्ली चैलेंजर्स दिल्ली की टीम ने इलाहाबाद एकादश प्रयागराज को एकतरफा मुकाबले में पांच विकेट से हराकर सेमीफाइनल में पहुंच गई। दिल्ली के आईपीएल खिलाड़ी अनुरीत सिंह को आल राउंड प्रदर्शन के लिए मैन आफ द मैच चुना गया। शनिवार को दस बजे से शुरू हुए इस प्रतियोगिता में दिल्ली के कप्तान अंकित त्रिपाठी ने टास जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी प्रयागराज की टीम का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। निर्धारित 30 ओवरों के खेल सत्रहवें ओवर में सभी विकेट गंवाकर मात्र 79 रनों का स्कोर खड़ा किया। जिसने शशांक मेहरोत्रा ने 27गेंदों पर दो छक्के, तीन चौकों के मदद 33 रन, और अखिल कुमार कश्यप ने 18 रनों का योगदान दिया। प्रयागराज के सात खिलाड़ी 65 रन के स्कार पर पेवेलियन लोट गए थे जबकि चार खिलाड़ी बिना खाता खोले ही आउट हो गए। दिल्ली के तरफ से गेंदबाजी करते हुए अनुरीत सिंह, शिवम शर्मा, मुहम्मद आसिफ मंसूरी, विजन पांचाल ने दो - दो विकेट तथा पंकज जायसवाल ने एक विकेट लिया वहीं ओपनर बल्लेबाज एक रन के स्कोर पर रनआउट हो गए। लक्षय का पीछा करने उतरी दिल्ली की टीम ने आठवें ओवर के पहले गेंद पर पांच विकेट गंवाकर मैच को जीत लिया। दिल्ली के तरफ से गेंदबाजी करते हुए अनुरीत सिंह 23 गेंदों का सामना करते हुए तीन छक्के, तीन चौकों के मदद से 32 रन, विजन पांचाल ने पांच गेंदों पर दो छक्के एक चौका के मदद से 16 रन तथा अजय शुक्ला ने 10 रनों का योगदान देकर टीम को जीत दिला दिया। प्रयागराज के तरफ से गेंदबाजी करते हुए विशाल यादव, शशांक मेहरोत्रा, अन्नू राजा तथा सुमित पाण्डेय को एक- एक सफलता मिली। दिल्ली के खिलाड़ी अनुरीत सिंह के 32 रनों की पारी खेलते हुए दो विकेट लेने पर मैन आफ द मैच का पांच हजार का नगद पुरस्कार आयोजन समिति के संरक्षक और उ.प्र.फुटबाल एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय त्रिपाठी ने प्रदान किया। मैच की अम्पायरिंग यूपीसीए पैनल के अंपायर पवन यादव व संतोष कुमार सिंह ने किया।

जबकि थर्ड अंपायर अशोक शर्मा रहे। स्कोरिंग यूपीसीए पैनल के स्कोरर भूषण मिश्रा ने किया।मैच के रेफरी सतीश पाण्डेय रहे।मैच का कमेंट्री मुहम्मद आलम तथा गुड्डू पाण्डेय के साथ अंतरराष्ट्रीय भोजपुरी कमेंटेटर सुमित मिश्रा गुलाब हुसैन रिजवी जीओ सिनेमा ने किया। मैच का लाइव प्रसारण सचिन यादव और उनके टीम द्वारा किया जा रहा है। मैच का शुभारंभ खिलाड़ियों से परिचय प्राय कर टीएन राय ने किया।

इस दौरान शासकीय अधिवक्ता अभय त्रिपाठी, सेंट जोसेफ स्कूल के संस्थापक सीओ जोश, सामाजिक कार्यकर्ता केदार सिंह,डा.केपी सिंह, राजन शुक्ला, विनीत कुमार बंटी, प्रदीप सिंह,मीडिया प्रभारी दिनेश सिंह, आजाद अंसारी, वैभव पांडेय, अनुराग पांडेय,उदयभान सिंह, मंजूर आलम, गुड्डू चौहान, सुनील सिंह, मनोज चौबे, गणेश त्रिपाठी, गोविन्द यादव, कविंद्र सिंह, खुर्शीद आलम, चन्दन दुबे, सत्यम त्रिपाठी, शिवम त्रिपाठी, भास्कर राय, पंकज ओझा, पिंटू सिंह, गुड्डू सिंह, पिंटू राय आदि उपस्थित रहे।

# नववर्ष है कल की रचनात्मक तस्वीर के रेखांकन का



ललित गर्ग

**नए साल की शुरूआत जीवनशैली में बदलाव करने, बुरी आदतों को छोड़ने और अपने संकल्प को बेहतर बनाने के लिए एक बेहतरीन समय है। नए साल के सबसे लोकप्रिय संकल्पों में अधिक महत्वपूर्ण है अपने आत्मविश्वास को कमजोर न होने देना।**




नववर्ष मुड़कर एक बार अतीत को देख लेने एवं भविष्य को बुनने का स्वर्णिम अवसर। क्या खोया और क्या पाया इस गणित को विश्लेषित करने एवं आने वाले कल की रचनात्मक तस्वीर के रेखांकन का प्रेरक क्षण। क्या बनाना है और क्या मिटाना है, इस अन्वेषणा में संकल्पों की सुरक्षा पंक्तियों का निर्माण करने के लिये अभिप्रेरित करने की चौखट है- नववर्ष। 'आज', 'अभी', 'इसी क्षण' को पूर्णता के साथ जी लेने के जागृति का शंखनाद है नववर्ष। बीते कल का अनुभव और आज का पुरुषार्थ ही भविष्य का भाग्य रच सकता है इसीलिये नववर्ष के उत्सव की प्रासंगिकता को नकारा नहीं जा सकता। इसीलिये वर्ष 2024 की निराशाओं, असफलताओं एवं नाउम्मीदों पर पश्चाताप करने की बजाय उम्मीद, आशा एवं जिजीविषा को जीवंत करें। भले ही पछतावा जीवन का एक ऐसा सत्य है, जिसे नकारा नहीं जा सकता। हालांकि हमें यह सलाह दी जाती है कि अतीत में क्या हुआ, क्या खोया एवं क्यों संकल्प पूरे नहीं हुए, इस पर पछताना ठीक नहीं। बीती बातों को याद करके दुखी होने से केवल मानसिक तनाव, निराशा एवं असंतोष ही उत्पन्न होगा। फिर भी, हम पछतावे को हमारी जीवन यात्रा का अहम हिस्सा मानते हुए नववर्ष का स्वागत नये उजालों से करते हुए इसे प्रेरणा पर्व बनाये।

नए की स्वीकृति के साथ पुराने को अलविदा कहने की इस संधिबेला में किंपलिंग की विश्व प्रसिद्ध पंक्ति याद आ रही है-'पूर्व और पश्चिम कभी नहीं मिलते।' पर मैं देख रहा हूं कि पुराना और नया मिलकर संवाद स्थापित कर रहे हैं। जाता हुआ पुराना वर्ष नये वर्ष के कान में कह रहा है, 'मैंने आंधियाँ अपने सीने पर झेली हैं, तू तूफान झेल लेना, पर मन के विश्वास को टूटने मत देना, संकल्प के दीपक को बुझने मत देना।' नये भारत के इक्कीसवीं शताब्दी के इस रजत जयन्ती वर्ष में इसी विश्वास को जीवंतता देने के लिये अपनी अनुकरणीय योजनाओं के साथ देश एवं दुनिया में सक्रिय होना है और अनूठा करना है। उसके लिये विश्वास एवं संकल्प वे छोटी-सी किरणें हैं, जो सूर्य का प्रकाश भी देती है और चन्द्रमा की ठण्डक भी। और सबसे बड़ी बात, वह यह कहती है कि 'अभी सभी कुछ समाप्त नहीं हुआ। अभी भी सब कुछ ठीक हो सकता है।' मनुष्य मन का यह विश्वास कोई स्वप्न नहीं, जो कभी पूरा नहीं होता। इस तरह का संकल्प कोई रणनीति नहीं है, जिसे कोई वाद स्थापित कर शासन चलाना है। यह तो इंसान को इन्सान बनाने के लिए ताजी हवा की खिड़की है।

जाते हुए वर्ष को अलविदा कहते हुए नए वर्ष की दस्तक आह्वान कर रही है कि अतीत की भूलों से हम सीख लें और भविष्य के प्रति नए सपने, नए संकल्प बुनें। अतीत में जो खो दिया उसका मातम न मनाएं। हमारे भीतर अनन्त शक्ति का स्रोत बह रहा है। समय का हर टुकड़ा विकास एवं सार्थक जीवन का आईना बन सकता है। हम फिर से वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसे अपनी दुर्बलताओं, विसंगतियों, प्रमाद या आलस्यवश पा नहीं सकते थे। मन में संकल्प एवं संकल्पना जीवंत बनी रहना जरूरी है। हर बार संकल्प पूरे हों, यह बिल्कुल जरूरी नहीं, क्योंकि जज्बा तब तक लोहा भर है, जब तक मन में दृढ़ता का बसेरा न हो। दृढ़ता आए तो यही जज्बा इस्पात बन जाता है। इसी जज्बे के साथ नये भारत के निमार्ता समस्त विश्व के लोगों में एक दूसरे के प्रति विश्वास की भावना उत्पन्न करने, अच्छे नागरिकों का निर्माण करने, समस्त मानवता को मित्रता, भाई-चारे और विश्वास में बांधने के लिये तत्पर है। नैतिक एवं सौम्य गुणों को बढ़ावा देना, परोपकार, जनसेवा एवं समाज उत्थान के लिये व्यापक योजनाओं को आकार देने के लिये अग्रसर हैं, जिन्हें नये वर्ष में आसमानी ऊंचाई देने की प्रतिबद्धता है।

दुनिया में कुछ ही ऐसे भाग्यशाली लोग होते हैं, जिनके जीवन में पछतावा नहीं होता या बहुत कम होता है, क्योंकि वे जीवन को अपने तरीके से जीते हैं। युवावस्था में जीवन की गति तेज होती है। तब इतनी सारी चुनौतियां सामने होती हैं और इतने सारे विकल्प कि आगे बढ़ने की कोशिश में पछताने का वक्त नहीं मिलता। लेकिन जैसे-जैसे हम बूढ़े होते हैं और जीवन की गति धीमी होती जाती है, हम अतीत की सफलताओं-असफलताओं, हर्ष-विषाद, सुख-दुख, उन्नति-अवनति आदि चीजों पर सोचने लगते हैं। यह समय आत्मनिरीक्षण का होता है, जिसमें हम अपने जीवन की यात्रा और उसके अनुभवों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। भीष्म पितामह जैसी शख्सियत को भी मृत्यु शैय्या पर पछतावा था कि उन्होंने अधर्म का साथ दिया। जीवन भर के उनके अच्छे कर्म उस समय याद नहीं आ रहे थे, और वह अपने एक निर्णय के कारण अपने जीवन के अंतिम क्षणों में पछता रहे थे। लेकिन हमें पछतावे से जीवन को धुंधलाना नहीं हैं, बल्कि नये संकल्पों से आगे बढ़ना है।

आप अपनी जिंदगी किस तरह जीना चाहते हैं? यह तय होना जरूरी है, आखिरकार जिंदगी है आपकी! दरअसल, जीवन एक व्यवस्था है। ऐसी व्यवस्था, जो जड़ नही, चेतन है। स्थिर नहीं, गतिमान है। इसमें लगातार बदलाव भी होने है। जिंदगी की अपनी एक फिलासफी है, यानी जीवन-दर्शन। सनातन सत्य के कुछ सूत्र, जो बताते हैं कि जीवन की अर्थवत्ता किन बातों में है। ये सूत्र हमारी जड़ों में हैं- पुरातन ग्रंथों में, हमारी संस्कृति में, दादा-दादी के किस्सों में, लोकगीतों में। जीवन के मंत्र ऋचाओं से लेकर संगीत के नाद तक समाहित है। हम इन्हें कई बार समझ लेते हैं, ग्रहण कर पाते हैं तो कहीं-कहीं भटक जाते हैं और जब-जब ऐसा होता है, जिंदगी की खूबसूरती गुमशुदा हो जाती है। जीवन का एक-एक क्षण जीना है- अपने लिए, दूसरों के लिए यह संकल्प सदुपयोग का संकल्प होगा, दुरुपयोग का नहीं। बस यहीं से शुरू होता है नीर-क्षीर का दृष्टिकोण। यहीं से उठता है अंधेरे से उजाले की ओर पहला कदम। सच तो यह है कि नई जिन्दगी की शुरूआत ही नया वर्ष है। समझदार लोगों के लिये नववर्ष का जश्न पछतावा नहीं, बल्कि आभार जताने का मौका देती है। उन सबके लिये आभार, जिनसे हमने सीखा एवं पाया है। आभार एवं कृतज्ञता उन रास्तों के लिये, जो हमारे लिये आशीर्वाद बन गये और उस शांत यकीन के लिये जो बताता है कि जिन्दगी की अनिश्चितताओं में भी एक दैवीय व्यवस्था काम करती है हमारी नाउम्मीदी को उम्मीद में बदलने के लिये।

नववर्ष की याद दिलाने वाली एक बात यह है कि हालात चाहे कितने भी मुश्किल क्यों न हो, कहीं-न-कहीं कोई है जो हमारे लिये चीजों को आसान बनाने पर काम कर रहा है। ब्रह्माण्ड की जिस भी शक्ति को आप मानते हैं, वह आपके लिये, दोस्तों, परिवारजनों, अजनबियों और दैनंदिन के कामों के लिये एक रास्ता तैयार कर रही है, यही आपको मंजिल तक ले जायेगा। इसलिये थोड़ा रुके, सोचे, हौसल्लों को जीवंतता दे और फिर नयी शुरूआत करें। जान ले कि आप अकेले नहीं है और वह अदृश्य शक्ति एवं आस्था आपको मंजिल तक पहुंचाने में जुटी है।

जीवन को केवल पीछे मुड़कर समझा जा सकता है, लेकिन इसे आगे बढ़कर जीना भी पड़ता है। हम अपनी बातों और कार्यों की जिम्मेदारी लें, लेकिन कभी भी इन्हें अपने मन में इतना भारी न होने दें कि वे हमारे विकास को रोकें। यह महत्वपूर्ण है कि हम हार से सीखें और उन्हें अपने अनुभव का हिस्सा बनाएं, ताकि और अधिक समझदारी से जीवन में आगे बढ़ सकें और जीत को गले लगा सके। प्रयास यही रहे कि हमारे विकास में यह रुकावट न डाल पाए। जाते हुए वर्ष को अलविदा कहने एवं नये वर्ष का स्वागत करने की यह चौखट कल्पना, ईमानदारी और आत्ममंथन की मांग करती है, जिससे हम अपने जीवन के फैसलों को और अधिक सटीक और तर्कसंगत बना सकते हैं। नए साल की शुरूआत जीवनशैली में बदलाव करने, बुरी आदतों को छोड़ने और अपने संकल्प को बेहतर बनाने के लिए एक बेहतरीन समय है। नए साल के सबसे लोकप्रिय संकल्पों में अधिक महत्वपूर्ण है अपने आत्मविश्वास को कमजोर न होने देना।

## संपादकीय

### शाब्दिक शोषण

पॉस्को मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने एक आरोपी को यह कहते हुए बरी कर दिया कि पीड़िता स्वेच्छा से उसके साथ गई थी। नाबालिग पीड़िता ने शारीरिक संबंध शब्द का इस्तेमाल किया है। पीठ का कहना है जिसका अर्थ अपने आप से यौन उत्पीड़न नहीं निकाला जा सकता। हाईकोर्ट ने कहा, यह स्पष्ट नहीं है कि निचली अदालत ने कैसे यह निष्कर्ष निकाला कि कोई यौन उत्पीड़न हुआ था। शारीरिक संबंधों से लेकर यौन उत्पीड़न व संभोग तक की बात को साक्ष्य के माध्यम से साबित किया जाना चाहिए। केवल आशंकाओं के आधार पर नतीजा नहीं निकाला जाना चाहिए। अदालत ने कहा केवल इस तथ्य से की पीड़िता की उम्र अट्ठारह से कम है। इस निष्कर्ष पर नहीं पहुचा जा सकता कि संभोग हुआ था। मामले में नाबालिग की मां ने मार्च 2017 में शिकायत दर्ज कराई थी कि बेटी को बहला-फुसलाकर अपहरण कर लिया। बाद में पीड़िता आरोपी के साथ फरीदाबाद में मिली थी। पॉस्को एक्ट के तहत अगर बच्ची नाबालिग है तो सहमति मायने नहीं रखती, लेकिन शारीरिक संबंध शब्द को यौन संभोग तो दूर यौन उत्पीड़न में भी नहीं बदला जा सकता। पॉस्को एक्ट 2012 में लागू हुआ, जिसमें 18 साल से कम उम्र वाले नाबालिगों को यौन उत्पीड़न, शोषण व पोर्नोग्राफी के खिलाफ कड़ी सजा के प्रावधान हैं। बावजूद इसके देश में बच्चों के खिलाफ यौन हिंसा लगातार बढक्स्ली जा रही है। नाबालिग बच्चियों के साथ ही छोटे लड़कों का भी यौन शोषण किया जा रहा है। मगर यह भी सच है कि यौन उत्पीड़न तथा संभोग में पर्याप्त अंतर है, जैसा कि अदलात का तात्पर्य है। कई दफा लड़कियां सब सोचतेझसमझते हुए विपरीतलिंगी वयस्क के साथ शारीरिक संबंधों को राजी हो जाती हैं। बाद में पालकों के जेहनी दबाव में या भावनात्मक तौर पर बरगलाये जाने पर दोष मढ़ने को मजबूर की जाती हैं। हालांकि अब उक्त पीड़ित बालिग हो चुकी है, इसलिए उसका बयान तथा काउंसलिंग के माध्यम से सत्य जाना जा सकता है। यह कहना मुश्किल है कि दैहिक संबंध और संभोग के शाब्दिक अर्थ को लेकर पीड़ित कितनी सुनिश्चित है। इस तरह के संवेदनशील मसलों में शब्दों की बाजाए भाव, मेड़िकल रिपोर्ट व तत्कालीन हालात की अनदेखी नहीं जानी चाहिए। मामला पुलिस/अदालत तक जाने का अर्थ है, बच्ची मानसिक तनाव में लंबे अरसे तक रही। खासकर किशोरावस्था में अनजाने या भावावेश में बनाए गए इन संबंधों को लेकर पीड़िता में आत्मग्लानि भी नहीं रह जानी चाहिए।



## चिंतन-मनन

### भगवान का अचिंत्य ऐश्वर्य

भगवान भौतिक जगत के पालन व निर्वाह के लिए प्रत्यक्ष रूप से उत्तरदायी नहीं हैं। हम एटलस (एक रोमन देवता) को कंधों पर गोला उठाये देखते हैं। वह अत्यन्त थका लगता है और इस विशाल पृथ्वीलोक को धारण किये रहता है। हमें किसी ऐसे चित्र को मन में नहीं लाना चाहिए, जिसमें कृष्ण इस सृजित ब्रह्मांड को धारण किये हों। उनका कहना है कि यद्यपि सारी वस्तुएं उन पर टिकी हैं, सारे लोक अन्तरिक्ष में तैर रहे हैं और यह अन्तरिक्ष परमेश्वर की शक्ति है किन्तु वे अन्तरिक्ष से पृथक स्थित हैं। भगवान कहते हैं, यद्यपि सब रचित पदार्थ मेरी अचिंत्य शक्ति पर टिके हैं, किन्तु भगवान रूप में मैं उनसे पृथक रहता हूं। यह भगवान का अचिंत्य ऐश्वर्य है।

वैदिककोश निरुक्ति में कहा गया है- परमेश्वर शक्ति का प्रदर्शन करते हुए अचिंत्य आश्चर्यजनक लीलाएं कर रहे हैं। उनका व्यक्तित्व विभिन्न शक्तियों से पूर्ण है और संकल्प स्वयं एक तथ्य है। भगवान को इसी रूप में समझना चाहिए। हम कोई काम करना चाहते हैं, तो अनेक विघ्न आते हैं और कभी-कभी जो चाहते हैं वह नहीं कर पाते।

किन्तु जब कृष्ण कोई कार्य करना चाहते हैं, तो सब इतनी पूर्णता से सम्पन्न हो जाता है कि कोई सोच नहीं पाता कि यह सब कैसे हुआ! भगवान समझाते हैं-यद्यपि वे समस्त सृष्टि के पालक तथा धारणकर्ता हैं, किन्तु वे इस सृष्टि का स्पर्श नहीं करते। उनके मन और स्वयं उनमें कोई भेद नहीं है। वे हर वस्तु में उपस्थित हैं, किन्तु सामान्य व्यक्ति समझ नहीं पाता कि वे साकार रूप में उपस्थित हैं। वे भौतिक जगत से भिन्न हैं तो भी प्रत्येक वस्तु उन्हीं पर आश्रित है। इसे ही भगवान की योगशक्ति कहा गया है।

# वैश्विक परिवार दिवसः विश्व बंधुत्व की भावना से ही बनेगा वैश्विक परिवार



रमेश सर्राफ धमोरा

महात्मा गांधी का एक प्रसिद्ध भजन है वैष्णव जन तो तेने कहिये जे पीड़ परायी जाणे रे। दूसरों की पीड़ा समझने वाला ईश्वर के समान होता है। गांधी जी के इस भजन की पंक्तियों को भारत सही अर्थों में चरितार्थ कर रहा है। भारत हमेशा से ही विश्व बंधुत्व की भावना के सिद्धांत को अपनाकर उसी मार्ग पर चलाता आ रहा है। भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जो हमेशा से ही सभी को साथ लेकर चलने का प्रयास करता रहा है।

दुनिया के किसी भी देश में कैसा भी संकट आया हो भारत उसके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा नजर आता है। इसी को कहते हैं विश्व बंधुत्व की भावना। वैश्विक परिवार दिवस यदि दुनिया का कोई देश सही मायने में मनाता है तो वह भारत ही हैं। भारत में आज भी अतिथि देवो भव की भावना जिंदा है। यहां के लोग स्वयं भूखे रहकर अतिथियों को भोजन करवाना अपना परम धर्म समझते रहे हैं। वैश्विक परिवार का अर्थ है वसुधैव कुटुम्बकम इसका मूल सिद्धांत यह है कि संपूर्ण मानवता एक परिवार है। इस विचारधारा के अनुसार, प्रत्येक व्यक्ति चाहे वह किसी भी राष्ट्र, जाति, या धर्म से हो, एक ही व्यापक परिवार का हिस्सा है। इस सिद्धांत के अनुसार, विश्व में सभी का समान महत्व है और हर किसी को समान सम्मान मिलना चाहिए।

दुनिया भर में लोग नए साल की पहली सुबह का आनंद उठाते हैं। लोग अपने दोस्तों, परिवार और करीबी लोगों के इस खास दिन का जश्न मनाते हैं। नए साल के साथ ही साल के पहले दिन यानी एक जनवरी को वैश्विक परिवार दिवस भी मनाया जाता है। हर साल एक जनवरी को मनाए जाने वाले इस दिवस के जरिए परिवारों के माध्यम से राष्ट्रों और संस्कृतियों में एकता, समुदाय और भाईचारे की भावना पैदा करता है। दुनिया में शांति बनाए रखने के लिए जरूरी है कि एक परिवार का निर्माण हो। ताकि विश्व में शांति की स्थापना होने के साथ ही हिंसा भी कम की जा सकें।

जब पूरी दुनिया नए साल का जश्न मनाती है। उसी दिन पूरे विश्व में वैश्विक परिवार दिवस मनाया जाता है। ताकि विश्व में रहने वाले सभी लोग एक परिवार की तरह रहें। इस तरह विश्व के सभी राष्ट्रों और समुदाय में भाईचारे की भावना पैदा हो सके। वैश्विक परिवार दिवस जिसे विश्व शांति दिवस के रूप में भी जाना जाता है। दुनिया में सद्भाव और एकता की अवधारणा को बढ़ावा देने के लिए हर साल मनाया जाता है।यह दुनिया के एक वैश्विक गांव के विचार पर जोर देता है। जिसमें नागरिकता, सीमा या नस्ल की परवाह किए बिना हम सभी एक परिवार हैं। एक खुशहाल परिवार वह परिवार नहीं है जिसमें हर कोई एक दूसरे के जैसा सोचता, काम करता, महसूस करता या व्यवहार करता हो। एक खुशहाल परिवार की एक पहचान यह है कि पूरा परिवार एक दूसरे को वैसे ही स्वीकार करता हैं।

यह दिन पूरे विश्व को एक परिवार मानता है। वैश्विक परिवार दिवस को शांति और साझाकरण के वैश्विक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य बहुसंस्कृतिवाद, बहुलवाद को बढ़ावा देना और शांति और सद्भाव के साथ एक-दूसरे के साथ रहना सिखाना है। यह दिन विश्व के एक वैश्विक परिवार होने के विचार को बढ़ावा देता है। इसका उद्देश्य एकजुट होना और इस विचार को बढ़ावा देकर शांति का संदेश फैलाना है कि पृथ्वी एक वैश्विक परिवार है। ताकि दुनिया को सभी के लिए रहने के लिए एक बेहतर जगह बनाया जा सके।

वैश्विक परिवार दिवस की उत्पत्ति दो पुस्तकों में हुई थी। पहली 1996 में अमेरिकी लेखकों स्टीव डायमंड और रॉबर्ट एलन सिल्वरस्टीन द्वारा लिखित वन डे इन पीस 1 जनवरी 2000 नामक बच्चों की किताब थी। वहीं दूसरी किताब अमेरिकी शांति कार्यकर्ता और लेखक लिंडा ग्रोवर का 1998 का यूटोपियन उपन्यास ट्री आइलैंडरू ए नॉवेल फॉर द न्यू मिलेनियम थी। विशेष रूप से ग्रोवर ने 1 जनवरी को शांति के वैश्विक दिवस के रूप में स्थापित करने काफी अहम भूमिका निभाई थी। इन किताबों के विचारों के आधार पर ही 1997 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1 जनवरी को शांति का एक दिन मनाने की घोषणा की।

बाद में 1999 में संयुक्त राष्ट्र और इसके सदस्य देशों ने पहली बार वैश्विक परिवार दिवस मनाया गया। इस दिवस की सफलता को देखते हुए साल 2001 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस दिन को एक वार्षिक कार्यक्रम के रूप में स्थापित किया। इसके बाद से हर साल एक जनवरी को वैश्विक परिवार दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। नए साल की शुरूआत के साथ ही इस दिन को मनाने का मकसद एक ऐसे समाज की स्थापना करने का प्रयास है जहां सिर्फ शांति हो।

हालांकि यह एक नई शांतिपूर्ण दुनिया की शुरूआत थी और 1999 में सभी संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों को शांति निर्माण की दिशा में रणनीति विकसित करने के लिए उस विशेष वर्ष के पहले दिन को औपचारिक रूप से समर्पित करने का निमंत्रण मिला। इस दिन के सकारात्मक प्रभाव को देखते हुए 2001 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा वैश्विक परिवार दिवस को एक वार्षिक कार्यक्रम घोषित किया गया। पहला वैश्विक परिवार दिवस पहली बार वर्ष 2000 में एक जनवरी को देखा गया था। तब से हर साल नए साल के पहले दिन को वैश्विक परिवार दिवस के रूप में मनाया जाता है।

नए साल के आगाज साथ ही वैश्विक परिवार दिवस भी मनाया जाता है। वैश्विक परिवार दिवस को हर साल एक जनवरी को मनाने का मुख्य उद्देश्य दुनिया के सभी देशों, धर्मों के बीच शांति की स्थापना करते हुए युद्ध और अहिंसा को टालना है। साथ ही यह भी कोशिश है कि आपसी मतभेदों को बात-चीत के जरिए से निपटाया जाए और एक शांतिपूर्ण समाज की स्थापना की जा सके। इस दिन के लिए परिवार को काफी अहम माना गया है। क्योंकि परिवार के जरिए ही विश्व में शांति स्थापित की जा सकती है।

वैश्विक परिवार दिवस मनाने का सबसे अच्छा तरीका अपने परिवार के साथ दिन बिताना है। इस दिन लोग एक साथ रात्रिभोज की योजना बनाते हैं और अन्य पारिवारिक गतिविधियों का आनंद लेते हैं जो उनके बंधन को मजबूत करते हैं और शांति को बढ़ावा देते हैं। परिवार के साथ मनोरंजक गतिविधियों में एक साथ शिविर लगाना या एक साथ खाना बनाना, पिकनिक पर जाना, ट्रेक और बहुत कुछ शामिल हो सकता है। इस दिन को समुदाय के हिस्से के रूप में मनाने के लिए आप उन संगठनों के लिए स्वयंसेवक बन सकते हैं जो समुदाय का निर्माण करते हैं, हिंसा को कम करते हैं और अपने परिवार के साथ सुरक्षा को बढ़ावा देते हैं। आप वैश्विक शांति की दिशा में प्रयासों के बारे में कोई भी फिल्म देख सकते हैं।

आज पूरी दुनिया में युद्ध का वातावरण बना हुआ है। कई देशों में युद्ध छिड़ा हुआ है तो कई देश युद्ध के मुहाने पर खड़े हुए हैं। तीसरे विश्व युद्ध की आशंका व्यक्त की जा रही है। लोग एक दूसरे के दुश्मन बनते जा रहे हैं। जरा जरा सी बात पर लड़ाई झगड़ा होने लगता है। ऐसे में वैश्विक परिवार दिवस हमारे लिए आशा की एक नई किरण लेकर आता है। इस दिवस से हमें पूरे विश्व को एक परिवार के रूप में बनाने की प्रेरणा मिलती है। यदि हम वैश्विक परिवार दिवस की अवधारणा के अनुरूप एक दूसरे के प्रति सहयोग की भावना अपना कर काम करे तो दुनिया शांति के पथ पर चलने लगेगी और सही मायने में इस दिवस की सार्थकता भी सिद्ध हो सकेगी।

(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)

# बीपीएससीः छात्रों के आक्रोश को समझना जरूरी



नृपेन्द्र अभिषेक नृप

बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) द्वारा आयोजित प्रारंभिक 70वीं (पीटी) परीक्षा को लेकर बिहार में बड़े पैमाने पर छात्रों का आक्रोश उभर कर सामने आया है। इस परीक्षा को लेकर विवाद तब शुरू हुआ जब 13 दिसम्बर को आयोजित परीक्षा में व्यापक गड़बड़ियों की शिकायतें सामने आई। परीक्षा से संबंधित प्रश्नपत्रों के लीक होने और परीक्षा केंद्रों पर अव्यवस्थाओं के आरोपों ने इस पूरी प्रक्रिया को कठघरे में खड़ा कर दिया। इसके बाद आयोग ने विवादित परीक्षा को रद्द करने के बजाय 4 जनवरी को परीक्षा पुनः आयोजित करने का निर्णय लिया। इस फैसले ने पहले से ही असंतुष्ट छात्रों के आक्रोश को और भड़का दिया।

छात्रों का कहना है कि एक ही परीक्षा को अलग-अलग तारीखों पर आयोजित करना पूरी तरह से अनुचित है। इससे परीक्षा की निष्पक्षता और वैधता पर सवाल खड़े होते हैं। आयोग के इस निर्णय ने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हजारों छात्रों के भविष्य को अंधकारमय बना दिया है। छात्रों ने अपनी नाराजगी व्यक्त करने के लिए शांतिपूर्ण प्रदर्शन का सहारा लिया, लेकिन उनकी आवाज को प्रशासन ने बर्बरतापूर्वक दबाने की कोशिश की। पटना में आयोग के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया, जिसमें 40 से अधिक छात्र घायल हुए और आठ को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इनमें महिलाएं भी शामिल थीं। 13 दिसम्बर को आयोजित परीक्षा में हुई गड़बड़ियों को लेकर छात्रों का गुस्सा जायज है। परीक्षा के दौरान कई परीक्षा केंद्रों पर पेपर लीक होने की खबरें आई, लेकिन आयोग ने इन शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया। इसके बजाय, उसने परीक्षा को दोबारा आयोजित करने का फैसला लिया। छात्रों का कहना है कि 4 जनवरी को होने वाली परीक्षा में प्रश्नों का स्तर अलग हो सकता है, जिससे पहले परीक्षा में शामिल छात्रों के साथ अन्याय होगा। सवाल यह भी उठता है कि आयोग ने परीक्षा को रद्द किए बिना नये सिरे से परीक्षा आयोजित करने का निर्णय क्यों लिया। यह फैसला आयोग की कार्यप्रणाली और परीक्षा प्रक्रिया की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। छात्रों का तर्क है कि यदि एक ही परीक्षा के लिए दो बार अलग-अलग प्रश्नपत्र बनाए जाएंगे, तो मेरिट सूची तैयार करने में भेदभाव की संभावना बढ़ जाएगी। परीक्षा का कठिनाई स्तर अलग-अलग होने से परिणाम भी असमान होंगे। यह एक ऐसा मुद्दा है जो न केवल परीक्षा में शामिल छात्रों के भविष्य को प्रभावित करेगा, बल्कि आयोग की साख और उसकी कार्यप्रणाली पर भी गहरा प्रभाव डालेगा। इस पूरे प्रकरण में सबसे ज्यादा चिंता का विषय यह है कि सरकार और आयोग ने अब तक छात्रों की शिकायतों पर कोई ठोस प्रतिक्रिया नहीं दी है। छात्रों का कहना है कि वे न्याय के लिए लड़ रहे हैं, लेकिन उनकी बातों को सुनने के बजाय उन पर बल प्रयोग किया जा रहा है। पटना में हुए प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने छात्रों पर लाठियां बरसाई, उन्हें दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया। यह कार्रवाई न केवल छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है, बल्कि यह सरकार और प्रशासन की तानाशाही प्रवृत्ति को भी उजागर करता है। पुलिस की बर्बरता ने छात्रों के आंदोलन को और तेज कर दिया है। अब यह आंदोलन केवल परीक्षा को लेकर नहीं रह गया है, बल्कि यह शिक्षा व्यवस्था की पारदर्शिता और न्याय की मांग के लिए एक व्यापक संघर्ष बन चुका है। छात्रों का कहना है कि वे अपने हक के लिए हर संभव कदम उठाएंगे। कई छात्रों ने सोशल मीडिया पर अपनी आवाज बुलंद की है और इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने की मांग की है। यह मामला केवल एक परीक्षा तक सीमित नहीं है। यह पूरे देश में शिक्षा व्यवस्था की खामियों को उजागर करता है। प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता और निष्पक्षता का अभाव लंबे समय से एक गंभीर समस्या रहा है। परीक्षा प्रक्रियाओं में गड़बड़ी और प्रशासन की उदासीनता ने हजारों छात्रों के भविष्य को दांव पर लगा दिया है। बीपीएससी का यह विवाद इस समस्या का ताजा उदाहरण है।

छात्रों का यह भी कहना है कि 13 दिसम्बर को हुई परीक्षा में लगभग 12,000 उम्मीदवार शामिल हुए थे। ऐसे में यदि 4 जनवरी को पुनः परीक्षा आयोजित की जाती है, तो यह परिणाम को प्रभावित करेगा। छात्रों का सवाल है कि क्या आयोग इस बात की गारंटी दे सकता है कि नई परीक्षा में सभी को समान अवसर मिलेगा? यदि नई परीक्षा में प्रश्न आसान हुए, तो यह 13 दिसम्बर की परीक्षा में शामिल छात्रों के साथ अन्याय होगा। सरकार को समझना चाहिए कि छात्रों का आंदोलन उनके भविष्य को लेकर नहीं है। यह ऐसी प्रणाली के खिलाफ आवाज उठाने का प्रयास है, जो अपनी गलतियों को स्वीकार करने के बजाय उन्हें छिपाने की कोशिश करती है। अगर इस समस्या का समाधान जल्द नहीं निकाला गया, तो आंदोलन और बड़ा रूप ले सकता है। छात्रों का यह आंदोलन न्याय और पारदर्शिता के लिए एक महत्त्वपूर्ण कदम है। यह संघर्ष साबित करता है कि देश के युवा अपने अधिकारों के लिए खड़े होने से नहीं हिचकते। अब यह सरकार और आयोग पर निर्भर करता है कि वे इस मुददे को कितनी गंभीरता से लेते हैं।

स्वामी, प्रकाशक और मुद्रक डा0 सरवर जमाल ने आर0 डी0 प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स प्रा0 लि0 प्लाट नं0 16-17 पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, रोड नं0 झ 09 पटना झ 800013 से छपवाकर कार्यालय 203 बी, ब्लाक रंजीत रेसीडेंसीज, साकेतपुरी, मछली गली, राजा बाजार पटना- 800014 से प्रकाशित किया ।सम्पादकः श्रीमती शबाना प्रवीन पी0 आर0 बी0 एक्ट के तहत खबरों की जिम्मेवार मैनेजिंग एडिटरः डा0 राजीव कुमार, स्थानीय सम्पादकः डा0 नूतन कुमारी, उप सम्पादकः तबस्सुम नवाज PRGI NO:- BIHHIN/2023/86924 E-mail- Newsindogulf730@gmail.com,Mob-9472871824/8544031786 समस्त विवादों का निवारण पटना न्यायालय के अधीन ही होंगे।



# बेबी जॉन का हिस्सा बन पछता रही हैं कीर्ति सुरेश?

## फ्लॉप के कगार पर डेब्यू फिल्म

वरुण धवन, कीर्ति सुरेश और वामिका गब्बी की मुख्य भूमिकाओं वाली बॉलीवुड एक्शन ड्रामा बेबी जॉन को लेकर चर्चा चरम पर थी। एटली ने इसे क्रिसमस के अवसर पर रिलीज करने का फैसला किया, जिससे इसे छुट्टियों का फायदा मिल सके। हालांकि, फिल्म की कमाई निर्माताओं की चिंता बढ़ाने वाली है। कलेक्शन को देख साफ हो रहा है कि बेबी जॉन जल्द ही फ्लॉप की सूची में शुमार हो जाएगी। जानकारी हो कि कीर्ति सुरेश ने इसके साथ अपना बॉलीवुड डेब्यू किया है और जाहिर सी बात है कि कारोबार को देख उन्हें अपने फिल्म के चयन पर निराशा होना लाजमी है। कलीस के निर्देशन में बनी फिल्म बेबी जॉन में सलमान खान का भी कैमियो है। हालांकि, इतना मसाला और एक्शन भी फिल्म के कमजोर निर्देशन को बचा पाने के लिए काफी नहीं रहा है। बेबी जॉन ने अपने रिलीज डे पर महज 11.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया और दूसरे दिन ही इसकी कमाई में 57.78 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। फिल्म का दूसरे दिन का कलेक्शन महज 4.75 करोड़ रुपये रहा।

### फ्लॉप के कगार पर वरुण की फिल्म

वहीं, तीसरे दिन की कमाई निर्माताओं की चिंता बढ़ाने के लिए काफी थी। कारोबार में दूसरे दिन के मुकाबले 24.42 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई और इसका शुक्रवार तक का टोटल महज 19.64 करोड़ रुपये ही हो पाया। कोविड-19 के बाद, ओटीटी प्लेटफॉर्म की बढ़ती लोकप्रियता के कारण बॉलीवुड में कई रीमेक बेकार हो गए और अब बेबी जॉन इस सूची में शामिल होने के लिए तैयार है।

रीमेक का विचार नहीं आया काम

थेरी हिंदी दर्शकों के बीच भी एक लोकप्रिय फिल्म है और 2024 में इसका रीमेक बनाना निश्चित रूप से कोई अच्छा विचार नहीं है। शुक्रवार तक फिल्म की कमाई में लगातार गिरावट दर्ज की गई है और चलन के अनुसार, बेबी जॉन के लिए शनिवार और रविवार को ठोस आंकड़े पेश करना एक चुनौतीपूर्ण काम होगा।

### अधर में लटका कीर्ति सुरेश का हिंदी करियर

अभिनेत्री कीर्ति सुरेश बीते कुछ समय से अपने लॉन्गटाइम बॉयफ्रेंड एंथनी से शादी को लेकर चर्चा में थीं। साथ ही दर्शक उन्हें उनकी पहली हिंदी फिल्म बेबी जॉन में देखने के लिए काफी उत्साहित थे। हालांकि, उम्मीदों पर पानी फिर गया है। वहीं, रिपोर्ट्स की मानें तो कीर्ति भी बेबी जॉन को चुनने के अपने फैसले पर पछता रही हैं। कीर्ति की भूमिका को निर्माताओं द्वारा काफी प्रचारित किया गया था। हालांकि, इन सबके बावजूद बेबी जॉन ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है और इसे फ्लॉप माना जा सकता है। देखना यह होगा कि कीर्ति अपने हिंदी फिल्म करियर को किस तरह आगे बढ़ाती हैं।



# शोभिता धुलिपाला ने सोशल मीडिया पर साझा कीं इस साल की उपलब्धि

शोभिता धुलिपाला की किस्मत के सितारे इस वक्त बुलंदियों पर हैं। अभिनेत्री की जिंदगी में खुशियों की कई वजह हैं और यह साल तो उनके लिए बहुत ही स्पेशल साबित हुआ है। एक तरफ उन्होंने नागा चैतन्य के साथ अपने जीवन के नए अध्याय की शुरुआत की है। वहीं, दूसरी तरफ करियर के फ्रंट पर भी खूब चर्चा बटोरी है। दिलचस्प बात यह है कि इस साल उनकी अदाकारी ग्लोबल स्तर पर दिखी, क्योंकि वे हॉलीवुड प्रोजेक्ट का हिस्सा जो बनीं। अगर कहा जाए कि शोभिता धुलिपाला की पांचों उंगलियां घी में और सिर कढ़ाई में है, तो गलत नहीं होगा। अभिनेत्री की जिंदगी कुछ इसी तरह खुशियों से भरी है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस पर खुशी जताई है। शोभिता ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें वे इस साल अपने हॉलीवुड डेब्यू और नागा चैतन्य के साथ शादी और फिर कान फिल्म फेस्टिवल में अपनी शिरकत का जश्न मनाती दिखी हैं।

### साल 2024 का कहा शुक्रिया

शोभिता ने एक वीडियो शेयर किया है। इसमें उन्होंने सालभर के यादगार पलों की झलक पेश की है। इसमें कान में उनकी मौजूदगी से लेकर हॉलीवुड डेब्यू और शादी तक की तस्वीरें हैं। इसके साथ शोभिता ने लिखा है, यह साल बहुत ही ऊर्जा देने वाला रहा। उत्साह बढ़ाने वाला भी और सबसे बढ़कर कि जीवन के प्रति संतुष्टि देने वाला साबित हुआ। बहुत शुक्रिया साल 2024।

### इस हॉलीवुड फिल्म में आई नजर

बता दें कि शोभिता धुलिपाला ने इस साल हॉलीवुड का रुख किया। वे अभिनेता देव पटेल के साथ फिल्म मंकी मैन में नजर आईं। इस फिल्म के लिए शोभिता ने 9 साल पहले इंटरव्यू दिया था। इस फिल्म को आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। वहीं, 4 दिसंबर 2024 को अभिनेत्री ने नागा चैतन्य के साथ शादी रचाई। इसके अलावा कान फिल्म फेस्टिवल में भी उन्होंने अपने स्टाइलिश लुक्स से खूब लाइमलाइट लूटी।



# मनोज बाजपेयी ने फैमिली मैन 3 की शूटिंग की खत्म

हाल ही में एक्टर मनोज बाजपेयी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट की है, जिसमें उन्होंने क्लैपरबोर्ड की एक तस्वीर पोस्ट की। इसके जरिए उन्होंने बताया है कि वह द फैमिली मैन 3 की शूटिंग पूरी कर चुके हैं। द फैमिली मैन 3 की शूटिंग मनोज बाजपेयी पूरी कर चुकी हैं, यह बताने के लिए उन्होंने इंस्टा स्टोरी का सहारा लिया है, जिस पर एक कैप्शन भी लिखा है-शूटिंग पूरी हुई। फैमिली मैन 3 के लिए, थोड़ा इंतजार कीजिए।

### काफी पॉपुलर है सीरीज

द फैमिली मैन की सीरीज को दर्शक काफी पसंद करते हैं। इसे राज निदिमोरू और कृष्णा डीके द्वारा प्रोड्यूस, डायरेक्ट किया गया है। यह सीरीज प्राइम वीडियो पर रिलीज होती है। इसमें मनोज बाजपेयी के अलावा प्रियामणि, शारिब हाशमी, अश्लेषा ठाकुर और वेदांत सिन्हा जैसे कलाकार है, जो सीजन 3 में भी नजर आएंगे। प्रियामणि की बात करें तो वह साउथ की जानी-मानी एक्ट्रेस हैं, इस सीरीज में वह श्रीकांत यानी मनोज बाजपेयी के किरदार की पत्नी की भूमिका में नजर आई हैं। यह किरदार भी काफी हटकर रहा है। वहीं शारिब हाशमी के रोल को भी दर्शकों ने काफी पसंद किया है, वह मनोज बाजपेयी के किरदार के दोस्त और सहयोगी बने हैं।

### स्पॉय एजेंट की कहानी

सीरीज 'फैमिली मैन 3' में मनोज बाजपेयी ने श्रीकांत तिवारी का किरदार निभाया है, जो कि दुनिया की नजर में आम आदमी है लेकिन असल में एक स्पॉय एजेंट हैं। सीरीज में एक्शन, ड्रामा भरपूर रहा है। 'फैमिली मैन 3' में दर्शकों को पहले सीजन की तरह की एंटरटेन करेगा। इसका पहला सीजन 2019 में आया था, वहीं दूसरा सीजन 2021 में आया। दर्शकों से लेकर आलोचकों तक ने इस सीरीज को खूब सराहा। मनोज बाजपेयी भी इस सीरीज में अपनी अभिनय क्षमता का पूरा उपयोग करने में कामयाब रहे हैं। यह सीरीज उनके दिल के काफी करीब है।

# आयुष्मान की हीरोइन बनने के लिए सारा और तृप्ति में कांटे की टक्कर

जाने-माने फिल्म निर्माता सूरज बड़जात्या ने कथित तौर पर अपनी अगली फिल्म के लिए आयुष्मान खुराना को बतौर मुख्य अभिनेता चुना है। हालांकि, इस फिल्म का शीर्षक अभी तय नहीं हुआ है, लेकिन इसे लेकर आए दिन कोई न कोई बड़ा अपडेट सामने आ रहा है। इसी बीच इसका हिस्सा बनने वालीं अभिनेत्री को लेकर एक रिपोर्ट सामने आई है, जिसने प्रशंसकों के उत्साह को काफी ज्यादा बढ़ा दिया है।

जानकारी के अनुसार, अब तक बिना शीर्षक वाली इस फिल्म की मुख्य अभिनेत्री की रेस में सारा अली खान और तृप्ति डिमरी सबसे आगे चल रही हैं। हालांकि, अंतिम निर्णय जनवरी में लुक टेस्ट और आयुष्मान खुराना के साथ उनकी केमिस्ट्री पर निर्भर करेगा। इंडस्ट्री से जुड़े सूत्र के मुताबिक, सारा में चार्म और मेनस्ट्रीम की अपील है जो राजश्री यूनिवर्स के साथ मेल खा सकती है, जबकि बुलबुल (2020) और काला (2022) में तृप्ति डिमरी का शानदार प्रदर्शन उन्हें इस भूमिका के लिए मजबूत उम्मीदवार बनाता है।


### आयुष्मान के साथ बनेगी किसकी जोड़ी?





आयुष्मान खुराना पहले से ही सारा के साथ एक और फिल्म कर रहे हैं, जबकि अगर वह तृप्ति के साथ मिलकर काम करते हैं तो यह एक नई जोड़ी होगी। इसी बीच तृप्ति डिमरी हुसैन उस्तारा पर विशाल भारद्वाज की फिल्म और दो अन्य परियोजनाओं में व्यस्त हैं।

# बढ़ गए कार्तिक के भाव, फिल्म तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी के लिए मांगी 50 करोड़ फीस



कार्तिक आर्यन इस समय बॉलीवुड में सबसे ज्यादा डिमांड में हैं। वह सफलता के शिखर पर बैठे हैं। इसका कारण है कि साल 2024 में कार्तिक ने हिट फिल्म 'भूल भुलैया 3' दी है। फिल्म को कार्तिक ने अपने दम पर चलाया है। यही कारण है कि कई फिल्मों के ऑफर उनके पास आ रहे हैं। जिनमें से एक धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी भी है। हालिया सामने आई कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कार्तिक धर्मा प्रोडक्शन की इस फिल्म के लिए बहुत ही ज्यादा फीस ले रहे हैं।

### बढ़ा दी है कार्तिक ने अपनी फीस

फिल्म 'भूल भुलैया 3' हिट होने के बाद कार्तिक आर्यन ने अपनी फीस बढ़ा दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी के लिए वह 50 करोड़ रुपये फीस ले रहे हैं। इतनी फीस धर्मा वाले नामी एक्टर्स को देते हैं।

### कार्तिक ने नहीं की है पुष्टि

50 करोड़ रुपये फीस लेने की बात की अभी तक पुष्टि कार्तिक आर्यन की तरफ से नहीं हुई है। धर्मा प्रोडक्शन के करण जौहर ने भी इस पर कोई बयान नहीं दिया है।

### पहले भी करने वाले थे एक फिल्म

कार्तिक आर्यन कुछ साल पहले भी फिल्म 'दोस्ताना 2' करण जौहर के प्रोडक्शन के साथ करने वाले थे। लेकिन आपसी मतभेदों के कारण कार्तिक ने करण की यह फिल्म नहीं की है। अब दोनों फिल्म तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी के लिए साथ आए हैं। इस फिल्म को समीर विद्वांस डायरेक्टर रहे हैं।



# फीस के मामले में साउथ एक्टर्स अव्वल

## बॉलीवुड स्टार रह गए पीछे

**साल 2024 समाप्त होने वाला है। फिल्म जगत के लिए यह साल सामान्य रहा। कुछ फिल्मों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया तो कुछ फ्लॉप रही। बॉलीवुड और साउथ दोनों ही उद्योगों ने कई शानदार फिल्में दी, जो दर्शकों को काफी पसंद आईं। बॉक्स ऑफिस पर इस साल कई पुराने रिकॉर्ड टूटे और कई नए रिकॉर्ड बने। पहले 'स्त्री 2' ने रिकॉर्ड तोड़े और अब 'पुष्पा 2' की आंधी में सब कुछ उड़ रहा है। आइए जानते हैं इस साल किस अभिनेता ने फीस के मामले में रिकॉर्ड कायम किया, किसने कितनी फीस ली।**

इस साल साउथ के स्टार्स ने फीस के मामले में बॉलीवुड सितारों को पीछे छोड़ दिया और अपनी फिल्मों के लिए मोटी रकम वसूली। इस लिस्ट में दक्षिण भारतीय अभिनेताओं ने शीर्ष पर कब्जा जमाए रखा है।

### अल्लू अर्जुन

सबसे ज्यादा फीस लेने वालों की सूची में पहला नाम है अल्लू अर्जुन का। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्होंने अपनी फिल्म 'पुष्पा 2 द रूल' के लिए 300 करोड़ रुपये की मोटी रकम वसूली है।



### विजय

दूसरे नंबर पर साउथ के सुपरस्टार विजय आते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्होंने अपनी फिल्म 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' के लिए 200 करोड़ रुपये चार्ज किए हैं।



### कमल हासन

कमल हासन की फिल्म 'इंडियन 2' भले ही बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन ना कर पाई हो, लेकिन अभिनेता ने इस फिल्म के लिए कथित तौर पर 150 करोड़ रुपये की फीस ली है।

### रजनीकांत

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक साउथ इंडस्ट्री के सुपरस्टार रजनीकांत ने फिल्म 'वेट्टैयन' के लिए 125 करोड़ रुपये की रकम वसूली। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं कर पाई। जबकि, इस फिल्म में रजनीकांत के साथ अमिताभ बच्चन भी महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आए थे।



### प्रभास

'कल्कि 2898 एडी' ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया। फिल्म को काफी सराहनाएं मिली। रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेता प्रभास ने अपनी इस फिल्म के लिए 80 करोड़ रुपये लिए थे।

### महेश बाबू


महेश बाबू साल 2024 में अपने प्रशंसकों के लिए फिल्म 'गुंटूर कारम' लेकर आए। समीक्षकों ने फिल्म की सराहना की और प्रशंसकों का भी प्यार इसे मिला। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म के लिए महेश बाबू ने 78 करोड़ रुपये फीस ली थी।

### जूनियर एनटीआर

जूनियर एनटीआर की फिल्म 'देवरा' ने बॉक्स ऑफिस पर बहुत शानदार प्रदर्शन नहीं कर पाई। इस फिल्म के लिए जूनियर एनटीआर ने 60 करोड़ रुपये वसूले थे। उनके साथ अभिनेत्री जान्हवी कपूर भी फिल्म में नजर आई थीं।

### कार्तिक आर्यन

कार्तिक आर्यन की फिल्म 'भूल भुलैया 3' इस साल बॉलीवुड की हिट फिल्मों में से एक है। बॉक्स ऑफिस पर इसने शानदार प्रदर्शन किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक कार्तिक आर्यन ने इस फिल्म के लिए 40 से 50 करोड़ रुपये लिए थे।



### अजय देवगन

अजय देवगन अभिनीत और रोहित शेट्टी द्वारा निर्देशित फिल्म 'सिंघम अगेन' बॉक्स ऑफिस पर जूझती दिखी। यह उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई। रिपोर्ट्स के मुताबिक अजय देवगन ने इस फिल्म के लिए 35 करोड़ रुपये चार्ज किए।

# बुमराह, रूट सहित चार खिलाड़ी आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के लिए नामांकित

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के लिए नामांकित किया गया है। बुमराह के अलावा इस पुरस्कार की दौड़ में ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड और इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट और हैरी ब्रुक भी हैं। बुमराह ने टी20 विश्वकप के आठ मैचों में 15 विकेट लिए, जिसमें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में लिए दो विकेट भी शामिल हैं, जिससे भारतीय टीम 2024 टी20 विश्व कप में अपराजेय रही है।

बुमराह ने 13 टेस्ट मैचों में 71 विकेट लेकर टेस्ट प्रारुप में भी शानदार रिकार्ड बनाया है। ऑस्ट्रेलिया में चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में बुमराह 12.83 की औसत से 30 विकेट लेकर सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में सबसे आगे हैं। उन्होंने 200 टेस्ट विकेट भी पूरे किये हैं। वह 20 से कम औसत के साथ यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले गेंदबाज हैं। वहीं बल्लेबाजी की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड ने भी सभी प्रारूपों में अच्छा प्रदर्शन किय है। 2023 आईसीसी विश्व कप फाइनल के बाद से ही हेड जबरदस्त फॉर्म में हैं। उन्होंने 2024 टी20 विश्व कप में सात पारियों में 255 रन बनाये थे। इसके अलावा टेस्ट प्रारुप की बात करें तो मौजूदा बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में वह सबसे ज्यादा रन बनाने वाला खिलाड़ी बने हैं। वहीं इंग्लैंड के प्रमुख बल्लेबाज रूट भी पुरस्कार की दौड़ में शामिल हैं। रुट ने 17 टेस्ट में 55.57 की औसत से 1556 रन बनाए हैं। इससे पहले साल 2021 में उन्होंने 1708 रन बनाये थे। छह टेस्ट शतकों और पांच अर्द्धशतकों के साथ, रूट भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर राहुल द्रविड़ के साथ टेस्ट में संयुक्त रूप से पांचवें सबसे ज्यादा 36 शतक बनाने वाला बल्लेबाज बने हैं। रूट ने भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में चार विकेट भी लिए हैं। इंग्लैंड के ही युवा क्रिकेट हैरी ब्रूक भी साल के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में शामिल हैं। हैरी ने ने 12 टेस्ट में 55 की औसत से 1100 रन बनाए, जिसमें तीन अर्द्धशतक और चार शतक शामिल हैं। जिसमें एक तिहरा शतक भी है।



# क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 2024 की अपनी टेस्ट टीम का बुमराह को बनाया कप्तान, यशस्वी भी शामिल




**मेलबर्न (एजेंसी)।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने साल 2024 की अपनी पुरुष टेस्ट टीम घोषित की है। इसकी कप्तानी भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह मिली है। वहीं बुमराह के अलावा युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को भी छह देशों के खिलाड़ियों वाली अंतिम ग्यारह में जगह मिली है। इस टीम में सीए ने ऑस्ट्रेलिक के केवल दो खिलाड़ियों विकेटकीपर-बल्लेबाज एलेक्स कैरी और तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को अंतिम ग्यारह में शामिल किया है। इस टीम में इंग्लैंड के जो रूट, बेन डकेट और हैरी ब्रुक के साथ ही न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र और मैट हेनरी को भी शामिल किया गया है। वहीं दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज और श्रीलंका के कामिंडू मेंडिस को भी इस टीम में शामिल किया गया है।यशस्वी को जगह मिलने का कारण उनका इस साल का प्रदर्शन रहा। यशस्वी ने इस साल अनुभवी बल्लेबाज़ों की तरह खेलते हुए । लगातार दोहरे शतक लगाकर इंग्लैंड के ख़िलाफ़ घरेलू टेस्ट सीरीज़ में टीम की जीत तय की। वहीं पर्थ में भारतीय टीम की जीत में उनकी 161 रनों की पारी अहम रही। इस युवा बल्लेबाज ने एक कैलेंडर वर्ष में किसी भारतीय सलामी बल्लेबाज द्वारा सबसे ज़्यादा रन बनाने और एक साल में दुनिया भर में सबसे ज़्यादा 36 छक्के लगाने का रिकॉर्ड बनाया। वहीं इंग्लैंड के डकेट ने आक्रामक अंदजा मे खेलते हुए भारत दौरे में राजकोट में 153 रन और मुल्तान में 114 रनों की पारियां खेलीं। 87.04 का उनका स्ट्राइक रेट रहा। वहीं रूट ने साल 2024 में ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए छह शतक लगाये और 11 विकेट लिए, लॉर्ड्स में श्रीलंका के ख़िलाफ़ एक दोहरा शतक शतक और मुल्तान में नाबाद 262 रनों की पारी भी उनके नाम रही। जिससे टीम को पाकिस्तान पर जीत हासिल करने में सहायता मिली। इस दौरान उन्होंने 11 विकेट भी लिए। वहीं न्यूजीलैंड के रविंद्र ने भारत में कीवी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाते हुए 134 रन की पारी खेली। उन्होंने घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दोहरा शतक भी बनाया। वहीं इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज ब्रूक ने न्यूजीलैंड के खिलाफ निर्णायक शतक लगाने के साथ ही मुल्तान में 317 रन की शानदार पारी खेलकर विरोधी टीम पर दबाव बनाया। वहीं श्रीलंका के मेंडिस ने 13 पारियों में चार शतकों के साथ ही 1,000 रन बनाकर ब्रैडमैन के रिकॉर्ड की बराबरी की। ऑस्ट्रेलिया के कैरी ने 46 शिकार के साथ स्टंप के पीछे असाधारण प्रदर्शन किया। इसके साथ ही क्राइस्टचर्च में उनकी नाबाद 98 रन की पारी वर्ष की सर्वश्रेष्ठ चौथी पारी में से एक थी। हेनरी न्यूजीलैंड के प्रमुख गेंदबाज के रूप में उभरे, जिन्होंने भारत के खिलाफ 15 रन देकर पांच विकेट लिए। बुमराह का 2024 का प्रदर्शन ऐतिहासिक रहा, जिसमें उन्होंने 13 मैचों में 14.92 की औसत से 71 विकेट लिए, जिससे वे इस साल के सबसे बेहतरीन गेंदबाज बन गए जबकि ऑस्ट्रेलिया के हेजलवुड ने 14 से कम की औसत से गेंदबाजी करते हुए अपनी श्रेष्ठता बरकरार रखी। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज ने अपनी गेंदों से विरोधी टीमों पर दबाव बनाये रखा। इस टीम पाकिस्तान और बांग्लादेश के किसी भी क्रिकेटर को जगह नहीं मिली।

टीम इस प्रकार है जसप्रीत बुमराह (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, बेन डकेट, जो रूट, रचिन रवींद्र, हैरी ब्रुक, कामिंडू मेंडिस, एलेक्स कैरी (विकेट कीपर), मैट हेनरी, जोश हेजलवुड, केशव महाराज।

# दीप्ति शर्मा आईसीसी महिला गेंदबाजी रैंकिंग में पांचवें स्थान पर पहुंची



**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा वेस्टइंडीज के खिलाफ स्वदेश में हाल में संपन्न श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन की बदौलत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की महिला एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में एक स्थान के फायदे से पांचवें पायदान पर पहुंच गई। शीर्ष पांच में जगह बनाने वाली दीप्ति के अब 665 रेटिंग अंक हैं और वह चौथे स्थान पर चल रही दक्षिण अफ्रीका की मारिजेन कैप से 12 अंक पीछे हैं।


27 साल की दीप्ति ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैच में आठ विकेट चटकाए थे जिसमें अंतिम मैच में 31 रन देकर छह विकेट भी शामिल है। भारत ने वडोदरा में यह एकदिवसीय श्रृंखला 3-0 से जीतकर क्लीनस्वीप किया था। बल्लेबाजों की सूची में जेमिमा रोड्रिग्स 537 अंक के साथ शीर्ष 20 में जगह बनाने के करीब हैं। श्रृंखला में 29 और 52 रन की पारियां खेलकर वह चार स्थान के फायदे से 22वें स्थान पर हैं। आक्रामक बल्लेबाज रिचा घोष भी सात स्थान के फायदे से 41वें पायदान पर हैं। उनके 448 रेटिंग अंक हैं।

वेस्टइंडीज की चिनेल हेनरी तीसरे एकदिवसीय में अर्धशतक की बदौलत 21 स्थान की लंबी छलांग के साथ 65वें स्थान पर हैं। श्रृंखला में दो अर्धशतक बनाने वाली भारत की स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (720 अंक) हालांकि एक स्थान के नुकसान से तीसरे स्थान पर खिसक गई। दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोलवार्ट (773) और श्रीलंका की चामरी अटापट्टू (733) उनसे आगे हैं। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर तीन स्थान के नुकसान से 13वें स्थान पर हैं। वडोदरा में अपने करियर की सातवां एकदिवसीय शतक जड़ने वाली हेली मैथ्यूज छह स्थान के फायदे से बल्लेबाजी रैंकिंग में सातवें स्थान पर पहुंच गई हैं।

# खो-खो विश्व कप का शेड्यूल जारी, 13 जनवरी से शुरू होंगे मुकाबले

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय पुरुष टीम 13 जनवरी से शुरू होने वाले पहले खो - खो विश्व कप के शुरुआती दिन अपने अभियान का आगाज ग्रुप ए में नेपाल के खिलाफ यहां के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में करेगी जबकि महिला टीम इसके अगले दिन दक्षिण कोरिया के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी। 13 से 19 जनवरी तक आयोजित होने वाले इस विश्व कप के पुरुष और महिला वर्ग में क्रमश ~20 और 19 टीमें भाग ले रही है।

खो-खो विश्व कप आयोजन समिति के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने मंगलवार को बताया कि टीमों को चार ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाले दो टीमें नॉकआउट चरण (क्वार्टर फाइनल) के लिए क्वालीफाई करेंगी। पुरूष वर्ग में भारत और नेपाल के अलाव ग्रुप ए में पेरू, ब्राजील और भूटान की टीमें हैं।




महिलाओं के वर्ग में ग्रुप ए में भारत और दक्षिण कोरिया के साथ ईरान और मलेशिया की टीमें है। भारतीय पुरुष टीम इसके बाद 14 जनवरी को ब्राजील, 15 जनवरी को पेरु, 16 जनवरी को भूटान के खिलाफ खेलेगी। महिला टीम 15 जनवरी को ईरान और 16 जनवरी को मलेशिया की चुनौती का सामना करेगी। टूर्नामेंट में दोनों वर्गों का क्वार्टर फाइनल 17 जनवरी, सेमीफाइनल 18 जनवरी और फाइनल 19 जनवरी को खेला जाएगा।

### विश्व कप के लिए पुरुष टीमों का ग्रुप

ग्रुप ए : भारत, नेपाल, पेरू, ब्राजील और भूटान

ग्रुप बी : दक्षिण अफ्रीका, घाना, अर्जेंटीना, नीदरलैंड और ईरान

ग्रुप सीः बांग्लादेश, श्रीलंका, दक्षिण कोरिया, अमेरिका और पोलैंड

ग्रुप डी : इंग्लैंड, जर्मनी, मलेशिया, ऑस्ट्रेलिया और कीनिया

### विश्व कप के लिए महिला टीमों का ग्रुप

ग्रुप ए : भारत, ईरान, मलेशिया और दक्षिण कोरिया

ग्रुप बी : इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, कीनिया, युगांडा और नीदरलैंड

ग्रुप सी : नेपाल, भूटान, श्रीलंका, जर्मनी और बांग्लादेश

ग्रुप डी : दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, पोलैंड, पेरू और इंडोनेशिया

# पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ने दी रोहित को संन्यास की सलाह



मेलबर्न । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर मार्क वॉ ने भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा को संन्यास की सलाह दी है। मार्क ने साथ ही कहा कि अगर वह चयनकर्ता होते तो रोहित को संन्यास लेने को कह देते। रोहित टी20 विश्व कप के बाद से ही फार्म में नहीं हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में भी वह रन नहीं बना पाये थे। इससे वह आलोचकों के साथ ही पूर्व क्रिकेटरों के भी निशाने पर हैं। मार्क के इस बयान का कुछ लोगों ने समर्थन किया है। वहीं कुछ ने कहा कि उन्हें पहले अपनी टीक के मिचेल मार्श का रिकार्ड देखना चाहिये। मार्श भी इस सीरीज में विफल रहे हैं। वॉ ने कहा, अगर मैं अभी चयनकर्ता होता तो कहता कि मेलबर्न में जब रनों की जरुरत थी तो वह दूसरी पारी में केवल 9 रन ही बना पाये। ऐसे में सिडनी में आपको नहीं लिया जा सकता। मैं कहता, रोहित आपकी सेवा के हम आभारी हैं। आप एक बेहतरीन खिलाड़ी रहे हैं पर हम अब जसप्रीत बुमराह को कप्तान बनाने जा रहे हैं और यह आपके करियर का अंत होगा। रोहित के लिएए यह सीरीज किसी खराब सपने से कम नहीं रही है। उन्होंने 5 पारियों में 31 रन बनाए हैं, जबकि कप्तान के तौर पर भी वह बहुत सफल नहीं रहे हैं। वहीं भारत ने पहला टेस्ट बुमराह की कप्तानी में शानदार तरीके से जीता था। रोहित ने एडिलेड टेस्ट में कप्तानी संभाली थी जिसमें टीम को करारी हार का सामना करना पड़ा था। वहीं तीसरा मैच भारतीय टीम बड़ी मुश्किल से बचा पायी जबकि चौथे टेस्ट में उसे करारी हार का सामना करना पड़ा।

# भारतीय टीम अंतिम टेस्ट में हारी तो डब्ल्यूटीसी से बाहर होगी

**मुम्बई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बॉक्सिंग डे टेस्ट में मिली 184 रनों की बढ़ी जीत के साथ ही आगामी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) फाइनल के लिए अपनी दावेदारी और पक्की कर ली है। वहीं अब अगर ऑस्ट्रेलिया अगर 3 जनवरी से सिडनी में शुरू होने वाले अंतिम टेस्ट को ड्रा करा लेता है या जीत हासिल कर लेता है तो भारतीय टीम डब्ल्यूटीसी से बाहर हो जाएगी। ऑस्ट्रेलिया ने इस चक्र में अपनी 10वीं जीत के साथ फाइनल खेलने की अपनी संभावनाओं को बढ़ाया है। उसका अंक प्रतिशत पीसीटी 58.89 से बढ़कर 61.45 पहुंच गया हैं। अब तक केवल एक टीम दक्षिण अफ्रीका फाइनल में पहुंची है। वहीं चौथे टेस्ट में हार से भारत की डब्लयूटीसी फाइनल की संभावनाओं को करारा झटका लगा है। इस हार के साथ तीसरे स्थान पर मौजूद भारत का पीसीटी 55.89 से घटकर 52.77 हो गया। इस चक्र में भारत की ये सातवीं हार है।




इससे पहले अपनी धरती पहले घर पर न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली टेस्ट सीरीज में हार और अब ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर 5 टेस्ट मैचों की सीरीज में दूसरी हार से भारत मुश्किल में आ गया था। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम से बॉक्सिंग डे टेस्ट हारकर भारतीय टीम के सीधे प्रवेश की संभावनएं समाप्त हो गयी हैं और उसे अब अन्य टीमों के परिणामों पर भी निर्भर रहना होगा। सिडनी में अगर भारतीय टीम जीत दर्ज करती है तो उसका पीसीटी 55.26 हो जाएगा, जिससे उसकी उम्मीदें बनी रहेंगी। इसके साथ ही भारतीय टीम को दुआ करनी होगी कि श्रीलंका 1-0 से ऑस्ट्रेलिया को हरा दे।

# हार्दिक पांड्या से अच्छी है नितीश की बल्लेबाजी: गावस्कर

**मेलबर्न (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने टीम के युवा ऑलराउंडर नितीश रेड्डी की जमकर प्रशंसा की है। गावस्कर का मानना है कि नितीश बल्लेबाजी के मामले में अनुभवी ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या से बेहतर है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में नितीश ने अब तक अच्छी बल्लेबाजी की है। इस युवा ने मेलबर्न में विपरीत हालातों में 114 रनों की शानदार पारी खेली थी। नितीश ने पहली पारी में शतक लगाकर भारतीय टीम को मैच में बनाए रखा था। गावस्कर नितीश के दृढ़ संकल्प से काफी प्रभावित हैं, उन्होंने उन्हें भारतीय क्रिकेट के सबसे चमकदार युवा सितारों में से एक बताया। उन्होंने यह भी कहा कि नितीश की बल्लेबाजी हार्दिक पांड्या से कहीं बेहतर है।

मेलबर्न टेस्ट में नितीश पहली पारी में नंबर 8 पर बल्लेबाजी करने आए थे। गावस्कर ने लिखा, मेलबर्न टेस्ट से भारतीय क्रिकेट के सबसे चमकते युवा सितारों में से एक नीतीश कुमार रेड्डी सामने आये हैं। वह आईपीएल में हैदराबाद फ्रैंचाइजी के लिए अपने बेहतरीन प्रदर्शन से भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों की नजर में आये हैं गावस्कर ने कहा, पर्थ में अपने पहले टेस्ट मैच में ही यह स्पष्ट हो गया था कि यह एक ऐसा क्रिकेटर है जो हालातों को समझ सकता है और उसके अनुसार खेल सकता है। प्रत्येक अगले टेस्ट मैच के साथ वह बेहतर समझ वाला खिलाड़ी बनता गया है।

नीतीश ने पहले पर्थ और एडिलेड में 40 रन की पारियां दर्ज की थीं। वह हालांकि अपनी गेंदबाजी में सुधार करना चाहेंगे क्योंकि उन्होंने गेंद से बहुत कम प्रदर्शन किया है। गेंद के साथ क्षमता हासिल करने से उन्हें भारत के लिए एक अच्छे मैच विजेता ऑलराउंडर के रूप में उभरने में मदद मिलेगी। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चार टेस्ट मैचों में नीतीश ने 294 रन बनाने के साथ ही 3 विकेट भी लिए।




गावस्कर ने कहा, मेलबर्न में, जब भारत मुश्किल में था, तो उन्होंने शानदार शतक बनाया जिसने आने वाले लंबे समय के लिए टीम में उनकी जगह पक्की कर दी।

# विश्व कप जीतना चाहते हैं हरमनप्रीत



नई दिल्ली । भारत की सीनियर पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा है कि वह अपने करियर में आज तक विश्व कप में पदक नहीं जीत पाये हैं और इस कमी को 2026 में होने वाले टूर्नामेंट में पूरा करना चाहते हैं। भारत ने विश्व कप में अभी तक तीन पदक जीते हैं। उसने 1971 (बार्सिलोना) में कांस्य, 1973 में रजत (एम्स्टेलवीन, नीदरलैंड) और 1975 (कुआलालंपुर) में स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद से ही भारतीय टीम विश्वकप में पदक नहीं जीत पायी है। हरमनप्रीत तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य थे। पेरिस ओलंपिक खेलों में उनकी कप्तानी में टीम ने कांस्य पदक जीता था। वह 2016 में लखनऊ में जूनियर विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य भी थे। हरमनप्रीत ने कहा कि हमारा लक्ष्य हमेशा ओलंपिक में स्वर्ण पदक और विश्व कप में पदक जीतना होगा। हमने पेरिस में जिस तरह से प्रदर्शन किया उससे पता चलता है कि हम किसी भी शीर्ष टीम का सामना करके जीत हासिल कर सकते हैं। हमने लंबे समय से विश्व कप में पदक नहीं जीता है और मैं अपने करियर में इसे जीतना चाहता हूं। हरमनप्रीत ने कहा कि उम्मीद है कि हम अपने करियर के दौरान उन सुनहरे दिनों को फिर से हासिल कर सकेंगे।

# ऑकलैंड में बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पायीं तो संन्यास लेंगी ओसाका



ऑकलैंड । जापानी की महिला टेनिस स्टार नाओमी ओसाका ने कहा कि अगर ऑकलैंड में एएसबी टेनिस क्लासिक में बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पायीं तो खेल से संन्यास ले लेंगी। ओसाक अक्टूबर में चाइना ओपन में पीठ में आये खिंचाव के बाद से ही टेनिस कोर्ट से दूर हैं। अब वह वापसी करते हुए अपना पहला मुकाबला ऑकलैंड में खेलेंगी। इस टूर्नामेंट में ओसाका का पहला मुकाबला इस्राइल की लिना ग्लूश्को से होगा। ओसाका ने कहा कि इस साल उन्होंने अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए लगभग 15 महीने के ब्रेक के बाद अपना पेशेवर करियर फिर से शुरू किया था और वह सत्र के अंत में 58वें स्थान पर रहीं। ओसाका ने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि मैं ऐसी खिलाड़ी हूं जो उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं रहने पर खेलती रहूं।'' उन्होंने कहा, ''मैं टूर पर मौजूद सभी खिलाड़ियों का बहुत सम्मान करती हूं पर मैं अभी अपने जीवन में जिस जगह पर हूं, उसे देखते हुए अगर मैं एक एक तय स्थानसे ऊपर नहीं पहुंचती तो मैं आगे नहीं खेलना चाहूंगी।'' ओसाका ने कहा, ''अगर मैं उस रैंकिंग पर नहीं पहुंचती हूं जहां मुझे लगता है कि मुझे होना चाहिए तो मैं उसकी जगह पर अपनी बेटी के साथ समय बिताना अधिक पसंद करूंगी।'' ओसाका का इस जीत हार का एकल रिकॉर्ड 22-17 रहा है।

# रोहित-विराट की जगह लेने के लिए खिलाड़ी हैं, बुमराह अगला कप्तान होगा : दो बार के विश्व कप विजेता



**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व मुख्य कोच और दो बार के विश्व कप विजेता डेरेन लीमैन का मानना है कि भारतीय क्रिकेट के पास यशस्वी जायसवाल जैसा सुपरस्टार है और विराट कोहली तथा रोहित शर्मा के संन्यास के बाद भी भारतीय क्रिकेट में इस कमी को पूरा करने वाले खिलाड़ी होंगे। ऑस्ट्रेलिया के लिए एक दशक के करियर में 27 टेस्ट और 117 वनडे खेलने वाले लीमैन ने जसप्रीत बुमराह की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने कभी ऐसा खिलाड़ी नहीं देखा जिसका एक श्रृंखला पर इतना असर रहा हो।

मौजूदा श्रृंखला में खराब प्रदर्शन के कारण रोहित और कोहली के संन्यास की संभावना के बारे में लीमैन ने कहा, 'देखते हैं कि अगले कुछ दिन में क्या होता है और वे क्या फैसला लेते हैं। लेकिन वे लंबे समय से भारत के महान क्रिकेटर रहे हैं। अब युवा खिलाड़ी भारत के लिए बेहतरीन खेल रहे हैं। भारतीय क्रिकेट में इतनी गहराई है कि उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है। जब भी ये दोनों संन्यास का फैसला लेते हैं तो उनकी जगह लेने के लिए काफी प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी हैं।'

जायसवाल के बारे में उन्होंने कहा, 'सुपरस्टार। सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक। वह और हैरी ब्रूक अगली पीढ़ी के खिलाड़ी हैं। उसने मेलबर्न और पर्थ में शानदार पारियां खेली। इस दौरे पर वह एक खिलाड़ी के तौर पर काफी निखरा है।' बुमराह की तुलना वसीम अकरम और ग्लेन मैकग्रा से करते हुए उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि रोहित के बाद वह अगला कप्तान होगा। उसने पर्थ में शानदार प्रदर्शन किया। मैंने जितने गेंदबाजों को खेलते देखा है, वह सर्वश्रेष्ठ है। मैंने वसीम अकरम और ग्लेन मैकग्रा को देखा है लेकिन किसी एक श्रृंखला में किसी गेंदबाज का इतना प्रभाव नहीं देखा जो 2013-14 एशेज में मिचेल जॉनसन के बाद अब बुमराह ने दिखाया है।'

बदलाव के दौर पर लीमैन ने कहा कि आस्ट्रेलिया को बल्लेबाजी में चिंता करने की जरूरत है हालांकि पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड, स्कॉट बोलैंड जैसे गेंदबाज भी तीस पार कर चुके हैं। उन्होंने कहा, 'गेंदबाजी में कई अच्छे खिलाड़ी आ रहे हैं लेकिन बल्लेबाजी में सोचने की जरूरत है।'

## संक्षिप्त समाचार

### 2 डॉलर की टिप नहीं दी तो पिज्जा डिलीवरी गर्ल बनी हैवान, प्रेग्नेंट महिला पर चाकू से किए 14 वार




**फ्लोरिडा, एजेंसी।** अमेरिका के फ्लोरिडा से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां के एक पिज्जा डिलीवरी गर्ल को एक प्रेग्नेंट महिला की हत्या की कोशिश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। कथित तौर पर महिला ने उसे 2 डॉलर की टिप देने से इनकार कर दिया था जिससे वह भड़क गई थी। आरोपी की पहचान 22 वर्षीय ब्रायना अल्वेलो के रूप में हुई है। उसने महिला पर चाकू से एक दर्जन से भी ज्यादा वार किए। हालांकि महिला इस घटना में बच निकली। यह वाकया फ्लोरिडा के एक मोटेल में हुआ। महिला अपने प्रेमी और 5 वर्षीय बेटी के साथ जन्मदिन मना रही थी और उसने पिज्जा ऑर्डर किया। महिला ने डिलीवरी वर्कर को 33 के पिज्जा ऑर्डर के बाद एक छोटी सी टिप दी। ओसियोला काउंटी शेरिफ के मुताबिक अल्वेलो को यह बात अच्छी नहीं लगी। रविवार को रात 10 बजे वह एक नकाबपोश साथी के साथ चाकू से लैस होकर मोटेल में लौटी। दोनों ने महिला पर हमला कर दिया। न्यू यॉर्क पोस्ट के मुताबिक अल्वेलो ने कथित तौर पर घटनास्थल से भागने से पहले पीड़िता को 14 बार चाकू घोंपा। हमले के दौरान पीड़िता ने अपनी बेटी को बचाने की कोशिश की लेकिन हमलावरों ने उसकी पीठ पर भी वार किया। उसने मदद के लिए किसी को पुकारने की कोशिश की लेकिन अल्वेलो ने उसका फोन तोड़ दिया। हमले के बाद पीड़िता को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी हालत स्थिर है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जल्द ही आरोपी को ढूंढ निकाला और गिरफ्तार कर लिया गया है। उस पर हत्या के प्रयास, घर में घुसपैठ, मारपीट और अपहरण के आरोप में केस दर्ज किए गए हैं। हालांकि उसका साथी अभी भी फरार है। अल्वेलो को जमानत देने से मना कर दिया गया है और फिलहाल उसे ओसियोला काउंटी जेल में रखा गया है। इस मामले पर पिज्जा चेन के मालिक ने दुख जताते हुए माफी मांगी है। कंपनी ने लोगों को आश्वासन दिया है कि वे जांच जारी रहने तक अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग कर रहे हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा, ग्राहकों और टीम के सदस्यों की सुरक्षा और भलाई हमेशा हमारी प्राथमिकता रही है।

### इस्राइली अटॉर्नी जनरल ने पीएम नेतन्याहू की पत्नी के खिलाफ जांच के दिए आदेश, गवाह को धमकाने का आरोप



**येरूशलम, एजेंसी।** इस्राइली के अटॉर्नी जनरल ने पुलिस को प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की पत्नी सारा नेतन्याहू के खिलाफ जांच शुरू करने का आदेश दिया है। पीएम नेतन्याहू की पत्नी पर आरोप है कि उन्होंने राजनीतिक विरोधियों और नेतन्याहू के भ्रष्टाचार के मुकदमे में एक गवाह को परेशान किया। मामले में इस्राइली न्याय मंत्रालय ने गुरुवार देर रात एक संक्षिप्त संदेश में कहा कि यह जांच हाल ही में प्रकाशित उवदा रिपोर्ट के निष्कर्षों पर आधारित होगी। इस कार्यक्रम में व्हाट्सएप संदेशों का एक बड़ा संग्रह दिखाया गया, जिसमें सारा नेतन्याहू एक पूर्व सहयोगी को विरोध प्रदर्शनों को आयोजित करने और मुकदमे में एक गवाह हदास क्लेन को धमकाते हुए दिखाई दे रहीं हैं। बता दें कि मामले में मंत्रालय ने सारा नेतन्याहू का नाम सीधे नहीं लिया और आगे कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

### भ्रष्टाचार के आरोप में फंसे ताइवान के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार रहे वेन-जे, हो सकती है 28 साल की जेल

**ताइपे, एजेंसी।** ताइवान के पूर्व राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार और ताइवान पीपुल्स पार्टी के संस्थापक को वेन-जे को गुरुवार को भ्रष्टाचार के आरोप में दोषी ठहराया गया। उन पर द्वीप की राजधानी के मेयर रहने के दौरान रिश्वत लेने का आरोप लगाया जा रहा है। अभियोजकों के बयान के अनुसार, को, जिन्होंने ताइपे के पूर्व मेयर के रूप में भी काम किया था, ने अपने कार्यकाल के दौरान कथित तौर पर रियल एस्टेट विकास से संबंधित रिश्वत ली थी। को पर राजनीतिक चंदे को शर्मसार करने का भी आरोप है. यदि उसे सभी आरोपों में दोषी ठहराया जाता है, तो उसे 28.5 साल की संभावित जेल की सजा का सामना करना पड़ सकता है। इससे पहले, को ने रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के आरोपों से इनकार किया था। उनकी पार्टी ने कहा कि ये आरोप राजनीतिक उत्पीड़न का मामला हैं। ताइपे की 2014 मेयर की दौड़ जीतने के लिए राजनीतिक परिदृश्य में प्रवेश किया। उन्होंने 2014 से 2022 तक दो कार्यकाल दिए। मामले का मूल ताइपे में कोर पैसिफिक सिटी समूह के स्वामित्व वाला एक विकास है। अभियोजकों का कहना है कि को ने रिश्वत के बदले में कंपनी को शहर निर्माण नियमों से बचने की अनुमति दी। टीपीपी की केंद्रीय समिति के सदस्य लिन फू-नान ने कहा कि सत्ता के इस तरह के दुरुपयोग से सरकार एक राजनीतिक ठग बनकर रह गई है। हम राजनीति के काले हाथ वालों से आह्वान करते हैं कि वे न्यायपालिका तक न पहुंचें।

# अमेरिकी राज्य ओहायो में अब हिंदू छात्रों को मिलेगी दिवाली की छुट्टी, सीनेटर नीरज बोले- यह हिंदुओं की जीत

**कोलंबस, एजेंसी।** अमेरिका के ओहायो राज्य में अब हिंदू छात्रों को दिवाली की छुट्टी मिलेगी। इसके साथ ही वह अपने धार्मिक पर्व पर एक शिक्षा सत्र मे दो अन्य छुट्टियां भी ले सकेंगे। अमेरिकी राज्य के भारतीय अमेरिकी विधायक ने यह एलान किया। उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा लाए गए विधेयक को पहले ओहायो स्टेट हाउस और सीनेट ने पारित किया था। अब ओहायो के गवर्नर माइक डेविन ने इसे पारित कर दिया।

राज्य सीनेटर नीरज एंटनी ने कहा कि नए विधेयक के चलते ओहायो में प्रत्येक हिंदू छात्र 2025 में होने वाली दिवाली और उसके बाद दो दिन स्कूल की छुट्टी ले सकेगा। यह ओहायो में हिंदुओं की एक अविश्वसनीय जीत है। अमेरिकी इतिहास में ओहायो पहला ऐसा राज्य है जहां प्रत्येक छात्र को दिवाली की छुट्टी मिलेगी।

उन्होंने कहा कि हमारे कानून के तहत छात्रों को 2 अन्य धार्मिक छुट्टियां लेने की अनुमति मिलेगी। इसका मतलब है कि एक गुजराती हिंदू छात्र नवरात्रि या अन्नकूट के लिए एक दिन की छुट्टी ले सकता है। एक [illegible] भक्त प्रमुख स्वामी महाराज जयंती के लिए छुट्टी ले सकता है, एक स्वामीनारायण भक्त हरि जयंती के लिए छुट्टी ले सकता है, एक तेलुगु हिंदू छात्र उगादि की छुट्टी ले सकता है, एक तमिल हिंदू छात्र पोंगल की छुट्टी ले सकता है, एक बंगाली हिंदू छात्र दुर्गा पूजा की छुट्टी ले सकता है, एक पंजाबी हिंदू छात्र लोहड़ी की छुट्टी ले सकता है, एक इस्कॉन भक्त उन्होंने कहा कि कृष्ण



जन्माष्टमी की छुट्टी ले सकता है। ओहायो में अब किसी भी हिंदू बच्चे को त्योहार के चलते पढ़ाई की समस्या नहीं होगी।

उन्होंने बताया कि विधेयक के मुताबिक छुट्टी लेने के लिए माता-पिता को स्कूल के प्रिंसिपल को एक हस्ताक्षरित पत्र भेजेंगे। इसमें छात्र द्वारा ली जाने वाली धार्मिक छुट्टियों का जिक्र होगा। हस्ताक्षरित पत्र स्कूल वर्ष के पहले दिन से 14 दिनों के भीतर प्रिंसिपल को भेजा जाएगा। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन के प्रबंध निदेशक समीर कालरा ने कहा कि ओहायो देश के बाकी हिस्सों के लिए एक उदाहरण स्थापित कर रहा है कि कैसे स्कूल यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि सभी छात्र नकारात्मक शैक्षणिक परिणामों के डर के बिना अपने धर्म का पूरी तरह से पालन कर सकें। फाउंडेशन इस पहल की सराहना करता है।

उत्तरी अमेरिका के हिंदुओं के गठबंधन (ष्टश्व॥ह्व) के क्लीवलैंड चैप्टर के निदेशक राकेश रंजन ने कहा कि क्लीवलैंड में हाल ही में स्नातक करने वाले छात्रों के एक हिंदू अभिभावक के रूप में दिवाली के दौरान ऐसा होना आश्चर्यजनक है। अब मेरे बच्चे दिवाली को पूरी तरह से मना पाएंगे और अपनी पढ़ाई की चिंता नहीं करेंगे। हिंदू एक्टेशन के कार्यकारी निदेशक उत्सव चक्रवर्ती ने कहा कि इस विधेयक से 120,000 हिंदुओं को अपने परिवारों के साथ अपनी परंपराओं का जश्न मनाने, समावेश और सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देने का अधिकार मिला है।

### विमान के पहिये में मिला व्यक्ति का शव, पायलट व यात्रियों के उड़े होश

**लॉस एंजिल्स, एजेंसी।** अमेरिका के हवाई में एक हवाई अड्डे पर उतरने के बाद यूनाइटेड एयरलाइंस के विमान के पहिए में एक व्यक्ति का शव मिला. इस बारे में एयरलाइंस के अलावा स्थानीय समाचार पत्रों ने जानकारी दी गई. वहीं इस संबंध में कंपनी ने बुधवार को अपने एक बयान में कहा, मंगलवार को माउई के काहुलुई हवाई अड्डे पर पहुंचने पर यूनाइटेड एयरलाइंस के विमान के पहिये के पास एक व्यक्ति का शव मिला है. कंपनी ने यह भी कहा कि वह मामले की जांच में कानून प्रवर्तन अफसरों के साथ काम कर रही है.समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक कंपनी ने कहा कि यह अभी भी पता नहीं चल पाया है कि वह व्यक्ति पहिये तक किस तरह पहुंचा. उन्होंने कहा कि पहिये (व्हील वेल) तक सिर्फ प्लेन के बाहर से ही पहुंचा जा सकता था. इस संबंध में बताया जा रहा है कि शव शिकागो के ओहारे एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाले बोइंग 787-10 विमान में मिला है. साथ ही यह शव उस डिब्बे में था जिसमें विमान का लैंडिंग गियर रखा हुआ था, जब यूनाइटेड फ्लाइट 202 शिकागो ओहारे इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भर रही थी. दपुलिस विभाग मृत व्यक्ति के बारे में जांच पड़ताल कर रहा है।

### भारत, चीन के बीच समझौते को 'व्यापक और प्रभावी ढंग से' लागू किया जा रहा है : चीन सेना

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन के रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि चीन और भारत की सेनाएं पूर्वी लद्दाख में गतिरोध को समाप्त



करने के लिए हुए समझौते को ''व्यापक और प्रभावी रूप से'' लागू कर रही हैं और इसमें ''निरंतर प्रगति'' हुई है. चीन के रक्षा प्रवक्ता कर्नल झांग शियाओगांग ने यहां प्रेस वार्ता के दौरान 18 दिसंबर की विशेष प्रतिनिधि स्तर की वार्ता को लेकर एक सवाल का जवाब देते हुए यह टिप्पणी की. उन्होंने कहा, ''वर्तमान में, चीन और भारत की सेनाएं दोनों पक्षों के बीच सीमा संबंधी समझौतों को व्यापक और प्रभावी ढंग से लागू कर रही हैं और इसमें लगातार प्रगति हुई है.'' उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में, दोनों देशों के नेताओं द्वारा बनी आम सहमति के आधार पर, चीन और भारत ने कूटनीतिक और सैन्य तरीकों से सीमा की स्थिति पर निरंतर संपर्क बनाए रखा है और काफी प्रगति हासिल की है. भारत और चीन के बीच 21 अक्टूबर को हुए समझौते के बाद, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल और चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने यहां मुलाकात की और समझौते के कार्यान्वयन और संबंधों की बहाली पर व्यापक बातचीत की थी. विशेष प्रतिनिधि वार्ता तंत्र को पुनर्जीवित करने का निर्णय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच अक्टूबर में रूस के कजान में हुई बैठक में लिया गया था. कर्नल झांग ने कहा कि चीन-भारत संबंधों को सही रास्ते पर लाना दोनों देशों के लोगों के हितों को पूरा करने के लिए जरूरी है. उन्होंने कहा, ''चीनी सेना दोनों नेताओं के बीच बनी महत्वपूर्ण सहमति को ईमानदारी से लागू करने, अधिक आदान-प्रदान और संपर्क करने तथा चीन-भारत सैन्य संबंधों को बढ़ावा देने के लिए भारतीय पक्ष के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार है, ताकि सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थायी शांति और सौहार्द का माहौल कायम किया जा सके.'' पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सैन्य गतिरोध मई 2020 में शुरू हुआ था और उसके बाद उसी वर्ष जून में गलवान घाटी में घातक झड़प हुई।

### मनमोहन सिंह को भारत-अमेरिका को करीब लाने के लिए याद किया जाएगा, अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन

**वाशिंगटन डीसी, एजेंसी।** संयुक्त राज्य अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और उन्हें अमेरिका-भारत संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण व्यक्ति बताया. ब्लिंकन ने डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व की प्रशंसा की. उन्होंने कहा कि डॉ. सिंह ने भारत में आर्थिक सुधारों को आगे बढ़ाने, अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. अमेरिका-भारत असैन्य परमाणु सहयोग समझौते सहित संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत को करीब लाने के लिए उनके समर्पण को हमेशा याद रखा जाएगा.

एक बयान में, ब्लिंकन ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर संयुक्त राज्य अमेरिका भारत के लोगों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है. डॉ. सिंह अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी के सबसे बड़े समर्थकों में से एक थे. उन्होंने कहा कि उनके काम ने पिछले दो दशकों में हमारे देशों द्वारा मिलकर हासिल की गई अधिकांश उपलब्धियों की नींव रखी. अमेरिका-भारत असैन्य परमाणु सहयोग समझौते को आगे बढ़ाने में उनके नेतृत्व ने अमेरिका-भारत संबंधों की क्षमता में एक बड़े निवेश का संकेत दिया. घर पर, डॉ. सिंह को उनके आर्थिक सुधारों के लिए याद किया जाएगा।

# बांग्लादेश के सचिवालय में लगी भीषण आग, सरकारी दस्तावेज जलकर खाक

**ढाका , एजेंसी।** ढाका में बांग्लादेश सचिवालय की एक प्रमुख इमारत में बृहस्पतिवार को भीषण आग लग गई, जिससे सरकारी दस्तावेज नष्ट हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों को आशंका है कि सरकारी दस्तावेजों को नुकसान पहुंचाने की मंशा से ही घटना को अंजाम दिया गया और इस संबंध में एक उच्च स्तरीय जांच समिति गठित की गई है। बांग्लादेश सचिवालय की इमारत संख्या सात में आग लगी और करीब छह घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। अधिकारियों के अनुसार, नौ मंजिला इमारत में सात मंत्रालय मौजूद हैं। उच्च सुरक्षा वाले परिसर में बृहस्पतिवार सुबह आग लगी। हालांकि, आग की घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अग्निशमन सेवा के प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल जाहेद कमाल ने संवाददाताओं को बताया, ''कल (बुधवार) आधी रात के बाद इमारत में तीन स्थानों पर एक साथ आग लग गई। उन्होंने संकेत दिया कि आग संभवतः दुर्घटनावश नहीं लगी। अधिकारियों ने बताया कि आग के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे इमारत के अलावा अन्य मंत्रालयों को भी अपना सामान्य कामकाज रोकना पड़ा जबकि सुरक्षा एजेंसियों ने परिसर के अंदर प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया, जिससे कई कर्मचारी परिसर में प्रवेश नहीं कर पाए। उन्होंने बताया कि इमारत संख्या सात की छठी, सातवीं और आठवीं मंजिल पर स्थित अधिकांश कमरे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि स्थानीय प्रशासन, डाक एवं दूरसंचार मंत्रालयों के दस्तावेज और फर्नीचर जल गए। एक अधिकारी ने इमारत का दौरा करने के बाद बताया, ''आग बुझाने के लिए इस्तेमाल किए गए पानी से कई दस्तावेजों को भी नुकसान पहुंचा।



इमारत के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले कबूतर मरे हुए पाये गए और खिड़कियां टूटी हुईं थीं। अंतरिम सरकार के सलाहकार आसिफ महमूद सजीब भुइयां ने कहा, ''षड्यंत्रकारियों ने अपनी गतिविधियां बंद नहीं की हैं। उन्होंने कहा कि जिन दस्तावेजों को नुकसान पहुंचा है, उनमें अपदस्थ आवामी लीग शासन के दौरान हुए लाखों डॉलर के भ्रष्टाचार को उजागर करने वाले कागजात और सबूत शामिल हैं। भुइयां ने कहा, ''अगर कोई भी हमें (भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई में) विफल करने में संलिप्त पाया गया तो उसे (दंडात्मक कार्रवाई से) बचने का जरा सा भी मौका नहीं दिया जाएगा। इस बीच, अधिकारियों ने वरिष्ठ नौकरशाहों, अग्निशमन सेवा और पुलिस अधिकारियों वाली सात सदस्यीय समिति का गठन किया। अतिरिक्त सचिव (जिला और क्षेत्रीय प्रशासन) मोहम्मद खालिद रहीम की अध्यक्षता वाली समिति को सात कार्य दिवसों के भीतर अपनी रिपोर्ट दाखिल करने को कहा गया है।

# जंगल की आग को और भड़का रही है तेज हवाएं

**सिडनी , एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य में में लगी जंगल की आग को बुझाने में फायर फाइटर्स को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा रहा है। विक्टोरिया के आपातकालीन प्रबंधन आयुक्त रिक नुगेंट ने कहा कि गुरुवार को फायर फाइटर्स को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा, लेकिन वे आगे आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, विक्टोरिया राज्य में आग पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया था। दरअसल गर्मी और तेज हवाओं के कारण जंगलों में आग लगने का खतरा बढ़ गया था। नुगेंट ने पत्रकारों से कहा कि तेज उत्तरी हवाएं विक्टोरिया के दक्षिण में स्थित ग्रैम्पियंस नेशनल पार्क में लगी आग को और भड़का रही हैं। अधिकारी ने कहा, इसके बाद हवा की दिशा बदलकर दक्षिण-पश्चिम की ओर हो जाएगी, जिससे मौजूदा आग को बुझाने वाले अग्निशामकों के लिए समस्याएं और बढ़ जाएंगी। ग्रैम्पियंस नेशनल पार्क की आग ने पहले ही करीब 55,000 हेक्टेयर भूमि को जलाकर पर्यावरण, पशुधन और बाहरी इमारतों को काफी नुकसान पहुंचाया है। नुगेंट ने कहा, हमें अब तक आवासीय घरों के नुकसान की



कोई रिपोर्ट नहीं मिली है, लेकिन ग्रैम्पियंस में कई लोग रहते हैं, इसलिए अगर कोई घर नष्ट होता है, तो मुझे इसमें कोई हैरानी नहीं होगी। विक्टोरिया के राज्य नियंत्रण केंद्र के ल्यूक हेगर्टी ने कहा कि ग्रैम्पियंस में हालात जल्दी बदल रहे हैं। उन्होंने कहा, जैसा कि हमने अनुमान लगाया था, आज दोपहर में आग और भड़की। हवा की दिशा बदलने से आग के कुछ हिस्सों पर असर पड़ना शुरू हो गया है। हेगर्टी ने आगे कहा, आज सुबह और दोपहर को हमने उत्तर-पश्चिमी हवाओं के कारण आग को दक्षिण-पूर्व की ओर फैलते हुए देखा है। उन्होंने कहा कि दोपहर की हवाओं ने पेड़ गिरा दिए, जिससे उस क्षेत्र से बाहर जाने की कोशिश कर रहे लोगों परेशानी हो सकती है। इससे पहले शुक्रवार को, अधिकारियों ने बताया कि विक्टोरिया में संपत्ति को नुकसान पहुंचने की खबरें आई थीं, क्योंकि अत्यधिक गर्मी और तूफान की स्थिति ने खासतौर पर राज्य के पश्चिमी हिस्से में झाड़ियों में आग लगा दी थी। विक्टोरिया की प्रमुख जैकिंटा एलन ने राज्य नियंत्रण केंद्र में कहा, अब हमें दुख के साथ संपत्ति के नुकसान की खबरें मिल रही हैं, जो आग की सक्रिय स्थिति और इलाके की कठिनाई को देखते हुए आ रही हैं। गुरुवार को बेयिनडीन रॉकी रोड पर लगी झाड़ियों की आग बेकाबू हो गई।

# दक्षिण कोरिया में कार्यवाहक राष्ट्रपति के खिलाफ विपक्ष का बड़ा कदम, महाभियोग प्रस्ताव दायर

**सियोल, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया की मुख्य विपक्षी पार्टी ने दिसंबर में अपने अल्पकालिक मार्शल लॉ डिक्री से उत्पन्न महाभियोग के राष्ट्रपति यूं सुक येओल के खिलाफ विद्रोह के आरोपों की अदालत की समीक्षा से पहले संवैधानिक न्यायालय की तीन रिक्तियों को भरने में उनकी अनिच्छा पर देश के कार्यवाहक नेता पर महाभियोग चलाने के लिए गुरुवार को एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया। उदारवादी विपक्ष और यूं की रूढ़िवादी पार्टी के बीच बढ़ते विवाद के बीच अदालती नियुक्तियाँ रुकी हुई हैं, और प्रधान मंत्री हान डक-सू के संभावित महाभियोग से राजनीतिक पक्षाघात गहरा हो सकता है जिसने उच्च-स्तरीय कूटनीति को रोक दिया है और वित्तीय बाजारों को हिलाकर रख दिया है।

विपक्ष-नियंत्रित नेशनल असेंबली ने भी तीन संवैधानिक न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव पारित किया क्योंकि अदालत यून को बर्खास्त करने या बहाल करने पर विचार-विमर्श शुरू करने की तैयारी कर रही है। वोट तब आया जब हान ने एक टेलीविज़न बयान में दोहराया कि वह द्विदलीय सहमति के बिना न्यायाधीशों की नियुक्ति नहीं करेंगे। नेशनल असेंबली के अध्यक्ष वू वोन शिक ने हान से न्यायाधीशों की शीघ्र नियुक्ति करने का आग्रह करते हुए कहा कि द्विदलीय सहमति के लिए उनका आह्वान अनिवार्य रूप से इनकार के समान है और संवैधानिक न्यायालय के न्यायाधीशों को चुनने के नेशनल



असेंबली के अधिकार का उल्लंघन है।

यून की पीपुल्स पावर पार्टी, जिसके अधिकांश सदस्यों ने नेशनल असेंबली वोट का बहिष्कार किया, ने तर्क दिया कि हान को प्रस्तावित न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए राष्ट्रपति के अधिकार का प्रयोग नहीं करना चाहिए, जबकि यून को अभी तक औपचारिक रूप से पद से हटाया नहीं गया है। मुख्य विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी ने रूढ़िवादियों पर यून के राष्ट्रपति पद को बचाने के लिए अदालती प्रक्रिया को कमजोर करने का आरोप लगाया है, और हान पर महाभियोग चलाने का उसका प्रस्ताव शुक्रवार की शुरुआत में फ्लोर वोट पर जा सकता है। डेमोक्रेट्स के फ्लोर लीडर पार्क चान-डे ने कहा कि हान की टिप्पणियों से पता चलता है कि उनके पास कार्यवाहक नेता के रूप में सेवा करने की योग्यता और संविधान को बनाए रखने की इच्छाशक्ति दोनों का अभाव है।

# यमन एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाले थे डब्ल्यूएचओ चीफ, तभी बम बरसाने लगा इजरायल; बाल-बाल बचे

**साना , एजेंसी।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रमुख और संयुक्त राष्ट्र के अन्य कर्मचारी गुरुवार को यमन के सना स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फंस गए थे। इस दौरान इजरायल एयरस्ट्राइक कर रहा था। एक सोशल मीडिया पोस्ट में डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस ने खुद इसका खुलासा किया है। उन्होंने खुद इस बात का खुलासा किया। उन्होंने कहा कि वह और उनके कर्मचारी विमान में सवार होने ही वाले थे कि तभी हवाई अड्डे पर हवाई बमबारी होने लगी। उन्होंने लिखा, हमारे विमान के चालक दल के एक सदस्य घायल हो गए। हवाई अड्डे पर दो लोग मारे गए।

हमलों में पावर स्टेशनों और बंदरगाहों को भी निशाना बनाया गया। कम से कम तीन लोग मारे गए और दर्जनों लोग घायल हो गए। इजरायल द्वारा हमले की जिम्मेदारी लेने के बाद हूती विद्रोही समूह ने इन हमलों को क्रूर करार दिया। हलांकि इस घटना में मारे गए लोग नागरिक थे या हूती विद्रोही, इसका अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है। इजरायली रक्षा बलों ने एक बयान में कहा कि उनके विमान ने हूती आतंकवादी शासन के सैन्य ठिकानों पर खुफिया रिपोर्ट के आधार पर हमले किए हैं। इनमें साना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, हेजियाज और रास कनातिब पावर स्टेशनों और पश्चिमी तट के अल-हुदायदाह, सालीफ और रास कनातिब बंदरगाहों पर स्थित सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमलों के बाद कहा, हम ईरानी आतंकवादी धारा को तब तक खत्म करते रहेंगे जब तक हम काम पूरा नहीं कर लेते। वहीं, हूती के प्रमुख मोहम्मद अली अल-हूती ने इन



हमलों को क्रूर और आक्रामक बताया और कहा कि अमेरिकी और इजरायली अहंकार के साथ संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक गाजा संघर्ष समाप्त नहीं हो जाता। साना हवाई अड्डे पर हमले में घायल हुए कई लोगों ने अल-मसीरा चैनल को बताया कि रनवे पर तीन बार हमले किए गए। उसके बाद हवाई अड्डे के नियंत्रण टॉवर को भी निशाना बनाया गया। एक व्यक्ति ने कहा कि अस्पताल में 10 मरीजों का इलाज किया गया, जिनमें से एक की मौत हो गई। एक गंभीर स्थिति में था और बाकी को मामूली चोटें या हड्डी टूटने की समस्या थी। आपको बता दें कि हूती विद्रोही अक्टूबर 2023 में गाजा युद्ध की शुरुआत से ही इजरायल पर हमले कर रहे हैं। पिछले सप्ताह एक हूती मिसाइल हमले में इजरायल में दर्जनों लोग घायल हुए थे। इसके जवाब में इजरायल ने हूतियों पर हमले किए हैं। इस सप्ताह के शुरू में इजरायल के रक्षा मंत्री ने कहा था कि देश हूतियों के खिलाफ कड़ा प्रहार करने के लिए तैयार है। उन्होंने चेतावनी दी थी कि वे समूह के नेतृत्व का सिर कलम करेंगे।

### खैबर पख्तूनख्वा में पाकिस्तान तालिबान से भिड़ गई सेना, 13 आतंकी ढेर; 1 मेजर की भी मौत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** तालिबान से टेंशन के बीच पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार देश के भीतर विद्रोहियों और आतंक की फौज का सामना कर रही है। पाकिस्तानी सेना ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि अफगानिस्तान की सीमा से लगे अशांत खैबर पख्तूनख्वा जिले में तीन अलग-अलग गोलीबारी में उसने 13 आतंकवादी मार गिराया। पाकिस्तान का आतंकियों पर यह ऐक्शन तब हुआ है जब दो दिन पहले पाकिस्तानी सेना ने अफगानिस्तान में घुसकर एयर स्ट्राइक की थी। पाक ने कहा था कि उसका निशाना टीटीपी (तहरीक-ए-तालिबान) था, लेकिन तालिबान ने जानकारी दी कि हमले में 46 लोग मारे गए।

# जनवरी में मिल जाएगा बीजेपी को नया अध्यक्ष, संगठन में बदलाव की कवायद

## -संक्रांति तक कम से कम आधे राज्यों को मिल जाएंगे नए अध्यक्ष

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा बीते चार सालों से ज्यादा समय से बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर विराजमान हैं। उनका कार्यकाल बीते साल ही समाप्त हो गया था, लेकिन लोकसभा चुनाव के चलते इसे बढ़ा दिया गया था। अब चुनाव के नतीजे आए 6 महीने से ज्यादा वक्त हो चुका है, लेकिन अब तक बीजेपी अध्यक्ष नड्डा ही हैं।

इस बीच पार्टी में संगठन में बदलाव की कवायद तेज कर दी है। सूत्रों का कहना है कि मकर संक्रांति के बाद बीजेपी को नया अध्यक्ष मिल सकता है। इसे लेकर बैठकें शुरू हो चुकी हैं और जल्द ही किसी नाम पर मुहर लग सकती है। सूत्रों का कहना है कि भूपेंद्र यादव, अनुराग सिंह ठाकुर, शिवराज सिंह चौहान समेत कई ऐसे नेता हैं, जिन्हें अध्यक्ष बनाने का फैसला हो सकता है।

पार्टी 15 जनवरी तक जिला और राज्य के अध्यक्ष बना लेना चाहती है। संक्रांति तक कम से कम आधे राज्यों को नए अध्यक्ष मिल जाएंगे और फिर राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव कराया जाएगा। सूत्रों से खबर मिली है कि महीने के अंत तक पार्टी को नया अध्यक्ष तय हो जाएगा। रविवार को बीजेपी ने इस संबंध में मुख्यालय में बैठक की। इस बैठक में संगठन महामंत्री बीएल संतोष के अलावा जेपी नड्डा समेत कई अधिकारी मौजूद थे। इस बैठक में संगठन पर्व को लेकर भी चर्चा हुई। पार्टी का मानना है कि एक फुल प्रूफ व्यवस्था होनी चाहिए, जिससे पता चल सके कि कौन संगठन से जुड़ रहा है।

बता दें कि इस साल अक्टूबर में बीजेपी ने 10 करोड़ सदस्यों का आंकड़ा पार कर लिया था। रविवार को जेपी नड्डा और बीएल संतोष ने संगठन चुनाव का जायजा लिया। एक पदाधिकारी ने कहा कि हमने संगठन के सभी पहलुओं पर विचार किया। इस बैठक में यह भी तय हुआ है कि अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती को पूरे साला मनाया जाएगा। साल भर इस अवसर पर अलग-अलग कार्यक्रम होंगे। फिलहाल पार्टी का जोर इस बात पर है कि मकर संक्रांति तक जिला और राज्यों के अध्यक्ष तय कर लिए जाएं। उसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू की जाए।




## उधमपुर में बारिश से खिले किसानों के चेहरे, चार महीने से कर रहे थे इंतजार

उधमपुर। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में किसानों को बारिश के से राहत मिली है। किसान चार महीने के सूखे के कारण फसलों को लेकर अनिश्चित परिस्थितियों से जूझ रहे थे। पिछले चार महीनों से किसान सूखे खेतों और सूख रही फसलों से जूझ रहे हैं। हाल की बारिश ने उन्हें अपनी फसलों के लिए एक नई आशा से भर दिया है। उधमपुर के डेबरा गांव के किसान ने कहा कि अगर बारिश नहीं होती तो फसलें बर्बाद हो जातीं। बारिश के बिना सब्जी की फसलें सूख रही हैं, जिससे वे चिंतित थे। उन्होंने कहा कि हम पिछले चार महीनों से बारिश का इंतजार कर रहे थे। अगर बारिश नहीं होती तो हमारी फसलें बर्बाद हो जातीं। उन्होंने आगे कहा कि बारिश फसलों के लिए अच्छी है और उन्हें अच्छा मुनाफा होगा। किसानों ने कहा कि हमने ऐसी सब्जियां लगाई हैं जिनमें पूरी गोभी, बंद गोभी, मूली, शलजम, पालक, सरसों और आलू हैं। जिन फसलों को नुकसान हुआ है, उनमें से कई आलू कोहरे के कारण जल गए हैं। अन्य फसलों को भी काफी नुकसान हुआ है। किसानों ने कहा कि बारिश से किसान खुश हैं और अगर बारिश नहीं होती तो हमारे लिए मुश्किल होती। किसान भगवान का शुक्रिया अदा कर रहे हैं कि ये जो भी बारिश हुई है, ये हमारे और बाकी लोगों के लिए बहुत फायदेमंद है। तो यह जो फसल हम लगा रहे हैं वह पूरी तरह से हम पर निर्भर है। यह वर्षा चार माह से रुकी हुई थी और अब वर्षा हो रही थी।

## दिल्ली पुलिस ने अवैध रुप से रह रहे बांग्लादेशी मां-बेटे को किया गिरफ्तार

### -2020 में पश्चिम बंगाल की सीमा से भारत में किया था प्रवेश

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे दो बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान नईम खान और उसकी मां नजमा खान के रूप में हुई है। नईम बांग्लादेश के खुलना जिले के ग्राम सुंदर गुना का रहने वाला है। नईम ने 2020 में पश्चिम बंगाल की सीमा से भारत में प्रवेश किया था। मां-बेटा कटवारिया सराय में रहते हैं। पुलिस को 29 दिसंबर को गुप्त सूचना मिली कि एक संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक दिल्ली के पिप्पल चौक स्थित शास्त्री मार्केट में मौजूद है। सूचना पर पुलिस ने नईम को गिरफ्तार किया और वेरिफाई किया तो बांग्लादेशी होने का पता चला। नईम ने बताया कि उसके परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर थी, जिसके कारण वह स्कूल नहीं जा सका और भारत में अवैध रूप से प्रवेश किया है। मां नजमा भी 20 साल पहले बेनापोल सीमा से भारत आई थी और कटवारिया सराय में घरेलू काम करती थीं। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर बांग्लादेश डिपोर्ट कर दिया। पुलिस ने कहा कि वे अन्य अवैध प्रवासियों की पहचान के प्रयास कर रही है। यह कार्रवाई दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस द्वारा दिल्ली में अवैध प्रवासियों की पहचान और उनका निष्कासन करने के लिए उठाए गए कदमों का हिस्सा है। इससे पहले दिल्ली में पकड़े गए 12 अवैध रोहिंग्याओं को लेकर साउथ ईस्ट दिल्ली के डीसीपी ने बताया कि सभी को डिटेंशन कैंप भेजा जाएगा। अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्याओं को लेकर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इस साल 12 बांग्लादेशियों को पकड़ा है। भारत में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों पर दिल्ली पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है।

## महाकुंभ मे जारी होगी, घर वापसी की हिंदू संहिता

### -2025 में गैर हिंदुओं की घर वापसी का अभियान

लखनऊ । हिंदू संगठनों द्वारा महाकुंभ में एक नई हिन्दू आचार संहिता प्रस्तुत की जाएगी। 25 से 27 जनवरी के बीच महाकुंभ में उपस्थित साधु संत इस हिंदू आचार संहिता पर अपनी मुहर लगाएंगे। काशी विदत परिषद के नेतृत्व में देश के प्रमुख साधु संतों से विचार विमर्श कर 360 पेज की आचार संहिता को देश भर में लागू किया जाएगा। हिंदू आचार संहिता में हिंदू धर्म छोड़कर अन्य धर्म को अपनाने वालों की घर वापसी के नियमों को काफी सरल बनाया गया है। समाज में भेदभाव खत्म करने और जाति विहीन समाज का निर्माण करना इसका मुख्य आधार होगा। एक देश और एक चुनाव की तरह एक देश और सभी हिंदू जैसी परिभाषा को सामने रखकर घर वापसी का अभियान शुरू किया जाएगा। विद्त परिषद के महामंत्री तथा बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के धर्मशास्त्र विभाग के प्रोफेसर रामनारायण द्विवेदी ने इसे तैयार किया है। उन्होंने कहा कि यह समय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि परिषद ने देबल स्मृति और पराशर स्मृति को नई हिंदू आचार संहिता का आधार बनाया है। नई हिंदू आचार संहिता में जल और तुलसी को हिंदू धर्म आस्था का मुख्य आधार बनाया गया है। मन से हिंदू होने का संकल्प कराकर हिंदू धर्म में वापसी का अभियान चलाया जाएगा। परिषद का दावा है, उसने 5 साल के अध्ययन के पश्चात नई हिंदू आचार संहिता तैयार की है। इसमें श्रीमद् भागवत गीता, रामायण, महाभारत और पुराणों को भी आधार बनाया गया है। 2025 के महाकुंभ में सभी साधु संतों की सहमति से इसे अभियान के रूप में देशभर में लागू किया जाएगा। ताकि गैर हिंदुओं की हिंदू धर्म में वापसी हो। जाति विहीन हिंदू समाज की संरचना हो सके।

## गणतंत्र दिवस कैंप में शामिल होंगे 28 राज्यों के 2 हजार 361 एनसीसी कैडेट


नई दिल्ली। एनसीसी के गणतंत्र दिवस कैंप-2025 की सोमवार को राजधानी के करिअप्पा परेड ग्राउंड में सर्वधर्म पूजा के साथ हुई। एक महीने तक चलने वाले इस कैंप में देश के 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कुल 2 हजार 361 कैडेट भाग लेंगे। इनमें 917 लड़कियां हैं। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि अगले महीने 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय आयोजन को ध्यान में रखते हुए इस मासिक कैंप का आगाज किया है। इसमें भाग ले रही लड़कियों की संख्या सर्वाधिक है। कैंप की शुरुआत के अवसर पर राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह ने युवा कैडेटों का स्वागत किया और उन्हें इस सबसे प्रतिष्ठित शिविर में चयन के लिए बधाई दी। उन्होंने कैडेटों को राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ धर्म, भाषा, जाति से ऊपर उठकर चरित्रता, ईमानदारी, निस्वार्थ सेवा, भाईचारे और समूह कार्य के सर्वोच्च गुण प्रदर्शित करने की सलाह दी।

## यमन में भारतीय नर्स को मिली सजा-ए-मौत, सरकार कर रही हर संभव मदद

### -पार्टनर की हत्या के जुर्म में जेल में बंद है निमिषा, ब्लड मनी का है विकल्प

नई दिल्ली। केरल की रहने वाली निमिषा प्रिया को यमन में एक नागरिक की हत्या के लिए मौत की सजा सुनाई गई है। विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को घोषणा की कि वह केरल की नर्स निमिषा प्रिया को हर संभव मदद प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम समझते हैं कि प्रिया का परिवार प्रासंगिक विकल्पों पर विचार कर रहा है। सरकार इस मामले में हर संभव मदद कर रही है। यह बयान यमन के राष्ट्रपति रशद अल-अलीमी की ओर से निमिषा प्रिया की मौत की सजा को हाल ही में मंजूरी दिए जाने के बाद आया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एक महीने में निमिषा को फांसी हो सकती है, जिससे परिवार सदमे में है और उसे बचाने के लिए हर संभव कोशिश कर रहा है। निमिषा की माँ प्रेमा कुमारी, मौत की सज़ा माफ करवाने के लिए कोशिश कर रही है। इस साल की शुरुआत में वह यमन की राजधानी सना भी गई थीं। इस यात्रा का मकसद यमन में इंटरनेशनल एक्शन काउंसिल की मदद से मृतक के परिवार को ब्लड मनी के भुगतान पर बातचीत करना था। बल्ड मनी यमन में यह एक पारंपरिक प्रथा है जिसके कारण प्रिया की सजा कम की जा सकती है। केरल के पलक्कड़ जिले के कोलेंगोडे की नर्स निमिषा प्रिया 2008 में यमन चली गई थीं। उन्होंने कई अस्पतालों में काम किया और आखिरकार अपना खुद का क्लिनिक खोलने का फैसला किया था। 2017 में निमिषा प्रिया और उनके यमनी बिजनेस पार्टनर तलाल अब्दो महदी के बीच विवाद हो गया। निमिषा पर महदी की हत्या का आरोप है। तब से वह जेल में है। 2020 में सना शहर की एक ट्रायल कोर्ट ने उसे मौत की सजा सुनाई और यमन की सर्वोच्च न्यायिक परिषद ने नवंबर 2023 में फैसले को बरकरार रखा, हालांकि इसने ब्लड मनी का विकल्प खुला रखा।

## राहुल गांधी विपक्ष के नेता नहीं, बाउंसर की तरह कर रहे थे व्यवहार



* संसद में धक्का-मुक्की को लेकर बीजेपी सांसद सारंगी ने लगाए आरोप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीजेपी सांसद प्रतापचंद्र सारंगी ने एक बार फिर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की आलोचना करते हुए उनके व्यवहार को लोकसभा में विपक्षी नेता के पद के लिए उपयुक्त होने के बजाय बाउंसर बताया है। संसद में हाथापाई के बाद घायल सारंगी ने कहा कि वह अब तुलनात्मक रूप से बेहतर हैं और उन्हें 28 दिसंबर को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है।

बता दें 19 दिसंबर की संसद में हुई धक्का-मुक्की की घटना को याद करते हुए सारंगी ने कहा कि यह तब हुआ जब हम सभी बीजेपी सांसद एक प्रवेश द्वार के पास खड़े थे, शांतिपूर्वक तख्तियां लिए हुए अंबेडकर के अपमान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अचानक राहुल गांधी अपनी पार्टी के कुछ साथियों के साथ आए और लोगों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने लगे। वह लोकसभा में विपक्ष के नेता की तरह नहीं, बल्कि एक बाउंसर की तरह व्यवहार कर रहे थे।

सारंगी ने दावा किया कि गेट के पास गांधीजी के लिए बिना किसी व्यवधान के गुजरने के लिए पर्याप्त जगह थी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने सामने खड़े सांसद मुकेश राजपूत को धक्का दे दिया। राजपूत मेरे ऊपर गिर गए और मेरा सिर पत्थर जैसी वस्तु के कोने से टकराया, जिससे मैं घायल हो गया। उन्होंने कहा कि जब किसी ने उन्हें घटना की जानकारी दी तो राहुल गांधी मेरे पास आए लेकिन वह बिना कोई वास्तविक चिंता दिखाए तुरंत चले गए।

## किसानों की महापंचायत में राकेश टिकैत ने की सरकार से बात करने की अपील

### - टिकैत ने कहा, किसानों की मांगें नहीं मानी गई तो आंदोलन के लिए रहेंगे तत्पर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ग्रेटर नोएडा के जीरो प्वाइंट पर भारतीय किसान यूनियन ने एक महापंचायत बुलाई, जिसमें राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत भी शामिल हुए। पंचायत के दौरान टिकैत ने सरकार को चेतावनी दी कि यदि किसानों की मांगों को नहीं माना गया तो वे आंदोलन बढ़ाने के लिए तत्पर हैं। उन्होंने कहा ?कि हमें अपनी मांगों के लिए आंदोलन में जारी रहना होगा। टिकैत ने व्यक्त किया कि देश में उचित दाम बढ़ने के बावजूद किसानों की जमीन की कीमतों में क्यों वृद्धि नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार उसकी बात नहीं सुनेगी, तो आंदोलन को और व्यापक बनाना होगा। पंचायत के बाद, प्रशासन के एक प्रतिनिधिमंडल ने किसानों से बातचीत के लिए मुलाकात की। इसमें प्रशासन ने किसानों की समस्याओं पर किए गए प्रयासों के बारे में जानकारी दी और 7 जनवरी को किसानों के साथ एक बैठक का भी ऐलान किया। इस बैठक में सभी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। टिकैत ने कहा कि अधिकारियों को किसानों से संवाद करने की जरूरत है। उन्होंने कुछ मुद्दों पर विचार किया, जैसे भूमि अधिग्रहण, एमएसपी गारंटी कानून, और फसलों के दाम। उनका कहना था कि सरकार की सहयोग के बिना किसानों की समस्याएं हल नहीं हो सकतीं। इस प्रकार ग्रेटर नोएडा में किसानों के मुद्दों पर चर्चा और समझौता की दिशा में कदम बढ़ाने की मांग उठाई गई है। सरकार और किसानों के बीच भावनात्मक संवाद के माध्यम से समस्याओं का समाधान करने की आशा की जा रही है।

## डल्लेवाल का आज 36वें दिन भी जारी है अनशन, किसानो से चर्चा करेगा सुप्रीम कोर्ट का पैनल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आज सुप्रीम कोर्ट आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के स्वास्थ्य को लेकर सुनवाई करने वाला है। डल्लेवाल पिछले 35 दिनों से भूख हड़ताल कर रहे हैं। उन्होंने अस्पताल में इलाज करवाने से इनकार कर दिया है। पिछली सुनवाई में भी सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार का फटकार लगाते हुए कहा था कि उन्हें किसी तरह इलाज के लिए मनाया जाए।

वहीं सुप्रीम कोर्ट द्वारा बनाया गया पैनल भी 3 जनवरी को किसानों से बात करने वाला है। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के पूर्व जज नवाब सिंह की अध्यक्षता में पैनल बनाया था। पैनल ने किसानों को वर्चुअल मीटिंग के लिए न्योता भेज दिया है। पैनल में हरियाणा के पूर्व डीजीपी बीएस संधू, कृषि एक्सपर्ट देविंदर शर्मा, प्रोफेसर रंजीत सिंह घुम्मन और पंजाब कृषि विश्वविद्यालय लुधियाना के प्रोफेसर डॉ. सुखपाल सिंह शामिल हैं।

किसान प्रतिनिधियों ने कन्फर्म किया है कि उन्हें 3 जनवरी को बातचीत करने का न्योता मिला है। कमेटी बनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि किसानों से बात करके उनकी समस्याओं को सुना जाए और उनसे हाइवे के पास से ट्रैक्टर, ट्रॉली और टेंट हटाने का आग्रह किया जाए। बेंच ने कहा था, हमें लगता है कि किसानों को विश्वास में लेना सबसे ज्यादा जरूरी है। बिना देरी के शंभू बॉर्डर और हाइवे से किसानों को हटाने के लिए कमेटी जो भी सुझाव देगी उस पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। इससे आम जनता को भी बड़ी राहत मिलेगी। इसके अलावा किसानों को भी राजनीतिक दलों से दूरी बनाकर रखनी चाहिए।बता दें कि सोमवार को सुबह 7 बजे से शाम के 4 बजे तक पंजाब में कई जगहों पर बंद काअसर दिखाई दिया। वंदेभारत सहित 172 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया। वहीं 232 ट्रेनें प्रभावित हुईं। बड़ी संख्या में दुकानें और कारखाने भी बंद रहे। केकेएम और एसकेएम एनपी ने भी इस बंद का समर्थन किया। केकेयू के प्रेसिडेंट दर्शन पाल सिंह ने कहा. हमारे किसानों ने भी 12 जिलों में बंद का समर्थन किया। हम शंभू बॉर्डर और खनौरी बॉर्डर पर बैठे किसानों की मांगों का समर्थन करते हैं।

## बिहार में विपक्षी गठबंधन में तनातनी, तेजस्वी के लिए खड़ी हो रहीं चुनौतियां

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में विपक्षी गठबंधन में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। यहां जो खबरें आ रहीं है उसके आधार पर चर्चा होने लगी है कि यदि ऐसा ही चलता रहा तो आने वाले समय में तेजस्वी यादव की राह में कई तरह की चुनौतियां खड़ी हो जाएंगी।एनडीए में तो केवल बयानबाजी तक ही बात सीमित रही है, जबकि विपक्षी दलों के बीच विवाद बहुत गहरा गया है। विपक्षी गठबंधन की सबसे बड़ी चिंता आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के नेतृत्व को लेकर उत्पन्न हुई है। लालू यादव अपने बेटे तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं, और इसके लिए वे अपनी सारी ताकत झोंक रहे हैं। तेजस्वी भी अपना काम कड़ी मेहनत से कर रहे हैं, लेकिन उनके सामने सबसे बड़ी समस्या यह है कि आरजेडी के भीतर ही पार्टी के बड़े नेता उनके साथ नहीं हैं।



लालू यादव का कांग्रेस और वाम दलों के साथ गठबंधन काफी पुराना है, और वे कई बार पार्टी के हित में कांग्रेस के पक्ष में खड़े रहे हैं। हालांकि, पिछले साल पटना में हुई इंडिया ब्लॉक की बैठक में उन्होंने राहुल गांधी के नेतृत्व को चुनौती दी और ममता बनर्जी को इस गठबंधन का नेतृत्व सौंपने पर सहमति दे दी। यह स्थिति कांग्रेस के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि राहुल गांधी को पहले ही बिहार में तेजस्वी यादव द्वारा ड्राइवर की भूमिका निभाई गई थी, और अब कांग्रेस और लालू के बीच रिश्ते और भी खटास भरे हुए हैं। इस स्थिति में, राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन का स्वरूप भी प्रभावित हुआ है। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान ममता बनर्जी ने कांग्रेस को किनारे कर दिया था, और अब आम आदमी पार्टी और टीएमसी भी कांग्रेस के खिलाफ सख्त रुख अपना रही हैं।

फरवरी 2024 से लेकर अब तक कई प्रमुख नेताओं ने आरजेडी को छोड़ दिया है, जिनमें अफाक करीम, बुलो मंडल, देवेंद्र प्रसाद यादव, रामबली प्रसाद चंद्रवंशी और श्याम रजक जैसे नेता शामिल हैं। अब पूर्व एमएलसी आजाद गांधी ने भी पार्टी छोड़ दी है। इसके अलावा, आरजेडी के दो विधायक चेतन आनंद और नीलम देवी ने फरवरी में तेजस्वी यादव की योजना को झटका दिया था, जब उन्होंने नीतीश कुमार के पक्ष में वोट किया था। इस स्थिति को देखते हुए, तेजस्वी की ताकत लगातार कमजोर होती जा रही है।

## देश के सबसे अमीर सीएम चंद्रबाबू नायडू और सबसे गरीब हैं ममता बनर्जी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू 931 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति के साथ भारत के सबसे अमीर मुख्यमंत्री हैं, जबकि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सिर्फ 15 लाख रुपये की संपत्ति के साथ सबसे कम संपत्ति वाली मुख्यमंत्री हैं। देश के 31 मुख्यमंत्रियों की कुल संपत्ति 1,630 करोड़ रुपये है। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू 332 करोड़ रुपये से अधिक की कुल संपत्ति के साथ दूसरे सबसे अमीर मुख्यमंत्री हैं, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया 51 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति के साथ सूची में तीसरे स्थान पर हैं। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला 55 लाख रुपये की संपत्ति के साथ सूची में दूसरे सबसे गरीब मुख्यमंत्री हैं, जबकि केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन 1.18 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ तीसरे सबसे कम संपत्ति वाले मुख्यमंत्री हैं।



खांडू पर सबसे ज्यादा 180 करोड़ रुपये की देनदारी भी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सिद्धरमैया पर 23 करोड़ रुपये और नायडू पर 10 करोड़ रुपये से अधिक की देनदारियां हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) द्वारा सोमवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रति मुख्यमंत्री की औसत संपत्ति 52.59 करोड़ रुपये है। भारत की प्रति व्यक्ति शुद्ध राष्ट्रीय आय या एनएनआई 2023-2024 के लिए लगभग 1,85,854 रुपये थी, जबकि एक मुख्यमंत्री की औसत स्व-आय 13,64,310 रुपये है, जो भारत की औसत प्रति व्यक्ति आय का लगभग 7.3 गुना है।

# दूसरे के नाम पर सिम कार्ड खरीदने वालों पर सख्ती

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने किसी दूसरे के नाम पर सिम कार्ड खरीदने वालों पर सख्ती कर दी है। सरकार की ओर से ऐसे यूजर्स की एक लिस्ट तैयार की जा रही है, जिसे अपराध के दायरे में रखा जाएगा। इसके बाद अगर कोई दूसरे के दस्तावेज पर सिम कार्ड खरीदता है, तो उसके सिम कार्ड को 6 माह से लेकर 3 साल तक ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा। साथ ही ऐसा करने वाले यूजर्स दोबारा कभी सिम कार्ड नहीं खरीद पाएंगे। रिपोर्ट की मानें, तो दूसरे के दस्तावेज पर सिम कार्ड खरीदने वालों को साइबर सिक्योरिटी के लिए खतरा माना जाएगा। दूससंचार विभाग की ओर से फ्रॉड सिम कार्ड खरीदने वालों की लिस्ट बनाने की शुरुआत कर दी गई है।

साइबर सिक्योरिटी रूल्स के मुताबिक सरकार ने रिपोजिटरी ऑफ पर्सन बनाने का प्रस्ताव रखा है। सरकार की ओर से पहले व्यक्तियों को नोटिस जारी की जाएगी। इसके बाद व्यक्ति को मामले में 7 दिनों के अंदर जवाब देना होगा। सरकार की ओर से जनहित में बिना नोटिस के कार्रवाई करने का आदेश है। ऐसे में बिना पूर्व सूचना के आपके सिम कार्ड को ब्लैकलिस्ट किया जा सकता है। बता दें कि नए टेलिकॉम एक्ट में साइबर सिक्योरिटी रूल्स को नोटिफाई कर दिया गया है। इसी साल नवंबर में नए नियम को जोड़ा गया गया है। देश में डिजिटल अरेस्ट के मामले में तेज ग्रोथ दर्ज की गई है। गृह मंत्रालय की डिजिटल अरेस्ट के मामले में एक्शन के मूड में आ चुका है। मंत्रालय ने आम लोगों को फ्रॉड से बचाने की सलाह दी है।

साथ ही सरकार की ओर से मोबाइल कॉलर टोन की मदद से अलर्ट नोटिफिकेशन दिया जा रहा है, जिससे देश में लोगों को डिजिटल अरेस्ट जैसे मामले से बचाया जा सके। दरअसल देश में कई लोग आपको सीबीआई या किसी अन्य सरकारी अधिकारी बनकर कॉल करते हैं। इसके बाद आपको किसी में मामले में फंसने और फिर उससे बचाने के बदले में मोटी रकम ले लेते हैं। बता दें कि केंद्र सरकार फर्जी सिम कार्ड के मामले में एक्शन के मूड में आ चुकी है। सरकार की ओर से इस मामले में टेलिकॉम कंपनियों जैसे जियो, एयरटेल, वोडाफोन-आइडिया और बीएसएनएल के पेंच कसने की शुरुआत हो चुकी है।

